वर्ष : 06 अंक : 345

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

शुक्रवार, 21 जून 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net



## एक नजर

### राज्य सरकार ने चार डीएसपी का किया तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने चार डीएसपी का तबादला किया है। रांची में विशेष शाखा में पदस्थापित डीएसपी समीर कुमार सवैया को लोहरदगा जिले के किस्को का डीएसपी बनाया गया है। इसी प्रकार सीटीसी मुसाबनी में पदस्थापित डीएसपी अनिमेष गुप्ता को बोकारो का डीएसपी मुख्यालय, पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मुजीबुर रहमान को विशेष शाखा रांची का डीएसपी और पलामू आईआरबी-10 में पदस्थापित डीएसपी बेनेडिक्ट मरांडी को गिरिडीह आईआरबी- 9 का डीएसपी बनाया गया है। इस संबंध में बुधवार देर रात गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### केजरीवाल को बड़ी राहत, मिली जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत प्रदान करते हुए आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले जमानत प्रदान कर दी। इस मामले में गिरफ्तार केजरीवाल दूसरे राजनेता हैं जिन्हें जमानत मिली है। इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने सांसद संजय सिंह को जमानत प्रदान की थी। अवकाश न्यायाधीश नियाय बिंदु ने केजरीवाल और ईडी की दो दिनों तक सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। इससे पहले उन्होंने दिन में दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। उन्होंने कल ही स्पष्ट किया था कि वे बहस पूरी होने के बाद तुरंत ही फैसला देगी क्योंकि यह मामला हाई प्रोफाइल है। अदालत ने अपने आदेश में केजरीवाल की जमानत एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर स्वीकार की है।

### बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना आज आएंगी भारत

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत आएंगी। 18वीं लोकसभा के चुने जाने और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में सरकार बनने के बाद यह उनकी पहली राजकीय यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शेख हसीना द्विपक्षीय चर्चा करेंगी। इसके अलावा वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ भी मुलाकात करेंगी। शेख हसीना हाल ही में मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में अन्य विश्व नेताओं के साथ शामिल हुईं थीं।

**यूजीसी-नीट परीक्षा : शिक्षा मंत्रालय ने कहा- विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि, सीबीआई करेगी मामले की जांच**

## गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : सरकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नीट) परीक्षा में गड़बड़ी की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया है और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि दोबारा परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से आज यहां राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट के मुद्दे पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने कहा, 'हमने यूजीसी-नेट मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया है। हमारे लिए विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।'

श्री जायसवाल ने बताया कि यूजीसी नेट की परीक्षा में धांधली को लेकर कुछ जानकारियां मिली थीं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया और जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी को लेकर मंत्रालय कोई भी करवाई करने में संकोच नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि यूजीसी-नेट के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली थी। मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारियों से प्रथम दृष्टया यह संकेत मिले कि यूजीसी-नेट परीक्षा में धांधली हुई। इस दौरान उन्होंने बताया कि परीक्षा की नयी तिथि जल्द घोषित की जाएगी।

श्री जायसवाल ने कहा कि नीट में तीन मुद्दे हैं, जिसमें पहला मुद्दा कृपांक है। वहीं दूसरा बिहार और तीसरा गुजरात के दावे का हैं। बिहार की एजेंसी उस पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, 'एजेंसी इन सब मुद्दे की जांच कर सकती है, हम जांच उस पर छोड़ते हैं। मंत्रालय इस बात का ध्यान रखेगा कि किसी भी विद्यार्थी के हित से समझौता नहीं किया जाए। हमारे लिए विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है।'

**सुप्रीम कोर्ट ने नीट को लेकर उच्च न्यायालयों में चल रही सुनवाई पर लगाई रोक**

## काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर किया इनकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट को लेकर अलग-अलग हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने नीट की काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर इनकार किया। कोर्ट ने कहा कि अगर हम आगे चलकर परीक्षा रद्द करते हैं तो काउंसलिंग भी रद्द हो जाएगी।





आज नीट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आठ नई याचिकाएं लिस्ट थीं, जिनमें परीक्षा रद्द करने और पेपर लीक की जांच की मांग की गई है। कोर्ट ने सभी याचिकाओं में एनटीए को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने सभी याचिकाओं की सुनवाई 8 जुलाई को बाकी मामलों के साथ करने का आदेश दिया।

आज सुनवाई के दौरान एक लड़का अपने भाई के लिए सुप्रीम कोर्ट आया था। बिना किसी वकील की मदद के खुद ही अपनी बात रख रहा था। उसने कोर्ट से बोला, माई लॉर्ड, मेरे भाई ने नीट परीक्षा दी थी। मैं उसके लिए आया हूं। मैं चाहता हूं कि उसको और उसके जैसे लाखों लड़कों को न्याय मिले। उसकी याचिका पर भी कोर्ट ने एनटीए को नोटिस जारी किया।

**सीएम ने की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की उच्चस्तरीय बैठक**

## किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

● किसानों के एनपीए माफी को लेकर बैंकों से बातचीत करने के दिये निर्देश

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज कहा कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ अन्नदाताओं को मिले, इसे निश्चित तौर पर सुनिश्चित करें, क्योंकि किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपये तक का ऋण माफ करने की योजना है। इससे पहले किसानों के 50 हजार रुपये तक का लोन माफ किया गया था। ऐसे में जिन किसानों का कृषि ऋण बकाया है, उनके एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करें, ताकि सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। इसके साथ मृतक लाभुकों का सही तरीके से सत्यापन करने के बाद ऋण माफी की राशि का भुगतान किया जाए।



### योजनाओं के क्रियान्वयन में टाइम लाइन का रखें ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में टाइम फैक्टर काफी मायने रखता है। ऐसे में किसानों के बीच समय पर खाद - बीज का वितरण करने के साथ अन्य कृषि से जुड़ी सामग्रियां उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे इसका पूरा सदुपयोग कर सकें।

### राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जल स्तर का आकलन कर बोरिंग हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अलग-अलग क्षेत्र में जल स्तर में काफी भिन्नताएं हैं। किसी इलाके में ग्राउंड वाटर लेवल काफी नीचे है तो कहीं यह थोड़ा ऊपर है। ऐसे में किसी भी क्षेत्र में बोरिंग वहां के भूमिगत जल स्तर को देखते हुए किया जाना चाहिए, ताकि यह असफल साबित नहीं हो। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश कृषि समृद्धि योजना की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को दिया। इस योजना के तहत किसानों के बीच पंप सेट वितरित किया जाना है।

### खाद-बीज की उपलब्धता से जुड़ी जानकारी डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लैम्प्स-पैक्स के माध्यम से किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में सभी लैम्प्स-पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी डिस्प्ले होनी चाहिए, ताकि किसानों को सुलभता से इसकी जानकारी मिल सके।

### किसानों और कृषक संगठन तथा समूह से संवाद करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कृषि से जुड़ी योजनाएं तभी सफल होंगी, जब किसानों को उसका पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं को लेकर किसानों, कृषक समूहों और कृषक संगठनों से संवाद करें। उनसे उनकी समस्याओं की जानकारी लें। अगर सरकार की किसी योजना में कोई त्रुटि है तो उसे जानने का प्रयास करें, ताकि समय पर उन त्रुटियों को दूर कर किसानों तक उसका लाभ पहुंचाया जा सके।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए तालमेल बनाकर कार्य करें

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे में ये योजना इस तरह से क्रियान्वित हो कि किसानों को सुलभता के साथ पशु धन मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि पशु के साथ शेड और अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए कृषि विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निदेशालय समन्वय बनाकर कम करें। मुख्यमंत्री ने बकरी पालन पर भी विशेष जोर दिया। इसके लिए उन्होंने जिला स्तर पर बकरी फार्म बनाने का निर्देश दिया, जहां इसकी ब्रीडिंग की भी व्यवस्था हो।

**बैठक में इन अधिकारियों की रही उपस्थिति**

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, निबंधक, सहयोग समितियां सूरज कुमार, निदेशक कृषि कुमार ताराचंद, निदेशक पशुपालन किरण पासी, निदेशक, उद्यान फैज अक अहमद, निदेशक गव्य शाहनवाज अख्तर, निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी, निदेशक भूमि संरक्षण अजय कुमार सिंह, निदेशक, समेति विकास कुमार, जेएसएलपीएस के सीईओ संदीप सिंह और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे।

**झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका**

## राज्य में जेपीएससी की परीक्षा का रास्ता साफ

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को 11वीं जेपीएससी परीक्षा पीटी के मॉडल आंसर को चुनौती देने वाली याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद जेपीएससी की दलील को सही मानते हुए याचिका खारिज कर दी। 22 जून से 11वीं जेपीएससी की परीक्षा शुरू हो रही है। ऐसे में अब इस परीक्षा का रास्ता साफ हो गया। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में हुई।

इस मामले में प्रियंका अनुज, जया कुमारी, सिद्धार्थ सौरभ सहित पांच छात्रों ने याचिका दाखिल की थी।जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने कोर्ट को बताया कि पीटी परीक्षा के बाद जेपीएससी ने



11वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का मॉडल आंसर प्रकाशित किया था, जिसके बाद जेपीएससी ने मॉडल आंसर को लेकर अभ्यार्थियों से आपत्ति भी मांगी थी। आपत्ति मिलने के बाद जेपीएससी ने सुधार कर संशोधित मॉडल आंसर निकाला था।

इस संशोधित मॉडल आंसर में एक और बार सुधार किया गया था। परीक्षा में असफल याचिकाकर्ता संशोधित मॉडल आंसर पर बेबुनियाद बात उठा रहे हैं, इसलिए उनकी याचिका खारिज की गई।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब का कहर, 35 लोगों की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब ने कहर बरपाया है। अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। फिलहाल 15 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। जहरीली शराब त्रासदी की गाज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पर गिरी है। तमिलनाडु सरकार ने जिलाधिकारी श्रवण कुमार जातावथ का तबादला और पुलिस अधीक्षक समय सिंह मीणा को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। स्टालिन ने एक्स पर पोस्ट जारी कर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा है, कल्लाकुरिची में मिलावटी शराब पीने से लोगों की मौत की खबर सुनकर मैं स्तब्ध और दुखी हूं।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस घटना की सीबी-सीआईडी जांच का आदेश दिया है। कल्लाकुरिची के जिलाधिकारी श्रवण कुमार जातावथ और पुलिस अधीक्षक समय सिंह मीणा पर हुई कार्रवाई के बाद नौ अन्य पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया गया है। इनमें कल्लाकुरिची जिले की मद्यनिषेध शाखा के भी पुलिसकर्मी शामिल हैं। एमएस प्रशांत और रजत चतुर्वेदी को क्रमशः कल्लाकुरिची का नया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

**खगोलीय घटना** **आज होगा इस वर्ष का सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात**

## सबसे छोटी रात में स्ट्राबेरी मून बिखेरेगा चांदनी

एजेंसी

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए शुक्रवार, 21 जून का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन पृथ्वी के 16 देशों, भारत के आठ राज्यों सहित मध्य प्रदेश के 14 जिलों से होकर उत्तरी गोलार्द्ध में खींची गई काल्पनिक कर्क रेखा पर साल की खास खगोलीय घटना दिखेगी। इस दिन सूर्य कर्क रेखा पर पहुंचा दिखकर अपनी उत्तरायण यात्रा पूरी करेगा। इसके बाद यह अपनी वापसी की दक्षिणायन यात्रा आरंभ करेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सूर्य का कर्क रेखा से योग होगा। यह साल 2024 का सबसे लम्बा दिन होगा जबकि रात सबसे छोटी होगी,

- योग दिवस पर सूर्य का कर्क रेखा से योग
- मप्र के 14 जिलों में कर्क रेखा पर रहेगा शून्य छाया दिवस
- 21 जून समर सोलिस्टस और स्ट्राबेरी मून की खगोलीय घटना एक साथ



### कर्क रेखा पर स्थित भारत के राज्य

- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश ,छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम।

### कर्क रेखा पर स्थित मध्य प्रदेश के जिले

- रतलाम, उज्जैन, आगरमालवा, सीहोर, भोपाल, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सागर, दमोह, कटनी, जबलपुर, उमरिया और शहडोल

जिसमें स्ट्राबेरी मून अपनी चांदनी बिखेरेगा।

राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की इस खगोलीय घटना के कारण उत्तरी गोलार्द्ध के नगरों में दिन सबसे लंबा और रात सबसे छोटी अवधि की होगी। इस घटना को समर सोलेस्टिस कहते हैं। इस दौरान कर्क रेखा पर स्थित नगरों में सूर्य के लंबवत होने के कारण किसी भी वस्तु की छाया दोपहर में उसके आधार के नीचे बनेगी, जिससे लगेगा कि छाया गायब हो गई। कर्क रेखा के नगरों के लिए शुक्रवार को शून्य छाया दिवस होगा। खगोलीय उत्तरायण के अंतिम पड़ाव पर पहुंचने की इस घटना को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

सारिका ने बताया कि शुक्रवार की रात की शुरुआत भी बेहद खास होगी। पश्चिम में सूर्य के ढलते ही पूर्वी आकाश में पूनम का चंद्रमा उदित होगा। इसे स्ट्राबेरी मून नाम दिया गया है, जो कि पश्चिमी देशों में इस समय पकने वाली जंगली स्ट्राबेरी के कारण रखा गया है। लगभग हर 20 साल में स्ट्राबेरी मून और समर सोलिस्टस की घटना एक साथ होती है। इस साल यह संयोग बना है।

**नीतीश सरकार को पटना हाईकोर्ट से बड़ा झटका**

## सरकारी नौकरियों व शिक्षण संस्थानों में 65 फीसदी आरक्षण का फैसला रद्द

एजेंसी

**पटना।** हाईकोर्ट ने बिहार सरकार को बड़ा झटका देते हुए एसटी, एससी, ईबीसी और ओबीसी को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में 65 फीसदी आरक्षण देने के कानून को रद्द कर दिया है। चीफ जस्टिस के.वी. चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गौरव कुमार और अन्य की याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ताओं ने 9 नवंबर, 2023 को पारित इस कानून को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने 11 मार्च, 2024 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले हुई सुनवाई में,



महाधिवक्ता पी.के. शाही ने राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए कहा था कि आरक्षण का यह फैसला इन वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने के कारण लिया गया था।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता दीनू कुमार ने दलील दी थी कि सामान्य वर्ग में ईडब्ल्यूएस के लिए 10 फीसदी आरक्षण रद्द करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 15(6)(बी) का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि आरक्षण का यह फैसला जातिगत सर्वेक्षण के बाद जातियों के अनुपातिक आधार पर लिया गया था, न कि सरकारी नौकरियों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व के आधार पर।

अधिवक्ता दीनू कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा स्वाहनी मामले में आरक्षण की सीमा पर 50 प्रतिशत का प्रतिबंध लगाया था। अधिवक्ता ने आगे कहा कि जातिगत सर्वेक्षण का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, जिसमें 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण किये जाने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी गई है।

# राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को समाहरणालय में राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी से विशेष रूप से कहा कि भूमि का सीमांकन, दाखिल खारिज, रैय्यती जमीन पर लगान लगा कर सरकारी खजाने में लगान जमा कराना, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण ना हो इसके लिए इसे सहेज कर रखना, जितने भी भू-हस्तान्तरण के मामले भारत सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं में देना है, उसका भू-हस्तान्तरण कराना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने लंबित दाखिल -खारिज (लंबित 30 दिन बिना आपत्ति एवं लंबित 90 दिन आपत्ति) एवं भूमि सीमांकन के मामलों की सघन समीक्षा की । कार्य निष्पादन पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बंधित अंचल अधिकारियों को जल्द से जल्द लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन के मामले का निष्पादन ससमय करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन मामलों का निष्पादन ससमय नहीं होने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी जमीन का अधिग्रहण एवं स्थानांतरण राज्य सरकार के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए अंचलों में जो महत्वपूर्ण योजनाएं बड़े पैमाने में चल रही हैं , उसे पूरा कराने की दिशा में कार्य सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अंचल अधिकारियों से अंचल में लंबित प्रमाण पत्र (जाति/ आय/ आवसीय) के बारे में जानकारी लेते हुए इसे ससमय बना कर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र समय पर आवेदक को मिल जाए, यह सुनिश्चित किया जाये। उपायुक्त ने भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के विभिन्न एजेंसियों के भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिये।



### उपायुक्त ने नौ अंचल अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

रांची। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को नौ अंचल अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा गया कि नामांतरण वादों में आपत्तिरहित 30 दिनों से अधिक लंबित मामलों की संख्या एवं आपत्तिसहित 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों की संख्या बहुत ही अधिक है तथा सीमांकन वादों में स्वीकृत मामलों की कुल संख्या से अस्वीकृत मामलों की संख्या अधिक है। इस संदर्भ में उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने राजस्व संबंधी मामलों दाखिल-खारिज, उत्तराधिकारी दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन विभिन्न प्रमाण पत्र, अधिग्रहीत भूमि का दाखिल-खारिज, परिशोधन पोर्टल एवं सीपी ग्राम, पीजी पोर्टल की समीक्षा के क्रम में वादों के लंबित मामले अत्यधिक होने के कारण खेद प्रकट किया है। नामांतरण एवं सीमांकन से सम्बंधित मामलों की समीक्षा में निम्न अंचल में लंबित वादों की संख्या अधिक पाए गए तथा लंबित मामलों की समीक्षोपरांत स्पष्टीकरण की मांग की गई।

### इन अंचल अधिकारियों से मांगी गई है स्पष्टीकरण

अंचल अधिकारी रातू, रांची।
अंचल अधिकारी मांडर, रांची।
अंचल अधिकारी नामकुम, रांची।
अंचल अधिकारी कांके, रांची।
अंचल अधिकारी हेहल, रांची।
अंचल अधिकारी शहर, रांची।
अंचल अधिकारी बड़गाई, रांची।
अंचल अधिकारी ओरमांझी, रांची।
अंचल अधिकारी अरगोड़ा, रांची।

## एक नजर

### जातिगत जनगणना जरूरी: प्रदीप यादव

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के उप नेता प्रदीप यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना हर वर्ग के विकास के लिए दरवाजे खोलेगा। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन सरकार के जरिये कैबिनेट की ओर से जातिगत जनगणना के लिए प्रस्ताव को मंजूरी मिलना। सूबे के उन सभी वर्गों के विकास के लिए दरवाजे खोलेगा। जिन्हें अबतक उनके भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी नहीं मिली है। यादव गुरुवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने प्रस्ताव पारित होने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन कैबिनेट के सदस्यों सहित कांग्रेस एवं गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भी धन्यवाद दिया कि राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया और आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। हमारे प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर लगातार इसे लेकर सरकार से बात कर रहे थे। यादव ने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि यह निर्णय राज्य के दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों ,वंचितों, अल्पसंख्यक और मूलवासियों को राज्य के विकास में भागीदार बनाएगा। उन्होंने कहा कि विगत 20 वर्षों से भाजपा ने एक साजिश के तहत जिस तरह एक बड़े हिस्से को अपना अधिकार से वंचित रखा था। यह उन्हें उनका अधिकार दिलाएगा। कांग्रेस और राहुल गांधी चाहते थे कि पूरे देश में जातिगत जनगणना हो इसके लिए लंबा संघर्ष आज भी किया जा रहा है, झारखंड सरकार का यह निर्णय इस संघर्ष को भी प्रभावित करेगा और देश में संदेश देगा कि कांग्रेस की सरकार और गठबंधन की सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह गंभीर है।

### कांग्रेस चुनाव समीक्षा समिति की बैठक स्थगित

**रांची।** 21,23 एवं 24 जून को होने वाली चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक स्थगित कर दी गई है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि देश में हुए नीट पेपर लीक के मामले में राज्यव्यापी प्रदर्शन का आयोजन 21 जून को किया गया है उसे देखते हुए समीक्षा बैठक स्थगित की गई है तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में झारखंड के लिए बैठक आयोजित की गई है जिसमें झारखंड से वरीय नेता भाग लेंगे। इसी वजह से 23 एवं 24 जून को विभिन्न लोकसभा के लिए होने वाली समीक्षा समिति की बैठक स्थगित की गई है। श्री शांति ने बताया कि समिति अब 29 जून को रांची लोकसभा 30 जून को चतरा लोकसभा के लिए चतरा एवं लातेहार में 1 जुलाई को लोहरदगा एवं 2 जुलाई को खूंटी तथा 3 जुलाई को धनबाद लोकसभा में समीक्षा बैठक करेगी।

### जाति आधारित जनगणना कराने के सरकार के फैसले का ओबीसी एकता अधिकार मंच ने किया स्वागत

**रांची।** चंपाई सोरेन सरकार झारखंड में जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला किया है जो स्वागत योग्य है। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश इसका स्वागत करती है और यह पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच का लगातार संघर्ष और आंदोलन का प्रतिफल है। चंपई सरकार से पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच यह मांग करती है कि जल्द से जल्द जाति आधारित जनगणना कराकर ओबीसी को आरक्षण बढ़ाते हुए ट्रिपल टेस्ट कराकर निकाय चुनाव कराया जाए ताकि ओबीसी समाज को राजनैतिक भागीदारी मिल सके। विधानसभा चुनाव के घोषणा से पूर्व पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच यह मांग करती है कि जाति आधारित जनगणना कराकर ओबीसी समाज को आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पारित कराया जाए जिससे कि ओबीसी समाज का राजनैतिक,शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक भागीदारी जनसंख्या के अनुपात में मिल सके, साथ ही शिक्षण संस्थानों में सरकारी नौकरियां में उच्च शिक्षण प्रस्थानों में ओबीसी को आरक्षण जनसंख्या के अनुपात में देने का प्रस्ताव पारित कराया जाए, साथ ही ओबीसी समाज के छात्र-छात्राओं के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक निःशुल्क ओबीसी छात्रावास का निर्माण कराया जाए।

### झारखंड पुलिस जवानों के भी बनेंगे स्मार्टकार्ड

**रांची।** झारखंड पुलिस के जवानों के लिए खुशखबरी है। झारखंड पुलिस भी अपने जवानों के लिए स्मार्ट कार्ड बनाने जा रही है। भारतीय सेना की कैंटीन की तरह झारखंड पुलिस के जवानों को भी कैंटीन में कम दामों पर सामान मिलेंगे। राज्य के 40 हजार पुलिसकर्मियों को स्मार्ट कार्ड से फायदा होगा। अब झारखंड पुलिस के जवान पुलिस कैंटीन में स्मार्ट कार्ड के जरिये भी खरीददारी कर पायेंगे। स्मार्ट कार्ड पर खरीदारी सिर्फ पुलिस वाला और फिर उसका परिवारिक सदस्य ही कर सकता है। नई स्कीम के तहत कार्ड जारी होने के बाद जीएसटी में 50 प्रतिशत तक की भी छूट मिलेगी। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में आईजी मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को पत्र भेजा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि राज्य के सभी पुलिसकर्मियों को केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार की कैंटीन का कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है।

### स्मिता भगत एमएसएमई मीट में हुई सम्मानित

**रांची।** एचडीएफसी बैंक ग्रुप हेड रिटेल ब्रांच बैंकिंग स्मिता भगत ने अपनी रांची यात्रा के दौरान शीर्ष प्रसिद्ध एमएसएमई सदस्यों और विभिन्न स्टार्टअप व्यवसायियों से मुलाकात की। यह बैठक एफजेसीसीआई झारखंड की और से आयोजित की गई थी। व्यापारिक समुदाय के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि एचडीएफसी बैंक ने इस वित्त वर्ष में अपनी शाखाओं को 93 से बढ़ाकर 100 करने की योजना बनाई है और विशेष ध्यान ग्रामीण बाजार और किसानों, व्यापारिक समुदाय और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से स्टार्टअप के लिए विभिन्न उत्पादों और सेवाओं पर होगा।

# मादक पदार्थों पर रोक के लिए जानकारी एवं जन सहभागिता पर दिया गया जोर

वरीय संवाददाता

**रांची।** मादक पदार्थों पर रोक को लेकर गुरुवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली सह नोडल पदाधिकारी नशा विमुक्ति अभियान प्रकाश सोय, सिविल सर्जन प्रभात कुमार, एसपी एनसीबी सारिक उमर, न्यूरो फिजिशियन, रिनपास सजल अशीष नाग, नेहरु युवा केन्द्र के प्रतिनिधि डाक्टर कमल कुमार बोस, डॉ. सत्येन्द्र प्रताप, विभिन्न थानों के प्रभारी, गैर सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधि, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यशाला में मादक पदार्थों पर रोक के लिए आवश्यक जानकारी एवं जन सहभागिता पर बल दिया गया।

### विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों की दी गयी जानकारी

कार्यशाला के दौरान एसपी एनसीबी सारिक उमर द्वारा विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों और उनके प्रभाव के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी। उपस्थित लोगों विशेषकर छात्रों को मादक पदार्थों की पहचान, सेवन से होने वाले प्रभाव और बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। नशे के सेवन से किस तरह युवा पीढ़ी और समाज प्रभावित हो रहे हैं इससे संबंधित एनसीबी का वीडियो भी सभी को दिखाया गया।



### एक युद्ध नशे के विरुद्ध, हेल्पलाइन 9153886238 पर दें जानकारी

वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में आम जनता का सहयोग बेहद जरुरी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए रांची पुलिस ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिस पर व्हाट्सऐप के माध्यम से रांची में चल रहे नशे के कारोबार, मादक पदार्थों की बिक्री एवं इसमें संलिप्त व्यक्ति की जानकारी दी जा सकती है। कार्यशाला के दौरान सभी को ये वीडियो दिखाया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित लोगों को हेल्पलाइन नंबर 9153886238 नोट कराया गया एवं सभी से दूसरे लोगों से साझा करने की अपील की गयी। कार्यशाला में न्यूरो फिजिशियन, रिनपास सजल अशीष नाग द्वारा मादक पदार्थों के आदि हो चुके व्यक्ति के उपचार के संबंधित आवश्यक जानकारी दी। साथ ही सभी लोगों को मादक पदार्थों पर रोक के लिए जन जागरण हेतु शपथ भी दिलाई गई।

### बच्चों से मेल-मिलाप बढायें : एसएसपी

कार्यशाला में संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा के खिलाफ जनजागरण की आवश्यकता है। माता-पिता, अभिभावक बच्चों के क्रियाकलापों पर नजर रखें, उनसे बातचीत करें, साथ में लंच या डिनर करें। बच्चों की आंखों, चलने और बोलने के तरीके से पहचानें, कहीं वो नशा तो नहीं कर रहा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि सिगरेट क्या है, तंबाकू की डंडी, जिसके एक सिरे में धुआं है और दूसरे सिरे पर एक मूर्ख। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला में कोई भी मादक पदार्थ आसानी से न बेच पायें, इसके लिए पुलिए को सतर्क रहने की आवशकता है। उन्होंने अभियान से जुड़े सभी पुलिस पदाधिकारियों से नशे को कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निदेश दिये।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सैकड़ों बच्चों ने किया योगाभ्यास



संवाददाता

**रांची।** भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं रिलेशंस की ओर से गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व संध्या पर बरियातू रोड स्थित डांस वांस में सैंकड़ो बच्चों ने एक साथ योगाभ्यास किया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डांस वांस नृत्य संस्थान के निदेशक शिवम् मनोहरण और भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। योग प्रशिक्षक सन्नी और प्राची ने सभी बच्चों को योग सिखाया। इस दौरान बच्चों को प्राणायाम, आसन एवं सूर्य नमस्कार का योगाभ्यास कराया। मुख्य अतिथि शिवम् मनोहरण और आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल से 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। व्यस्थ जीवन शैली मन और शरीर के लिए योग जरूरी है । स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है। हम सबको हमेशा योग के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। तभी हम और हमारा भारत रोग मुक्त भारत की दिशा में अग्रसर रहेगा।

### हॉकी चैंपियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

रांची। असम के गुवाहाटी में 24 जुलाई से 31 जुलाई तक हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जॉन महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप आयोजित किया गया है। इसके लिए हॉकी झारखंड टीम गठन के लिए गुरुवार को पुरुष खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया गया। ट्रायल का आयोजन मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित हुई। पुरुष वर्ग का चयन ट्रायल में सिमडेगा, खूंटी, गुमला, लातेहार, रांची, हजारीबाग सहित झारखंड के अन्य जिला से कुल 135 हॉकी खिलाड़ी ट्रायल में शामिल हुए।

# गर्मी के सितम के बीच मानसून भी अटका जून में औसत से 20 फीसदी कम हुई बारिश

संवाददाता

**रांची।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि 12 से 18 जून के बीच मानसून में कोई प्रगति नहीं हुई है, जिसके चलते जून के महीने में भारत में सामान्य से 20 फीसदी कम बारिश हुई है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी, बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में मानसून पहुंच सकता है।

### सामान्य से कम बरसे जून में बादल



मौसम विभाग के अनुसार, भारत में 1 से 18 जून के बीच 64.5 मिमी बारिश हुई, जो 80.6 मिमी के औसत से 20 प्रतिशत कम है। 1 जून से अब तक उत्तर-पश्चिम भारत में 10.2 मिमी बारिश (सामान्य से 70 प्रतिशत कम), मध्य भारत में 50.5 मिमी (सामान्य से 31 प्रतिशत कम), दक्षिण प्रायद्वीप में 106.6 मिमी (सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक) और पूर्व तथा पूर्वोत्तर भारत में 146.7 मिमी (सामान्य से 15 प्रतिशत कम) दर्ज की गई है।

### हाई कोर्ट में उपस्थित हुए पेयजल सचिव और नगर आयुक्त को लगी फटकार

रांची। रांची के जलश्रोतों के संरक्षण और रांची के तीन डैमों की साफ-सफाई और अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। पेयजल विभाग के सचिव और रांची नगर निगम के नगर आयुक्त कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। इस संबंध में झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। अदालत ने पेश अधिकारियों से पूछा कि शहर में पीने के पानी में गंदगी पर हाई कोर्ट से पहले विभाग का ध्यान क्यों नहीं जाता? कोर्ट के संज्ञान के बाद ही विभाग क्यों जागा ? इसके साथ ही अदालत ने दोनों अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अगली सुनवाई के दौरान दोबारा कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया। साथ ही कोर्ट ने नगर विकास विभाग के सचिव को भी ने अगली सुनवाई में अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया।कोर्ट ने गुरुवार को नगर आयुक्त और पेयजल विभाग के सचिव से पूछा कि बड़ा तालाब और डैमों की सफाई के लिए लॉन्ग टर्म प्लान क्या है तो दोनों अधिकारियों ने अदालत को बताया कि इसके लिए कई एजेंसियों से विचार विमर्श किया जा रहा है ।

# झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में हाई कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को शनिवार तक लिखित बहस प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन में कोर्ट को बताया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कानूनी रूप से रिपोर्ट नहीं मानी जाएगी। रिपोर्ट को सरकार के समक्ष पेश किया जाना चाहिए था लेकिन इसे सीधे राज्यपाल को दे दिया गया।

राज्यपाल ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट सरकार को नहीं दी, जिससे विधानसभा के सदन के पटल पर एक्शन रिपोर्ट के बाद छह माह के भीतर इसे नहीं रखा जा सका। जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में कई त्रुटियां भी थी एवं उस कमीशन की कई अनुशंसा भी अस्पष्ट थी।इन त्रुटियों को देखने के लिए जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की एक कमीशन बनानी पड़ी। जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट को राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है और उसे विधानसभा के सदन पटल पर रखा जा चुका है। जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट की फाइनल रिपोर्ट है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि झारखंड विधानसभा के वर्तमान स्पीकर विधानसभा कमेटी के सदस्य थे, इस कमेटी ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले की जांच का रिपोर्ट दिया था की कार्रवाई होनी चाहिए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें केवल जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट ही दी गई थी, रिपोर्ट के साथ कोई दस्तावेज (एनेक्सचर) नहीं दी गई थी। पूर्व में ही सरकार की ओर से एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी थी। झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थी जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी।




## राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्री–मानसून बारिश शुरू

# आज से झारखंड में मॉनसून आने के संकेत

### बारिश होने से भीषण गर्मी से परेशान लोगों को मिली थोड़ी राहत

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। कई जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं, लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

हालांकि, राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्री-मानसून बारिश भी शुरू हो गई है। 22 जून को संथाल परगना प्रमंडल के रास्ते मानसून के झारखंड में प्रवेश करने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में मानसून के आगमन के संकेत मिलने लगे हैं। मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, 21 या 22 जून तक झारखंड के कुछ हिस्सों में मानसून प्रवेश कर सकता है। इस बार भी संथाल के रास्ते झारखंड में मानसून के प्रवेश के संकेत मिल रहे हैं। झारखंड में मानसून के आगमन के बाद पांच-छह दिनों में पूरे राज्य में बारिश होने लगी। रांची के ओरमांझी में 33 मिमी बारिश मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची के ओरमांझी में 33 मिमी बारिश हुई। जबकि गुमला के चैनपुर में 25 मिमी और बसिया में 20 मिमी बारिश हुई। मंगलवार की सुबह रांची के कई हिस्सों में छिटपुट बारिश भी हुई थी इसके अलावा कई अन्य जिलों में भी बारिश होने से भीषण गर्मी से परेशान लोगों को थोड़ी राहत मिली है 21 से 24 जून तक रांची और आसपास के कई इलाकों में बारिश की संभावना है।



### मुख्यमंत्री से मिले राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और विधायक प्रदीप यादव

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार झारखंड मंत्रालय में राज्य के दर्जा प्राप्त मंत्री-सह-राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो एवं विधायक प्रदीप यादव ने मुलाकात की। इस अवसर पर संयुक्त रूप से इन्होंने झारखंड सरकार द्वारा 19 जून 2024 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के भीतर जाति आधारित जनगणना कराए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को बधाई दी तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# दिव्यांगजनों की जांच कर तीन दिनों के अंदर प्रमाण पत्र निर्गत करें : डीसी

## जिले के शहरी एवं प्रखंडों में 21 जून से 15 जुलाई तक लगेगा शिविर



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के शहरी एवं प्रखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दिव्यांगता शिविर का आयोजन 21 जून, 2024 दिन शुक्रवार से आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है।

साथ हीं उक्त क्षेत्र के योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत पेंशन स्वीकृति (मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना एवं एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति को सहायतार्थ पेंशन) एवं स्वीकृत पेंशनधारियों का जिन्हें किसी कारणवश पेंशन भुगतान नहीं हो पा रहा है, के त्रुटि निराकरण से संबंधित आवेदनों का जांचोपरांत नियमानुसार निष्पादन भी किया जाएगा। सभी शिविर पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक प्राप्त आवेदनों का निष्पादन ससमय किया जाएगा। इसमें सभी लाभुकों से अनुरोध किया गया है कि अपने साथ आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, फोटोग्राफ, बैंक खाता, दिव्यंगता प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र साथ लेकर जरूर आये, ताकि एंट्री कराने हेतु यथोचित करवाई की जा सके।

### दिव्यांगता शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

दिव्यांगता जांच शिविर के लिए डीसी ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की हैं, जिनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ० रामप्रवेश सिंह, ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ० सुनील कुमार, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ० प्रशांत कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ० पिंकी पॉल ऑडियोलॉजिस्ट सुमित कुमार शिविर में मौजूद रहेंगे।

### 21 जून से 15 जुलाई तक लगेगा शिविर

बोकारो जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में तिथिवार दिव्यंगकता शिविर का आयोजन व निर्धारित स्थान निर्धारित किया गया है, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में 21 जून को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चास में 22 जून को, ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नावाडीह में 24 जून को, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालीडीह में 25 जून को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमार में 26 जून को, चास नगर निगम चास में 28 जून को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनकियारी में 29 जून को, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिण्डराजोरा में 01 जुलाई को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरमो में 02 जुलाई को, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चीरा चास में 03 जुलाई को, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरोचट्टी, गोमिया में 06 जुलाई को, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरोचट्टी, टुपरा, गोमिया में 08 जुलाई को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरीडीह में 09 जुलाई को, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर-6 बीएससिटी में 10 जुलाई को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में 12 जुलाई को, बोकारो सदर अस्पताल में 13 जुलाई को, प्रखण्ड परिसर चंद्रपुरा में 15 जुलाई को दिव्यांगजनों की जांच कर दिव्यंगता प्रमाण पत्र तीन दिनों के अंदर निर्गत करना सुनिश्चित करने का निर्देश डीसी ने दिया है। उपायुक्त विजया जाधव ने सिविल सर्जन डॉ० दिनेश कुमार को निर्देश दिया है कि प्रस्तावित दिव्यंगता शिविर में सभी चिकित्सा विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। साथ हीं निर्धारित तिथिवार व स्थानो पर दिव्यांगजनों की जांच कर दिव्यंगता प्रमाण पत्र तीन दिनों के अंदर निर्गत करना भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मियों एवं चिकित्सकों को निर्देश दिया है कि आयोजित शिविर में निश्चित रूप से निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# अपने लक्ष्य के प्रति रखें दीवानगी, कामयाबी जरूर कदम चूमेगी : डीआईजी एसके झा

### डीपीएस बोकारो में 11वीं के विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित, किए गए प्रेरित

संवाददाता

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में 11वीं कक्षा (सत्र 2024-25) के नामांकित विद्यार्थियों की कक्षाएं गुरुवार को प्रारंभ हुईं। पहले दिन प्रेरणा से ओत-प्रोत उन्मुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। विद्यालय के कालिदास कला भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में दो अलग-अलग सत्रों में विद्यार्थियों को पढ़ाई व जीवन में आगे बढ़ने के लिए जरूरी बातें बताई गईं। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता कोयला क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुरेन्द्र कुमार झा थे। अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि जब हमारे भीतर अपने लक्ष्य के प्रति एक जुनून और दीवानापन होगा, तो निश्चय ही कामयाबी हमारे कदम चूमेगी। योजनाबद्ध तरीके से अपने ध्येय को पाने का अनवरत प्रयास करते रहें। अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी पास कर आईपीएस अफसर बनने वाले श्री झा ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। कहा कि जब वह छठी कक्षा में थे, उसी समय गंगाजल फिल्म देखकर वह काफी प्रभावित हुए थे। इस फिल्म ने उनका पूरा जीवन बदल दिया। उनके माता-पिता चाहते थे कि वह एक इंजीनियर बनें, लेकिन फिल्म देखने के बाद उनमें एक बड़ा पुलिस अधिकारी बनने, वर्दी पहनने और यूपीएससी के भवन तक पहुंचने की जो दीवानगी जगी, उसी ने आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह एकलव्य के रूप में अप्रत्यक्ष रूप से डीपीएस बोकारो से प्रेरित रहे हैं। यहां की शैक्षणिक गरिमा जगजाहिर है और इस स्कूल से निकले विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को सबसे पहले एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि एक अच्छा इंसान ही अच्छा विद्यार्थी और अच्छा नागरिक बन सकता है। व्यक्तित्व विकास पर बल देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को आलोचनाओं को सकारात्मक रूप में लेने, नैतिक व भावनात्मक मूल्य बनाए रखने तथा अपने शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज में सभी तबके के लोगों का सदैव सम्मान करने की भी प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे अपना दीपक स्वयं बनें। कुछ ऐसा करें कि समाज के लिए वे प्रेरणा बन सकें, क्योंकि वो ही समाज व राष्ट्र के भविष्य-निमार्ता हैं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के बीच जाकर उनके कई प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत कीं और उनका मार्गदर्शन किया। इसके पूर्व, श्री झा का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।



### कामयाबी के लिए खुद पर रखें भरोसा :डॉ. गंगवार

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने अतिथि वक्ता डीआईजी श्री झा का स्वागत किया तथा विद्यालय की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि कक्षा 11 उच्च शिक्षा और भविष्य के करियर की दिशा में पहला कदम है। यह अपनी बुद्धिमत्ता, कौशल और क्षमता को विस्तारित करने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहने तथा अपना रास्ता स्वयं तय करने की प्रेरणा दी। यह भी कहा कि यह समय उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है, जिसे सोशल मीडिया के चक्कर में पड़कर वे नष्ट न करें। इस दौरान प्राचार्य ने विद्यालय की विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाओं तथा उत्कृष्टता की कड़ी में 10वीं-12वीं बोर्ड, नीट, जेईई एडवांस्ड, एनआईडी, एनडीए सहित विभिन्न परीक्षाओं की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

### टॉपरों ने भी किया प्रेरित

इसके पूर्व, प्रथम सत्र में ओरिएंटेशन प्रोग्राम को इस वर्ष की सीबीएसई 12वीं बोर्ड जिला साइंस टॉपर विद्यालय की छात्रा साक्षी प्रिया, कॉमर्स संकाय की स्कूल टॉपर श्रीकृति केडिया, जेईई एडवांस्ड में कैटेगरी रैंक 516 पाने वाले छात्र स्पर्श राज एवं रिम्स में अध्ययनरत मेडिकल की छात्रा अस्मिता ने भी संबोधित किया। उन्होंने 11वीं के विद्यार्थियों को सफलता के गुर सिखाए। इस अवसर पर संबंधित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विद्यालय के नियम-कायदों, अनुशासन, शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

## एक नजर

### आग लगने की घटना से बचाव पर त्वरित कार्रवाई का दिया गया प्रशिक्षण

**बोकारो।** चास नगर निगम स्थित भगवती कॉलोनी चास स्थित फर्स्ट एड प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को फायर सेफ्टी मैनेजमेंट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन रेड क्रॉस के प्रशिक्षण पदाधिकारी सह सिविल डिफेंस बोकारो के डिवीजनल वार्डन डॉ० एसपी वर्मा एवं चास फायर स्टेशन के पदाधिकारी सुदामा पासवान ने किया। कार्यक्रम में आग लगने की घटना से बचाव एवं घटना हो जाने पर त्वरित कार्रवाई कर जान माल की सुरक्षा कैसे की जाए इसके लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ओएनजीसी के तहत संविदा पर कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा खनन अभियंताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल डिफेंस बोकारो के डिवीजनल वार्डन तथा रेड क्रॉस के प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ० एसपी वर्मा ने आग लगी की घटना में होने वाले घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने के गुरु उपायों को बताया। फायर स्टेशन के पदाधिकारी सुदामा पासवान ने विभिन्न प्रकार की आग लगी घटनाओं को प्रदर्शित कर एवं आग बुझाकर दिखाए एवं सिविल डिफेंस बोकारो के डिप्टी डिवीजनल वार्डन सह रेड क्रॉस के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के सदस्य डॉ० निशांत कुमार ने आग से बचने के उपाय को विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ० पूजा, डॉ० पदमा एवं फायर स्टेशन चास के विनोद एवं राज झा तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संगठन के गगन बावरी एवं आकाश अस्पताल चास के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहयोग कर आयोजन को सफल बनाया।

### बाल हृदय जांच शिविर का आयोजन 24 से

**बोकारो।** बोकारो उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर आगामी 24 जून से चास प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल के सहयोग से बाल हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्कूली बच्चों की तो जांच होगी हीं, इसके अलावा इस शिविर में आमजन, अभिभावक भी शून्य से 15 वर्ष के बच्चों का हृदय जांच करवा सकते हैं। उपायुक्त ने आमजनों, अभिभावकों से निर्धारित तिथियों को निर्धारित स्थान पर सुबह 09 बजे से अपराह्न 04 बजे तक आयोजित शिविर में उपस्थित होकर जांच सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 24 व 25 जून को बुनियादी स्कूल, चास, 26 व 27 जून को मध्य विद्यालय, चास, 27 व 28 जून को प्राथमिक मध्य विद्यालय, भर्रा, 01 व 02 जुलाई को प्राथमिक स्कूल, गुजरात कॉलनी, चास, 02 व 03 जून को बंगला बोर्ड स्कूल, चास, 03 जुलाई को मध्य विद्यालय, सोलागडीह, 04 जुलाई को रामरूद्र प्लस टू उच्च विद्यालय, जोधाडीह मोड़, 05 जुलाई को मध्य विद्यालय, हरला, 06 जुलाई को यूएमएस. आसनसोल बॉधगोडा साइट,चास में बाल हृदय जांच शिविर का आयोजन होगा।

### पुलिस की एकपक्षीय कार्रवाई का विधायक ने किया विरोध, सड़क पर उतरने की दी चेतावनी

**बोकारो।** बोकारो के विधायक बिरंची नारायण गुरुवार को दो-तीन दिन पूर्व विकास नगर में हुई घटना के पीड़ितों से मिले। पीड़ितों ने पूरे घटनाक्रम का ब्योरा विधायक के समक्ष रखा। पीड़ित परिवार ने कहा कि पुलिस प्रशासन हमारे दो लोगों को उठाकर ले गया, जबकि मुस्लिम समुदाय के लोगों को आजाद छोड़ दिया। वे सब आकर रात में धमकी दे रहे हैं। इस मामले में अपनी नाराजगी जताते हुए विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह एकपक्षीय कार्रवाई घटना में सरकार के संरक्षण का उदाहरण साबित होता है। उन्होंने कहा कि जब पुलिस प्रशासन दोषियों को जेल भेज रही तो मुस्लिम समुदाय के लोगों को क्यों जेल नहीं भेज रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन इस तरह से विशेष समुदाय का मनोबल बढ़ाने का काम कर रही है। दोषी दोनों पक्ष है, तो दोनों तरफ से गिरफ्तारी होनी चाहिए। प्रशासन एकतरफा कार्रवाई न करे।

### सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय लंका के खिलाड़ी रहे विजेता

**बोकारो।** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 17 बालक एवं बालिका वर्ग के खेल का आयोजन गुरुवार को उच्च विद्यालय बाड़मेर में किया गया। प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लंका के खिलाड़ी विजयी रहे। मैच का प्रारंभ प्रखंड प्रमुख निवारण सिंह चौधरी एवं मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह ने किक मारकर किया। प्रमुख ने बताया कि चंदनक्यारी प्रखंड में खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। आवश्यकता है उन्हें निखारने की। उन्होंने विजेता टीम को उज्जवल भविष्य की कामना की। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा की खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देना चाहिए।

# सेल ने भारत के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं में नेशन बिल्डर्स-2024 के बीच बनाई जगह

संवाददाता



**बोकारो।** देश की महारत्न सार्वजनिक इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नेशन बिल्डर्स झ 2024 के बीच भारत के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं में अपनी जगह बनाई है। सेल को यह मान्यता ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट झ इंडिया द्वारा प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सेल की राष्ट्र-निर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की विरासत और मजबूत भरोसे की कार्यसंस्कृति बनाने के प्रयासों को मान्यता प्रदान करता है। इससे पहले, सेल ने दिसंबर 2023 में ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, इंडिया द्वारा दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन हासिल किया था।

बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान के अनुसार आजादी के बाद एक देश के तौर पर उभरने के शुरूआती सालों में सार्वजनिक क्षेत्र के तहत सेल के इस्पात संयंत्र राष्ट्र निमार्ता रहे। देश को आत्मनिर्भर बनाने और तीव्रगति से औद्योगिकीकरण के लिए बुनियादी ढांचा बनाने के लिए 50 और 60 के दशक में भारी पूंजीगत व्यय के साथ इस्पात संयंत्र स्थापित किए गए थे। इसके बाद सेल और भारत में इस्पात क्षेत्र लगातार आगे बढ़ते हुए दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश बन गया है। भारत की राष्ट्र निर्माण विकास गाथा में सेल का स्थान गौरवपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि ग्रेट प्लेस टू वर्क - इंडिया ने कठोर मानदंडों को पूरा करने वाले संगठनों को सम्मानित करने के लिए इस महत्वपूर्ण पुरस्कार की स्थापना की है, जिनका मूल्यांकन स्वतंत्र तरीके से किया जाता है। सेल की ओर से यह पुरस्कार सेल के निदेशक (कार्मिक) के के सिंह ने 19 जून, 2024 को मुंबई में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में ग्रहण किया।

इस उपलब्धि की सराहना करते हुए सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, ग्रेट प्लेस टू वर्क -इंडिया द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान हमारे लिए बेहद खुशी और गौरव की बात है। यह पुरस्कार सेल के कार्मिकों की वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। यह सम्मान हमें और भी बेहतर करने का आत्मविश्वास देता है।

# योगदिवस की पूर्व संध्या पर सीएचओ को मिला योग प्रशिक्षण

संवाददाता



**बोकारो।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को बोकारो जिला के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के नोडल पदाधिकारी डा. सेलिना टूडू की अध्यक्षता में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सभी सीएचओ को योगासन के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सभी सीएचओ को मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव मुक्ति से सम्बन्धित योग के बारे में बताया गया। योग प्रशिक्षक स्वपन कुमार, पूनम कुमारी एवं धरनीधर सहीस ने प्रतिभागियों को बताया कि योग का मतलब जोड़ना है एवं योग मनुष्य को दीघार्यु बनाता है। इस दौरान सभी प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के आसन व प्राणायम के तरीके बताए, जिनमें वज्रासन, सिद्धासन, वक्रासन, गौमुखासन, हलासन, नौकासन, मकरासन एवं शवासन के अभ्यास शामिल थे। योगासन प्रशिक्षण के पश्चात तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी मो. असलम ने सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू निषेध पर सामूहिक शपथ दिलाई।

# तटस्थ होकर काम करे पुलिस प्रशासनः अमित



संवाददाता

**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने सेक्टर वन स्थित विकास नगर में वहां के लोगों के साथ बैठक कर दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की। दो दिन पूर्व भर्रा बस्ती और विकास नगर के निवासियों के बीच हुई हिंसक झड़प को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कुमार अमित ने कहा कि किसी को भी किसी से डरने की जरूरत नहीं है। हर हाल में समाज में कानून का ही शासन होना चाहिए। दोनों पक्षों के आपस में शान्ति पूर्वक बैठने से ही उनकी समस्याओं का समाधान सम्भव है। हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता और न समाज में उसका कोई स्थान होना चाहिए।

उन्होंने बैठक स्थल से पुलिस पदाधिकारियों को फोन कर तटस्तता पूर्वक इस मामले का निपटारा करने को भी कहा। अमित ने कहा कि पुलिस प्रशासन को भी तटस्थता पूर्वक दोनों पक्षों के बातों को सहृदयता से सुनकर उनके मध्य शांति बहाल करने का प्रयास करना चाहिए।

# बोकारो स्टील प्लांट को एनवायरनमेंट लीडरशिप श्रेणी में मिला ग्रीनटेक इंटरनेशनल ईएचएस अवार्ड

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने एनवायरनमेंट लीडरशिप श्रेणी में प्रतिष्ठित ग्रीनटेक अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पुरस्कार-2024 जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ग्रीनटेक इंटरनेशनल एनवायरनमेंट, हेल्थ एंड सेफ्टी अवार्ड- 2024 बोकारो स्टील प्लांट द्वारा सस्टेनेबल गोल को प्राप्त करने की दिशा में रेस्पोंसिबल, इनोवेटिव प्रैक्टिसेज तथा नए इनिशिएटिव के लिए दिया गया है। इस अवार्ड के लिए बीएसएल के महाप्रबन्धक (पर्यावरण) एन पी श्रीवास्तव तथा सहायक महाप्रबन्धक (पर्यावरण) नितेश रंजन द्वारा जूरी के सदस्यों के समक्ष दिनांक 27 मई 2024 को प्रस्तुति दी गई थी। ईको-फ्रेंडली ग्रीन स्टील के उत्पादन में बोकारो स्टील प्लांट की गतिशील पहल और स्टील बनाने के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट पदार्थों से इको-फ्रेंडली उत्पादों को बनाने के प्रयासों से जूरी के सदस्य काफी प्रभावित हुए। डीकाबोर्नाइजेशन के माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल हरित इस्पात का उत्पादन, सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा के माध्यम से अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालना और मूल्य सृजन के प्रयास तथा सेल/बीएसएल द्वारा सुरक्षा के लिए प्रोजेक्ट कवच के तहत सह-सांस्कृतिक अभियान की जूरी के सदस्यों के द्वारा अत्यधिक सराहना की गई।




पिछले तीन वर्षों में पार्टिकुलेट मैटर में 29.33% की कमी और विशिष्ट अपशिष्ट निर्वहन में 85.09% की कमी सहित अन्य ऐसे प्रयासों से बोकारो स्टील की प्रणालियां व प्रक्रियाएं अधिक पर्यावरण अनुकूल बनी हैं। बीएसएल द्वारा रेल बैलास्ट, फ्लाई-ऐश एलडी स्लैग ईंट, सीमेंट बनाने में स्लैग का उपयोग, स्लैग से पेवर ब्लॉक और अपशिष्ट उत्पादों से पर्यावरण के अनुकूल सॉइल कंडीशनर सहित पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को बनाने में अभिनव पहल की गई है। हाल ही में बोकारो स्टील ने बायो-गैस और खाद में कैंटीन के कचरे के रूपांतरण के लिए संयंत्र के अंदर एक बायो-डाइजेस्टर प्लांट स्थापित किया है। भारत द्वारा सीओपी 26 में दिए गए कमिटमेंट वर्ष 2030 तक अक्षय ऊर्जा के 500 जीडब्लू के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बोकारो स्टील ने एक और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद तैयार किया है, जो अत्यधिक मिश्र धातु जंग प्रतिरोधी सेलकोर ग्रेड उत्कृष्ट संक्षारण प्रतिरोध प्रदर्शित करता है, जो सौर ऊर्जा के लिए सौर पैनलों के निर्माण के लिए 4 गुना बेहतर है। बीएसएल ने मौसम प्रतिरोधी स्टील आईएस 11587 के लिए लाइसेंस भी प्राप्त किया है, जो एक आयात विकल्प और मेक इन इंडिया अभियान के रूप में कॉर्टन स्टील के लिए एक स्वदेशी समकक्ष ग्रेड है। ग्लोबल ईएचएस अवाड्र्स 2024, थाईलैंड के श्रम मंत्री की उपस्थिति में बोकारो स्टील प्लांट को 28 जून 2024 को बैंकॉक में प्रदान किया जाएगा।

# विस्थापित महिला मोर्चा ने कथारा वाशरी में रोड सेल किया बाधित

### हक अधिकार देने में टाल मटोल किया तो तेज होगा आंदोलन

संवाददाता



**बोकारो।** अपनी मांगों को लेकर संयुक्त रूप से विस्थापित महिला मोर्चा, हस्तलदनी कोयला मजदूर संघ एवं रैयत विस्थापित युवा बेरोजगार संघ ने गुरुवार को सीसीएल कथारा वाशरी में संचालित रिजेक्ट एवं स्लरी कोयला रोड सेल को बाधित कर दिया। सभी आंदोलनकताओं ने सुबह से हीं सीपीपी प्लांट के समीप बेरियर के पास लाइन ट्रकों को रोककर विरोध जताया। आंदोलन का नेतृत्व कर रही महिला नेत्री कांति सिंह एवं राजेश रजवार ने कहा कि कई बार आंदोलन व संघर्षों के बाद संयुक्त मोर्चा को रोड सेल में भागीदारी मिली थी, लेकिन रोड सेल संचालन समिति, डीओ धारक एवं लिफ्टर के बीच के कुछ लोग आपस में मिलीभगत करके ग्रामीण विस्थापितों को रोजगार एवं भागीदारी के नाम पर मिलने वाले सहयोग व विकास राशि को हड़पने का षड्यंत्र कर रहे हैं। संयुक्त मोर्चा के साथ भागीदारी एवं हिस्सेदारी को लेकर हुए समझौते पर छलावा एवं वादा खिलाफी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर दो से चार महीना के बीच लगभग डेढ़ लाख टन एवं चालीस हजार टन रिजेक्ट कोयला के उठाव से ग्रामीण विस्थापितों को मिलने वाली सहयोग राशि का गबन करने का भी आरोप लगाया। कहा कि अपने हक और अधिकार को मांगने पर संयुक्त मोर्चा के लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिससे हम लोग डरने वाले नहीं हैं। कई बार पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन को स्थगित किया गया। लेकिन इस मामले में सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण आज मजबूरन अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आंदोलन प्रारंभ किया गया है। जब तक हमारी मांगों पर सकारात्मक बातचीत नहीं होगी, तब तक रोड सेल के कार्य को बाधित रखा जाएगा। कहा कि किसी व्यक्ति विशेष के प्रभाव में रोड सेल चलाने की साजिश को नाकाम कर दिया जाएगा। शुक्रवार से आंदोलनकताओं ने आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी है। मौके पर कांति सिंह, राजेश रविदास,लाल यादव अनवर अंसारी, महावीर यादव,प्रकाश रविदास,मणिलाल सिंह, रामचंद्र यादव, कौशल्या देवी जगदीश गिरी, मनोज गिरी, सुरेश यादव, फरीद अंसारी, सबीना खातून, मुकेश यादव, शांति देवी, गीत देवी, तारा देवी, किशोर रविदास आदि लोग मौजूद थे।

एक नजर

## बिरसा मुंडा पार्क के बगल में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग



**फुसरो।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन फुसरो नगर कमेटी ने गुरुवार को सीसीएल बीएंडके जीएम के रामाकृष्णा से उनके ऑफिस में मिलकर उनका स्वागत किया एवं एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में भीम आर्मी फुसरो नगर कमेटी द्वारा बिरसा मुंडा पार्क करगली के समीप संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ० भीम राव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की गई। कारण कि उनके जन्म दिन पर कार्यक्रम होते रहे हैं। स्वागत करने वालों में भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष मेघू दिगार, संगठन मंत्री किशोरी शर्मा, फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास, प्रभारी शैलेन्द्र घासी, उपाध्यक्ष राज नायक, आजाद समाज पार्टी के नेता कैलाश महतो, मिडिया प्रभारी नितिश कुमार, वार्ड 6 अध्यक्ष अशोक भुईयां, कोषाध्यक्ष राजू राम आदि लोग मौजूद थे।

## अनुपमा सिंह को राकोमयू के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने दी बधाई



**कथारा।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह की धर्म पत्नी सह धनबाद लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रहीं अनुपमा सिंह को महामंत्री एके झा द्वारा इंटक से संबद्ध राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर अनेकों पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बधाई दी है। मुख्य रूप से कथारा के अजय कुमार सिंह, विल्सन फ्रांसिस, वेदव्यास चौबे, दयाल यादव, राजेश शर्मा, आशीष चक्रवर्ती, धनेश्वर यादव, उत्तम कुमार, अर्जुन रविदास, राजेंद्र दास, रंजय कुमार सिंह, मो. आशिक, इस्लाम अंसारी, नसीम अख्तर, मंसूर खान, सीएस प्रसाद एच अधिकारी मो. सनाउल्लाह, जीतेंद्र पासवान, रणजीत सिंह, शहादत हुसैन, संतोष सिंह, अमनदीप सिंह, सुजीत मिश्रा, देवाशीष आश, तुलसी, नरेश रविदास, बलराम गोप, सुरेश महतो, सुरेश ठाकुर, संजय गिरि, अजय कुमार, अर्जुन चौहान, भीखम, पिंटू राय, संतोष राम गौड, पंचराम सहित अन्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि राकोमयू सीसीएल, बीसीसीएल, सीएमपीडीआई, इसीएल झारखंड शाखा तथा घाटो डिवीजन में संचालित है, जो मजदूरों की समस्याओं को सुन, समझ कर उसके निदान करती आ रही है। बधाई देने वाले नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अनुपमा सिंह निश्चित रूप से कांग्रेस नेत्री के रूप में उभर कर सामने आई हैं।

## विधायक ने गुड़ाबांन्दा में प्रशासनिक बैठक का किया आयोजन

**जमशेदपुर।** गुड़ाबांन्दा प्रखण्ड कार्यालय में गुरुवार को बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुमार मोहंती की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसमें झारखण्ड सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की गई। इस दौरान अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी करने की शिकायत भी मिली। वहीं बालिजुड़ी पंचायत के सचिव मनोज कुमार साहू और आवास को-ऑर्डिनेटर धर्मेंदर प्रशांत का बालिजुड़ी पंचायत के ग्रामीणों ने शिकायत किया। उन्होंने कहा कि कुछ अयोगय लाभुकों को अबुआ आवास योजना मिल रहा है। मगर प्राथमिकता के आधार पर नहीं दिया जा रहा है। इसपर विधायक ने दोबारा शिकायत न आने की बात भी कही। इसी तरह बालिजुड़ी के रोजगार सेवक भीम बेरा के पंचायत नहीं आने की लोगों ने शिकायत भी की। जिसके कारण मनरेगा कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रहा है। वहीं पेयजल विभाग को आदेश दिया गया कि सभी जलमीनार और चापाकल की अविलंब मरम्मत की जाए। विभाग के कार्य संतोषजनक नहीं है। खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को भी निर्देश दिया गया कि प्रखंड से राशन आवंटन होने के दूसरे दिन से ही सभी राशन डीलर को राशन वितरण करना है। कार्डधारियों के फिंगर देने पर ही राशन का आवंटन होना चाहिए। बैठक में बिजली विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित थे। विधायक ने उच्च पदाधिकारी से बात कर सब डिवीजन का मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने का कहा। जो नम्बर था हर दिन बंद रहता है या रिचार्ज नहीं रहता है। इस दौरान वन विभाग, पशुपालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित थे। प्रखण्ड क्षेत्र के एक मात्र बैंक ज्वालकाटा बैंक के प्रबंधक को निर्देश दिया कि आम लोगों को बैंक के कर्मचारी तंग न करें। बैंक संचालन की जिम्मेदारी बैंक प्रबंधक की है। बैंक खाता अपडेट का काम दो-तीन सालों से बंद है। जिससे आम लोग बहुत परेशान है।

### सीसीएल कथारा क्षेत्र के बंद पड़े सीपीपी प्लांट का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी

# अधिकारियों को पूर्व मजदूरों के बकाया वेतन मामले को लेकर विरोध का सामना करना पड़ा

संवाददाता



**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के बंद पड़े केप्टिव पावर प्लांट का जायजा लेने गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय के चीफ मैनेजर ईएंडएम अरुण पंजियार एवं इम्पेरिएल फास्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नवल किशोर सागर व वाइस प्रेसिडेंट रंजन कुमार ने मेकॉन लिमिटेड के अधिकारियों की टीम के साथ केप्टिव पावर प्लांट पहुंचे और प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान मेकॉन लिमिटेड रांची के अधिकारी संदीप कुमार व उनकी टीम, सीसीएल मुख्यालय के अमित सिंह चौहान, सीसीएल कथारा के एसओईएंडएम विपिन कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी जितेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। तीन से चार घंटे तक प्लांट परिसर का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों की टीम ने कथारा सीसीएल अतिथि गृह में बैठक की। यहां चीफ इंजीनियर अरुण पंजियार ने पत्रकारों को बताया कि सीसीएल सीपीपी प्लांट को हैंडओवर लेने से पूर्व आर्बिट्रेशन में विवाद में फंसे दोनों पक्षों की आपसी सहमति से आर्बिट्रेटर के माध्यम से समस्या का निपटारा करना चाहता है।

इसी कड़ी में आर्बिट्रेटर के आदेश पर नियुक्त किए गए मेकॉन लिमिटेड के अधिकारियों की टीम निरीक्षण कर सीपीपी प्लांट के वर्तमान स्थिति का असेसमेंट ( मूल्यांकन) कर रही है। जिसके बाद मेकॉन इसकी रिपोर्ट आर्बिट्रेटर को सौंपेगी।

आगे उन्होंने कहा कि हमारी लीगल प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद भी कोर्ट में सीसीएल ने कहा है कि जब तक प्लांट में कार्य रहे मजदूरों के बकाया वेतन का भुगतान उक्त कंपनी भुगतान नहीं करती है तब तक प्लांट हैंड ओवर नहीं लिया जाएगा।

इधर प्लांट में अधिकारियों के आने की खबर पाकर पूर्व मजदूर बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर कथारा अतिथि गृह पहुंच गए। यहां ट्रांसपोर्टर, डीजल पंप मालिक, कैंटीन चालक, प्लांट में काम करने वाले मजदूरों ने बकाया पैसा के भुगतान को लेकर इम्पेरिएल फास्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नवल किशोर सागर व वाइस प्रेसिडेंट रंजन कुमार को घेर लिया।

थाना प्रभारी जितेश कुमार एवं सीसीएल के मैनेजर ईएंडएम अरुण पंजियार ने आक्रोशित लोगों को शांत कराकर वार्ता के लिए समझाया। मौजूद लोगों का कहना था कि मजदूर सहित अन्य लोग अपने बकाया पैसा के भुगतान को लेकर 7 वर्षों से दर दर की ठोकर खा रहे हैं।

जब तक सभी लोगों का पैसा भुगतान नहीं होता तब तक कंपनी के अधिकारियों को यहां से जाने नहीं दिया जाएगा। काफी देर चली वार्ता के बाद कंपनी के डायरेक्टर एवं वाइस प्रेसिडेंट ने 1 महीने में बकाया राशि का भुगतान करने का लिखित पत्र देकर लोगों का गुस्सा शांत किया। इस मौके पर कांग्रेस के वरीय नेता इसराफिल अंसारी, मो गुलशरीफ, प्रदीप यादव, शमसूल हक, अशोक यादव, मो जहांगीर आदि लोग मौजूद थे।

### हूरलुंग पंचायत में हाई स्कूल की मांग को लेकर

## सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष दिया धरना

संवाददाता



बोकारो। बोकारो उपायुक्त कार्यालय के समक्ष गोमिया विधानसभा के हुरलूंग पंचायत के छात्र छात्राओं के साथ परिजनों ने भी हाई स्कूल की मांग को लेकर धरना दिया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने कहा कि हमारे पंचायत में हाई स्कूल नहीं है। जिसके कारण हम लोगों को आगे की पढ़ाई के लिए करीबन 9 से 10 किलोमीटर दूर दूसरे जिले रामगढ़ या हजारीबाग जाना पड़ता है। वहां भी हम लोगों का कभी-कभी नामांकन नहीं हो पता है। जिस कारण हम लोगों का भविष्य अंधकार में रह जाता है। कहा कि हम लोग हाई स्कूल की मांग काफी दिनों से कर रहे हैं। लेकिन अभी तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हुई है। हमारे क्षेत्र के प्रतिनिधि चुनाव दर चुनाव आते हैं और हम लोगों को झूठा आश्वासन देकर चले जाते हैं। हर चुनाव में आते हैं और कहते हैं कि इस बार आप लोगों की मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। लेकिन अब तक नहीं हो पाया। जिस कारण आज हम लोग इतनी दूर से हाई स्कूल की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समीप धरना पर बैठे हैं। हमारे पंचायत में लगभग सैकड़ो छात्र-छात्राएं हैं जिनका भविष्य अंधकारमय गया है। स्कूल दूर होने के कारण घरवाले लड़कियों को आगे पढ़ने की इजाजत नहीं देते हैं। उपायुक्त जब तक हमारी पंचायत में हाई स्कूल के निर्माण के लिए लिखित नहीं देती हैं तब तक हम लोग धरने पर बैठे रहेंगे।

## प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त को 19 सूत्री ज्ञापन सौंपा

संवाददाता



**बोकारो।** आम आदमी पार्टी बोकारो की ओर से चास नगर निगम विभिन्न वार्डों की समस्याओं को लेकर जिला संयोजक विधान चंद्र राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया को अपना 19 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। उपायुक्त एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों से सकारात्मक बातचीत में समस्याएँ हल करने का भरोसा मिला। ज्ञापन सौंपने वाले नेताओं में आप झारखंड के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, जिला संगठन प्रभारी मो मेहबूब आलम और जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ संयोजक मनौवर अंसारी शामिल थे। साथ हीं अन्य पार्टी पदाधिकारियों में बोकारो जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार, किसान प्रकोष्ठ संयोजक सौंपे गये ज्ञापन में पूरे चास नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति समस्या का समाधान करने, टैंकर से पानी उपलब्ध कराने, निमार्णाधीन पानी टंकियों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, विद्युत विभाग के साथ निर्वाद्ध विद्युत सप्लाई की योजना बनाने, होल्डिंग टैक्स कम करने, ट्रेड लाइसेंस शुल्क घटाने, सफाई व्यवस्था सुधारने, सभी जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, जलमार्ग की समस्या से निजात दिलाने, ड्रेनेज सिस्टम में सुधार करने, चास के प्रमुख स्थानों और सरकारी विद्यालय में सुलभ शौचालयों और पेशाब घर बनाने, सशुल्क वाहन पड़ाव बनवाने, नक्शा पास कराने सहित विविध प्रकार के लाइसेंस व अन्य कार्यों की समय सीमा निर्धारित करने, भ्रष्टाचार समाप्त करने, अगले पचास साल का मास्टर प्लान तैयार करने, खाली स्थानों पर वृक्षारोपण कराने आदि मांगें शामिल हैं।

## बीबी महतो ग्राउंड करगली में लगा टावर लाइट का जीएम ने किया उद्घाटन

संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र स्थित बिनोद बिहारी महतो ग्राउंड करगली में लगे टावर लाइट का उद्घाटन बुधवार की रात्रि बीएंडके महाप्रबंधक के रामाकृष्णा ने पूजा-पाठकर एवं स्वीच ऑन कर किया। जीएम रामाकृष्णा ने कहा कि टावर लाइट लगने से नाईट में भी खिलाड़ी अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी योगदान देती है। सीसीएल खिलाड़ियों के खेल प्रतिभा को निखारने के लिए रांची खेल गांव में एकेडमिक प्रशिक्षण देने का काम करती है। यहां टावर लाइट नहीं रहने के कारण शाम में जॉगिंग, एक्सरसाइज व सैर सपाटा करने में लोगों को परेशानी होती थी।

एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती ने कहा कि ग्राउंड में खेलने वाले खेल प्रेमियों व सैर सपाटा करने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लाइट लगाया गया है। कहा कि अब खिलाड़ी रात को भी अभ्यास कर सकेंगे। कहा कि डे नाइट टूनार्मेंट भी खेले जा सकते हैं। इसमें रात के समय भी ग्राउंड में अच्छी रोशनी आयेगी। कहा कि 45-45 फिट ऊंची छह टावर लाइट लगाया गया है। शहर के खेल प्रेमियों ने जीएम के रामाकृष्णा से ग्राउंड में 400 मीटर का ट्रेक और मैदान के सौन्दर्यीकरण की मांग की। जिस पर जीएम ने पूरा करने का भरोसा दिलाया। मौके पर एकेकेओसीपी पीओ केएस गैवाल, एसओपी राजीव कुमार, इंजीनियर रणवीर सिंह, अमरेश कुमार सहित दीपक महतो, सुशांत राईका, टिंकू महतो आदि मौजूद थे।

### हरियाणा में कुरुम्बा पंचायत के गोटटांड़ निवासी धनेश्वर महतो की लू लगने से मौत

**चन्द्रपुरा।** रोजगार की तलाश में गांधीनगर करनाल, हरियाणा गए कुरुम्बा पंचायत के गोटटांड़ निवासी धनेश्वर महतो की लू लगने से मौत हो गई है। बता दें कि मजदूर धनेश्वर महतो अप्रैल माह में दहियारी निवासी जगरनाथ साव के साथ स्टार लाईट ए डी एल कंपनी में रोजगार के लिए गांधीनगर करनाल हरियाणा अप्रैल माह में चला गया था। टॉवर लाईन में काम करने के दौरान लू लगी और गांधीनगर करनाल में ईलाज के दौरान मौत हो गयी। कंपनी द्वारा धनेश्वर महतो के बीमार होने की सूचना दूरभाष पर उसके पुत्र गणेश महतो को दी गई। लेकिन बुधबार को पुनः तबियत खराब होने से मौत होने की सूचना कंपनी ने दी। धनेश्वर महतो की मौत की खबर फैलते हीं पूरे गांव में मातम पसर गया।

## मटुकधारी गोराई बीएमएस को छोड़कर एटक में शामिल



संवाददाता

दुगदा। बीएमएस के वरीय नेता मटुकधारी गोराई बुधवार को बीएमएस को छोड़कर एटक से संबद्ध यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन में शामिल हो गए हैं। बीसीसीएल के बरोरा क्षेत्र के एटक कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन में आस्था व्यक्त करते हुए धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता मटुकधारी गोराई अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन में शामिल हो गए। समारोह में मुकुटधारी गोराई को क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पांडे, क्षेत्रीय सचिव संतोष गोराई ने यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का झंडा देकर शामिल कराया। एटक नेता राजीव प्रसाद महतो एवं बसंत महतो ने गुलदस्ता देकर श्री गोराई एवं सभी कार्यकताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपर्युक्त नेताओं के अलावा जगदीश रवानी, नवल किशोर महतो, सूरज मांझी, भोलानाथ, भुनेश्वर महतो राजू बिरसा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## योग दिवस : योग एक अनिवार्य रूप से शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुशासन : कनक लता राय

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो की प्रतिष्ठित योग शिक्षिका कनक लता राय ने 21 जून विश्व योग दिवस पर कहा है कि योगविद्या भारतवर्ष की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन-पद्धति है तथा इसी विद्या के बल पर भारतवासी प्राचीनकाल में सुखी,समृद्ध और स्वस्थ जीवन बिताते थे।जबसे भारत में योग विद्या का ह्रास हुआ,तभी से भारतवासी गरीब, दुःखी और अस्वस्थ हैं।पूजा-पाठ, धर्म-कर्म से शान्ति मिलती है और योगाभ्यास से धन-धान्य, समृद्धि और स्वास्थ्य। भारत में सुख,समृद्धि,शक्ति और स्वास्थ्य के लिए हर व्यक्ति को योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने कहा है कि आज के युग का सर्वमान्य धर्म है ₹योगधर्म₹।आज के वैज्ञानिक योग को विज्ञान की कसौटी पर कस रहें हैं और इस निष्कर्ष पर पहुँच रहे हैं कि योग एक अनिवार्य रूप से शारीरिक ,मानसिक, भावनात?मक और आध्यात्मिक अनुशासन है, जो मन और शरीर के बीच सही सामंजस्य पैदा कर जीवन को सहजता से जीने में सहायक है।योग स्वस्थ जीवन जीने की कला और विज्ञान है।

इस विज्ञान की उत्पत्ति हजारो साल पहले यानि सभी धर्मों या विश्वास प्रणालियों के जन्म से भी बहुत पहले हुई है।योग विद्या में शिव को आदियोगी मतलब पहला योगी और आदिगुरू माना जाता है। सिंधु-सरस्वती घाटी सभ्यता की मुहरों और जीवाश्म अवशेषों पर उद्धृत तस्वीरें और मुद्राएँ योग साधना करती हुई आकृतियां प्राचीन भारत में योग की उपस्थिति का प्रमाण देती हैं। योग मुख्यतः तीन तत्वों पर आधारित है--गति,श्वास और ध्यान। योग से आध्यात्मिक लाभ तत्काल न भी हो लेकिन शारीरिक और मानसिक लाभ त्वरित होते हैं। यही कारण है कि योग को स्वतः पूरे विश्व की मान्यता मिल रही है। योग से आप बेहतर मुद्रा,लचीलापन, शक्ति-संतुलन और मन-मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा को पाते हैं। अतः जो तन को स्वस्थ कर,मन को स्थिर कर,चित्तवृत्तियों का नाश कर,इन्द्रियों को जीतकर हमें सन्मार्ग और मानवता की राह पर ले चले वह योग है।जिस राह से हम प्रयाण कर अपने अनंतकाल की यात्रा को सुगमता से पूरा करे वह योग है।जो मानव-मूल्यों का पोषण कर जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करे वह योग है। आज के आधुनिक परिवेश में हो रहे मनुष्य जीवन में उत्पन्न आकुलता, कलुषता, पीड़ा, चिन्ता, तनाव एवं अन्य मानसिक और भावनात्मक अस्थिरता आदि को खत्मकर सम्पूर्ण स्वास्थ्य की प्राप्ति योग का मुख्य उद्देश्य है। अपने जीवन में कर्मों को सहजता, सजगता से होश में करना भी योग है क्योंकि ₹योगः कर्मसु कौशलम₹ अर्थात कर्मों में कुशलता ही योग है। योग के सात प्रकार हैं--हठयोग, राजयोग, कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग, तंत्रयोग,लययोग।

### कार्यकारणी की बैठक में कुव्यवस्था का पंचायत प्रतिनिधियों ने लगाया अरोप

## विरोध में प्रखंड कार्यालय परिसर में ही दिया धरना

संवाददाता



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की कार्यकारणी बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रखंड प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं किया गया था। यहां तक की जनप्रतिनिधियों का अरोप है कि पेयजल भी उपलब्ध नहीं कराया गया। प्रमुख अनिता यदाव ने नाजिर से बैठक में पानी व्यवस्था कराने को कहा तो बताया गया कि कार्यालय द्वारा कोई आदेश नही दिया गया है। हम पानी की व्यवस्था नही कर सकते हैं। वहीं बैठक मे कुवाव्यस्थ को देखकर पंचायत प्रतिनिधि काफी आक्रोशित हो गए और सभी बैठक से उठकर प्रखंड कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरने पर बैठ गए। जिससे प्रखंड कार्यालय में अफरा तफरी मच गई। हालांकि बाद में प्रखंड नजीर के झाने पर प्रतिनिधि धरना से उठ गए। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख, उपप्रमुख प्रीतम यादव, पंचायत समिति सदस्य लालो साव, सरिता देवी, प्रियांशु देवी आदि शामिल थे।

## खास खबर

### चलती ट्रेन में आत्महत्या करने की कोशिश

**धनबाद।** जोगता थाना क्षेत्र स्थित टाटा सिजुआ रेल हॉल्ट में चक्रधरपुर से गोमो चलने वाली ट्रेन में गुरुवार की दोपहर 12 बजे एक हादसा हुआ। एक स्टूडेंट ने जान देने की कोशिश की। ट्रेन में सवार लोगों का कहना है कि एक स्टूडेंट जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष होगी, टाटा सिजुआ स्टेशन में गाड़ी खुलने के बाद जान देने की कोशिश की। जिससे उसका पैर और कमर कट गया। ट्रेन के अधिकारियों द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक टाटा सिजुआ स्थित शक्ति कॉलेज में एग्जाम देने के लिए आया था। अपने फ्रेंड से बात कर रहा था। अचानक क्या बात हुई कि गाड़ी के खुलते हीं ट्रेन के चक्के के अंदर घुस गया और जान देने की कोशिश की। लोगों का कहना है कि वह लड़का कतरास का रहने वाला युवक है।

### कुमारधुबी ग्रामीण बैंक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान




**कुमारधुबी।** कुमारधुबी बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में बुधवार की रात करीब आठ बजे आग लग गई। आसपास के ग्रामीणों ने बैंक से धुआं व आग की लपटें निकलते देखा, तो कुमारधुबी पुलिस व बैंक कर्मियों को जानकारी दी। देखते देखते लोगों की भीड़ जुट गई और सभी स्थानीय लोग मिलकर आग बूझाने के प्रयास करने लगे। इस बीच सूचना मिलते हीं कुमारधुबी पुलिस एवं बैंक कर्मी मौके पर पहुंच चुके थे। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी।वही आग लगने की सूचना पर मैथन से सीआईएसएफ के फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी थी। तब तक स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया था। इस संबंध में जब बैंक मैनेजर रवि जायसवाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है, जिसमें कंप्यूटर कूलर सहित कई कागजात जले हैं जिसमें 4 से 5 लाख का नुकसान हुआ है।

### लो वोल्टेज व जर्जर तार की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के एसडीओ से की वार्ता

**धनबाद।** झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह गुप्ता टोला इस्लामपुर बस्ती में लो वोल्टेज तथा जर्जर तार की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी के नेता मदन राम के आवासीय कार्यालय में आकर बिजली विभाग के लोगों से वार्ता की। जिस पर बिजली विभाग के एसडीओ आलोक कुमार ने उक्त स्थान की जांच करते हुए मदन राम के कार्यालय में सभी ग्रामीणों को कहा कि एक सप्ताह के अंदर लो वोल्टेज की समस्या तथा जर्जर तार को ठीक कर दिया जाएगा। वार्ता में मुख्य रूप से जसीम अंसारी, सद्दाम अंसारी, लड्डू अंसारी, साजिद, ईमरान, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, मुश्ताक अंसारी, मुन्ना कुमार, जिसान, मुर्शीद अंसारी, अयान अंसारी, साजिद अंसारी, साहिल अंसारी, रिंकू देवी, रेखा देवी, सीमा देवी, सुमन देवी, उर्मिला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### कल्पना टॉकीज के प्रबंधक की धर्मपत्नी के निधन पर सिन्दरी में शोक

**सिन्दरी।** कल्पना टॉकीज के प्रबंधक वशिष्ठ नारायण सिंह की धर्मपत्नी राजकुमारी देवी उम्र 66 वर्ष का निधन उनके बड़े बेटे के निवास स्थान वास्तु विहार, धनबाद में गुरुवार की सुबह हो गया। वो कुछ महीनो से बीमार चल रही थीं। हाल हीं में दिल्ली से इलाज करा कर लौटी थी। अपने पीछे 2 पुत्र राजीव रंजन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं दो पुत्री के साथ भरापुरा परिवार छोड़ गई हैं। 21 जून को सुबह 8 बजे खुदिया नदी के किनारे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। यह खबर मिलते ही सिंदरी में शोक की लहर दौड़ गई। उन्हें श्रद्धांजलि देनेवालों का तांता लग गया। श्रद्धांजलि देने वालो में भारत शर्मा, दीपक कुमार दीपू, बासुकी नाथ सिंह, राजीव रंजन मुन्ना,अली अहमद खान, आशीष कुमार मुखर्जी, मनी भूषण सिंह, शैलेश सिंह, दिलीप रिटोलिया, सतदेव सिंह, दिनेश सिंह, कांति सिंह, कौशल सिंह, राजू पांडे, शह देव सिंह, बरमेश्वर शर्मा, अशोक शर्मा, कृष्ण कुमार अग्रवाल, पवन शर्मा, उत्तम मुखर्जी, बुधन राम, सीमित सिंह, अजय सिंह, धनंजय प्रताप, मंजीत उप्पल, एमडी अफसर, दीपक डे, अशोक शर्मा अधिवक्ता, संजय प्रसाद, एस के चंदा, ए प्रभाकर राव,असीम समता और काफी गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।

### एनडीए गठबंधन द्वारा कतरास में आभार यात्रा आयोजित

# जन समस्याओं को लोकसभा में दमखम से उठाएंगे : सांसद

संवाददाता

**कतरास।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो के विजई होने पर कतरास स्वास्तिक सिनेमा हॉल से एक आभार यात्रा निकाली गई जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास स्टेशन रोड पहुंची। जहां यह यात्रा सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता भाजपा नेता प्रकाश राम गुप्ता ने की, जबकि संचालन महेश पासवान ने किया। आभार यात्रा को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को विजई बनाने पर आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि भारत में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक धर्म और दूसरा अधर्म का। उन्होंने भारत की 140 करोड़ जनता के प्रति आभार प्रकट किया, जिन्होंने पुनः नरेंद्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने का काम किया।



उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी को देश में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला है। आपके इस क्षेत्र से दो-दो सांसद को नेतृत्व करने का अवसर मिला है। हम आपकी जन समस्याओं को लोकसभा में पूरे दमखम के साथ उठाएंगे। मोदी जी कभी भी गलत लोगों के आगे नहीं चुके। हम भी आपसे वादा करते हैं कि हम माफिया गुंडा के आगे कभी नहीं झुकेंगे। अपने मान सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं करेंगे। अन्याय के खिलाफ हमेशा से लड़ता रहा हूं और आगे भी आपकी लड़ाई को लगाता रहूंगा। पार्टी जो भी जिम्मेवारी देगी उसको पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने झारखंड सरकार पर तंज करते हुए कहा कि राज्य के सत्ता को चलाने वाले नेता आज जेल में हैं उनके मंत्री भी जेल में हैं। राजनीति की नैतिक गिरावट हो गई है। क्षेत्रीयता के नाम पर परिवार चल रहा है। झारखंड में झारखंड की राजनीति की छवि धूमिल हो रही है।

झारखंड की जनता से एक बार फिर से एनडीए सरकार को राज्य सौंपने की अपील की। सुदेश महतो ने विस्थापन नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि यहां विस्थापितों के लिए केंद्र में कानून है। अगर एनडीए की सरकार झारखंड में बनी तो हम विस्थापितों के लिए काम करेंगे।

### श्रम मंत्री की अध्यक्षता में हुई जन योजनाओं की विभागवार समीक्षा

संवाददाता

**चतरा।** गुरुवार को प्रशिक्षण सह कौशल विकास केन्द्र (डीएमएफटी) चतरा में राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास व उद्योग विभाग झारखण्ड सरकार के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। बैठक से पूर्व उपायुक्त रमेश घोलप ने मंत्री को परपौधा भेंट कर स्वागत किया। जिसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। मंत्री ने क्रमवार सभी विभागों द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए संबंधितों को कई अवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं 10 जुलाई तक वैसे योजनाएं जिसका टेंडर हो चुका है और अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उसके सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा अबुआ आवास योजना गरीब व बेघर लोगों के लिए है इसमें किसी भी प्रकार कि अनियमित्ता न हो इसका खास ख्याल रखें। अगर वैसे लाभुक जो पात्रता नहीं रखते और उनको अबुआ आवास स्वीकृत हुआ है, उसे अस्वीकृत करते हुए कार्रवाई करें और ध्यान रखा जाय कि लाभुको से बिचौलियों द्वारा ठगी न की जाय। आगे उन्होने कहा सभी बीडीओ किस्त की राशि के अनुसार अबुआ आवास बनवाना सुनिश्चित करें। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नल जल योजना के समीक्षा के क्रम में पाईप लाईन बिछाने में सड़क जर्जर होने की जानकारी दी गई। जिसपर मंत्री ने जुडको से समन्वय स्थापित करते हुए जर्जर सड़क की मरम्मति का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को 10 जुलाई तक खराब पड़े चापानलों की मरम्मति एवं आवश्यकता अनुसार नये चापानल लगाने, बढ़ते तापमान के बीच शहरी क्षेत्रों में हो रही पेयजल आपूर्ति की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नपा के कार्यपालक पदाधिकारी और पीएचईडी के अभियंता को शहरी क्षेत्रों पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। भेड़ी फार्म के गहरीकरण और डहुरी डैम से वैकल्पिक जलापूर्ति पर भी चर्चा की गई। इसके अलावे लघु सिंचाई के टेंडर प्रक्रिया में चल रहे 12 योजनाओं में गति लाने का निर्देश दिया।

### कुमारधुबी पुलिस ने मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कुमारधुबी।** कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शिवली बाड़ी दक्षिण पंचायत भवन के पास छापेमारी कर एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर से पूछताछ करने के बाद गुरुवार को धनबाद जेल भेज दिया गया। मोबाइल चोर के पास से रेडमी एवं ओप्पो कम्पनी का दो मोबाइल फोन बरामद हुआ है। इस संबंध में कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि इन दिनों क्षेत्र में लगातार मोबाइल फोन की चोरी की घटनाएं घटने की सूचनाएं मिल रही थी। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गुप्तचरों की मदद से टीम गठित कर छापेमारी की गई। गिरफ्तार मोबाइल चोर ने पूछताछ में अपना नाम अभिषेक कुमार प्रसाद (19) वर्ष बताया, जो बाघाकुड़ी, कालीमंदिर कुमारधुबी का रहनेवाला है। बताया कि जब्त मोबाइल फोन हटिया-गोरखपुर मोर्या एक्सप्रेस ट्रेन से कुमारधुबी स्टेशन पर चोरी करने की बात स्वीकार किया है और वह मोबाइल फोन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में उसने अन्य कई मोबाइल फोन चोरों का नाम बताया है, जिसे जल्द ही पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

### योगा दिवस को मुख्य रूप से मनाएंगे सिंदरी के औद्योगिक संस्थान एवं शिक्षण संस्थान




संवाददाता

**सिंदरी।** शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर सिंदरी नगर में कई संस्थानों के साथ स्कूलों में भी योग दिवस मनाया जायेगा। सिंदरी नगर पूर्व से हीं औद्योगिक नगर से जाना जाता रहा है। यहां पर हर्ल एवं एसीसी जैसे प्रभुत्व वाली कंपनी योगा के महत्ता को समझती है और अपने दिनचर्या में इसे जोड़ी हुई है। ताकि व्यस्ततम कार्यक्षेत्र में होते हुए भी स्वास्थ की ओर एक कदम को लोग बढ़ाएं। इसी सोच को सिंदरी की प्रमुखतम स्कूल भी मानती है और अपने विद्यार्थियों को स्वास्थ के साथ लचीले रखने के लिए बिभिन्न खेल भी खेलती है, जिसमें बीआईटी सिंदरी, डीएवी, सरस्वती विद्या मंदिर, मदर टेरेसा आदि स्कूल हैं। सिंदरी के योगाचार्य के रूप में प्रसिद्ध उमा शंकर सिंह भी अपना योगा का क्लास करवाएंगे, साथ हीं बिभिन्न बीमारियों से बचने में योगा कैसे सहायक है उसकी भी जानकारी देंगे।

### नशा मुक्ति एलईडी प्रचार वाहन को दिखाई गई हरी झंडी

**चतरा।** गुरुवार को योजनाओं की समीक्षा बैठक की समाप्ति के पश्चात प्रशिक्षण सह कौशल विकास केन्द्र (डीएमएफटी) परिसर से श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने हेतु जिला जन सम्पर्क कार्यालय, चतरा द्वारा तैयार किए गए नशा मुक्ति एलईडी प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया गया।

उक्त एलईडी प्रचार वाहन जिले, अनुमंडल, प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में घुम-घुम कर मादक पदार्थों के दुरूपयोग को लेकर आमजनों को जागरूक करेगी। तत्पश्चात मंत्री, उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष समेत अन्य गणमान्य लोगों द्वारा पौधा रोपण किया गया।

### जेएसएलपीएस कृषक सखियों को दे रही गैर आवासीय प्रशिक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातू क्लस्टर में जेएसएलपीएस से जुड़े कृषक सखी को दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण गुरुवार से दिया जा रहा है। उक्त कार्य एफटीसी अनिल प्रजापति के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रशिक्षण में कृषक सखी महिलाओं को किसानों के बीच खरीफ फसल में लगने वाले धान, मक्का, मड़वा, अरहर, उरद, तिल व बादाम जैसे बीज को लगाने की जानकारी विस्तारपूर्वक एफटीसी, सरदार जितेंद्र कुमार, सुमन कुमारी व सुनील पासवान जानकारी दी जा रही है। साथ ही सभी को बेहतर तरीके से बरसती खेती कर जीविकोपार्जन करने को प्रोत्साहित किया गया। वहीं जैविक तरीके से खेती करने पर जोर दिते हुए बताया गया कि खेत रासायनिक दवा-खाद से दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। मौके पर बीआरपी युगेश्वर दांगी, विजय रजक, प्रशिक्षक प्रतिमा देवी, राजन्ति देवी, उषा देवी, कंचन देवी, सरस्वती कुमारी, सुमन कुमारी, अंगिरा कुमारी एवं 29 महिलाएं शामिल थी।

### सिंदरी गुरुद्वारा के सामने बना पीसीसी सड़क किसी बड़े हादसे को कर रहा आमंत्रित

संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी गुरुद्वारा के सामने बनी पीसीसी सड़क जानलेवा बन गई है। यह पीसीसी सड़क रांगामाटी के कई आसपास के विद्यालय एवं कई गांव को जोड़ती है। नगर निगम का चुनाव करीब आ चुका है, कई लोग चुनाव में अपनी किस्मत भी आजमाएंगे। कुछ लोग तो अभी से ही जनता को तरह-तरह के सामाजिक कार्य करके लुभाने में लग गये हैं। ताकि उन्हें वार्ड पार्षद चुनाव में वोट मिल सके। लेकिन वार्ड 55 में सिंदरी के गुरुद्वारा मोड़ से रांगामाटी को



जोड़ने वाली सड़क जो पटेल नगर होते हुए तालाब के किनारे से पास होती है। यह सड़क किसी बड़ी दुर्घटना को दावत देते दिखाई देती है। यह सड़क दिनों दिन जानलेवा होती जा रही है। इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है। इस सड़क से रोजाना सैकड़ों लोग पैदल दुपहिया वाहनों से आना-जाना करते हैं। इस सड़क के एक किनारे तालाब और दुसरी ओर गड्ढे हैं। उपर से देखने पर सड़क दुरुस्त दिखाई पड़ती है। लेकिन नीचे की ओर देखा जाए तो सड़क पर तालाब के किनारे की ओर से मिट्टी कट कर तालाब में जा चुका है और सड़क नीचे से खोखली नजर आती है। पीसीसी ढलाई नजर आती है, जो वजन पड़ते हीं टूटते हुए सीधे तालाब में गिरेगा। पूर्व में महापौर चन्द्र शेखर अग्रवाल को पार्सद साहेब राम हेम्ब्रम ने पीसीसी सड़क दिखाया था, जिसके बाद आश्वासन दिया गया कि जल्द हीं बनाया जायेगा। समाचार पत्रों में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। नगर निगम आयुक्त घनबाद के द्वारा समाचार को संज्ञान में लेने के बाद निरीक्षण करवाया गया। निरीक्षण में जे ई एवं एसडीओ आये। एस्टीमेट बनाया गया फिर भी आज तक जयो को तयो सड़क बनी हुई है। जल्द हीं नगर आयुक्त घनबाद को सामुहिक हस्ताक्षर कर आवेदन पत्र दिया जायेगा।

### मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# जागरूक करना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

संवाददाता

**धनबाद।** गुरुवार को जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं जिला जनसम्पर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजित कुमार, डालसा के डॉ० कुमार विमलेंदु समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को पीपीटी के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां दी गई। साथ हीं उपायुक्त, सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थों के विरुद्ध न्यू टाउन हॉल में हस्ताक्षर अभियान हेतु लगाये गए हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर इस मुहिम में शामिल हुए एवं बच्चों ने




संकल्प लिया कि जीवन मे कभी भी किसी प्रकार के नशे दूर रहेंगे और समाज के और भी साथियों को इसके प्रति जागरूक करेंगे।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान में शिक्षकों की भूमिका अहम हो जाती है, सभी शिक्षक छात्रों को अच्छी शिक्षा दे एवं उनपर ध्यान भी दे क्योंकि इस उम्र में बच्चे अक्सर नई चीजों की तरफ आकर्षित होते हैं ओर कई बार गलत चीजों की तरफ चले जाते हैं जिससे उनके भविष्य अधर में चली जाती है।

उपायुक्त ने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके तहत जिला प्रशासन सहित समाज कल्याण विभाग, जनसम्पर्क कार्यालय, जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है एवं जो भी बच्चे इसके चपेट में भी नहीं आए हैं उन्हें भी इनसे बचा कर रखना हमारी प्राथमिकता है। सिटी एसपी अजित कुमार ने कहा कि इस अभियान में जिला प्रशासन के अलावा समाज के नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें साथ साथ अपने आस पड़ोस के बच्चों पर भी नजर रखें। ताकि आपके बच्चों के साथ साथ समाज के बच्चों को भी नशा एवं मादक पदार्थों से दूर रखा जाए। यदि कोई बच्चे आपको नशे के शिकार में दिखते हैं तो अवश्य हमे सूचना दे ताकि उन्हें इन चीजों से दूर रखा जाए। समाज के प्रति अपनी जिमेदारी अवश्य सुनिश्चित करें। कार्यशाला में सिटी एसपी अजित कुमार, डालसा से डॉ० कुमार विमलेंदु, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त संतोषिणी मुर्मू, डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती समेत अन्य पदाधिकारी एवं युवा छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के लिए एक समय के 'वर्जित' शब्द का आज 'सर्वमान्य' होना, हिन्दुत्व निष्ठ संगठनों की बड़ी सफलता : सिंदे

संवाददाता

धनबाद। ह्यहिन्दू राष्ट्रह्न यह शब्द भारत में ही नहीं, अपितु अब विदेशों में भी किसी के लिए नया नहीं रह गया है। लगभग 15 वर्ष पूर्व इस शब्द का उच्चारण करना भी मानो अपराध था। ऐसे में वर्ष 2002 में हिन्दू जनजागृति समिति की स्थापना हुई। वही मूलतः हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के लिए इस प्रकार एक समय के ह्यवर्जितह्न शब्द का आज ह्यसर्वमान्यह्न होना, हिन्दुत्व निष्ठ संगठनों की बड़ी सफलता है।

**हिन्दू राष्ट्र : सनातन वैदिक धर्म के नियमों पर आधारित उदात्त व्यवस्था**

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि यह राष्ट्र जीवित रहे, यदि हमारे ऐसे प्रयास हैं, तो इस राष्ट्र को संपूर्णतः हिन्दू धर्माधिष्ठित जीवन प्रणाली स्वीकार होनी चाहिए। हिन्दू राष्ट्र का अर्थ ह्यहिन्दुओं का देश, केवल इतना हीं संकीर्ण विचार नहीं है। राष्ट्र की संकल्पना में भूमि एवं जनसमूह के साथ वहां की संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, धर्म, साहित्य, कला एवं राजनीति के सूत्र भी अंतर्भूत होते हैं। हिन्दू राष्ट्र



किसी भी प्रकार की राजनीतिक संकल्पना नहीं है, अपितु सनातन वैदिक धर्म के नियमों के अनुरूप एक उदात्त व्यवस्था है। इसलिए वास्तव में हिन्दू राष्ट्र के विरोध का कोई कारण ही नहीं है।

**हिन्दू राष्ट्रविरोधी नैरेटिव**

आज विरोधियों द्वारा हिन्दू राष्ट्र का बडे स्तर पर दुष्प्रचार किया जा रहा है। उसके लिए वे विभिन्न नैरेटिव रच रहे हैं। उसमें धर्म पर आधारित पाकिस्तान आज भीख मांग रहा है, तो आपको हिन्दू राष्ट्र की क्या आवश्यकता है।अथवा आज देश बेरोजगारी, गरीबी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है, तो आप उन पर उपाय ढूंढने के स्थान पर हिन्दू राष्ट्र की स्थापना हेतु क्यों प्रयास कर रहे हैं? जैसे प्रश्नों का समावेश है। ऐसे लोगों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि आज स्वतंत्रता प्राप्ति हुए 75 वर्ष से अधिक समय बीत गया है। परंतु तब भी देश में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, हिंसाचार आदि समस्याओं की ठोस उपाय योजना नहीं हो पाई, तो क्या यह विगत 75 वर्ष की शासन व्यवस्थाओं की असफलता नहीं आनेवाले दिनों में ये समस्याएं सुलझ जाएंगी अथवा अल्प होंगी, ऐसा भी कोई राजकर्ता आत्मविश्वास से नहीं कह सकता। पाकिस्तान आज कंगाल है। भीख मांग रहा है; तो क्या कोई वहां इस्लामी राज्य नष्ट करने की मांग कर रहा है? आज यूरोप के अधिकतर धनवान देश स्वयं को ईसाई देश कहलाते हैं, तो क्या वे उनके देश के गरीबों की चिंता नहीं करते क्या ऐसा कहा जा सकता है तो फिर इस देश को सभी समस्याओं से मुक्त कर, एक आदर्श राष्ट्र बनाने हेतु कोई हिन्दू राष्ट्र की स्थापना की मांग कर रहा हो, तो उसमें अनुचित क्या है?

## सुभाषितम्

**हम प्रयास के लिए उत्तरदायी हैं, न कि परिणाम के लिए।**
**- गीता**

## कितना जायज है ईवीएम पर सवाल?

देश में प्रायः हर उस चुनाव के बाद विद्युतीय मतदान मशीन (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) पर सवाल उठते रहे हैं, जब किसी भी विपक्ष की सरकार नहीं बन पाती। इस बार भी लोकसभा चुनाव के बाद देर से ही सही, लेकिन (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) ईवीएम पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि अभी स्वर इसलिए भी धीमे हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव में विपक्ष के राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत बढ़ाकर एक मजबूत विपक्ष बनने का रास्ता तैयार कर लिया है। देश के राजनीतिक इतिहास में ऐसा दृश्य पहली बार दिख रहा है, जब विपक्ष सरकार बनाने से दूर रहकर भी अपनी विजय का अहसास करा रहा है। इसके विपरीत सत्ता पाने वाले राजग इस बात की समीक्षा कर रहा है कि उसकी सीटें कम कैसे हो गईं। जबकि यह समीक्षा विपक्षी दलों को करना चाहिए। खैर.. बात हो रही थी ईवीएम की। इस लोकसभा चुनाव से पूर्व भी भाजपा के नेतृत्व में दो बार केंद्र में सरकार बनी, तब भी विपक्ष का यही मानना था कि ईवीएम की गड़बड़ी के कारण ही भाजपा ने विजय प्राप्त की है। हालांकि इन दस वर्ष के दौरान कई बार ऐसे चुनाव परिणाम भी आए हैं, जिसमें भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन विसंगति यही है कि इसके बाद विपक्ष की ओर से ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठाए गए। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि विपक्ष की ओर से स्थिति देखकर ही सवाल उठाए जाते हैं।

विपक्षी राजनीतिक दलों को ऐसा ही लगता है कि भाजपा के पास कोई जनाधार नहीं है। वे मात्र ईवीएम के सहारे ही जीतते हैं। जबकि विपक्ष के किसी राजनीतिक दल को किसी राज्य में सत्ता प्राप्त हो जाए तो फिर ईवीएम पर सवाल नहीं उठाए जाते। हम जानते हैं कि विपक्ष को केवल भाजपा की जीत से परहेज है। वे भाजपा की जीत को पचा नहीं पाते, जबकि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी को छप्पर फाड़ समर्थन मिला था, लेकिन तब ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठा। हमें स्मरण होगा कि सन 2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद विपक्षी दलों के अधिकतर नेताओं ने एक स्वर में ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे। तब इन सवालों का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने सारे राजनीतिक दलों को बुलाया था कि ईवीएम को कोई हैक कर-के दिखाए। लेकिन उस समय ज्यादा विरोध करने वाले कोई भी राजनेता चुनाव आयोग के बुलावे पर नहीं पहुंचे। इसका तात्पर्य यही है कि विपक्ष के ईवीएम पर आरोप का कोई पुष्ट आधार नहीं है। इस बार भी केवल आशंका के आधार पर ईवीएम को निशाने पर लाने की कोशिश की जाने लगी है।

चुनाव परिणाम के बाद इस बात की पूरी संभावना बन रही थी कि इस बार ईवीएम को आड़े हाथ लिया जाएगा। इसलिए चुनाव आयोग ने भी ईवीएम को लेकर उत्पन्न होने वाले भ्रम को दूर करने का प्रयास किया। लेकिन इतना होने के बाद भी यह भ्रम दूर नहीं हो सका और ईवीएम पर आरोप लगने शुरू हो गए हैं। यह विवाद कितनी दूर तक जाएगा, यह तो कहना मुश्किल है, लेकिन जब धुआं उठने लगा है तो आग भी कहीं न कहीं लगी ही होगी। अब विपक्ष के निशाने पर चुनाव आयोग और ईवीएम दोनों ही हैं। विपक्ष की ओर से यह कई बार कहा गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के संकेत पर कार्य करता है। वास्तविकता यह है कि चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है, जिस पर न तो किसी सरकार का कोई प्रभाव रहता है और न ही किसी राजनीतिक दल का। फिर भी चुनाव आयोग को क्यों विवाद में घसीटा जाता है। यहां यह भी बताना बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर विदेश का कोई व्यक्ति या संस्था भारत के बारे में कोई सवाल उठाता है तो हमारे देश के कुछ लोग उस पर आंख बंद करके विश्वास कर लेते हैं, जबकि हमारे देश के संस्थान केवल सफाई देते रहते हैं। अभी हाल ही में एलन मस्क द्वारा यह कहकर सनसनी फैलाने का ही काम किया है कि ईवीएम हैक हो सकती है। एलन मस्क ने यह बयान क्यों दिया, यह तो वही जानें, लेकिन विदेश के लोगों द्वारा भारत के बारे में ऐसे विवादित बयान कई बार दिए जा चुके हैं, जिसको आधार बनाकर भारत की राजनीति को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान की तरफ से तो मोदी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए एक अभियान सा चलता दिखाई दिया। बेहतर यही होता कि विदेश के किसी भी व्यक्ति को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से आईना दिखाने का कार्य किया जाता।

## चिंतन-मनन

### खुद में करो भगवान के दर्शन

*यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव*
*। येन भूतान्यशेषाणि द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि।।*

अथार्त: हे पांडव! जिस ज्ञान को जानकर फिर तुम मोह में नहीं पड़ोगे, उस ज्ञान से तुम यह जान सकोगे कि जो कुछ भी है वह उसी परमात्मा की वजह से ही है। गुरु, शिष्य को ज्ञान नहीं देता, बल्कि शिष्य की श्रद्धा गुरु से ज्ञान लेती है। उस ज्ञान से साधक का नजरिया बदलने लगता है। उसमें काम, प्रोध, लोभ, मोह जैसी बुराइयां कमजोर पड़ने लगती हैं। ज्ञान बढ़ता जाता है और अज्ञान खत्म होता जाता है। धीरे-धीरे शिष्य की सभी बुराइयां खत्म होने लगती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ज्ञान की अग्नि मन में पड़े संस्कारों के बीज भी जला डालती है और मोह आदि विकार भस्म हो जाते हैं। इसलिए आत्मज्ञान हो जाने के बाद इंसान को मोह परेशान नहीं करता, क्योंकि यह मोह ही था, जिसके कारण अर्जुन कौरव सेना से युद्ध नहीं कर रहे थे। आगे भगवान कहते हैं कि इस आत्मज्ञान को पाकर पहले तुम अपने में सभी पुराने कर्मों को देखोगे और फिर उनको मुझ में देखोगे। यानी ज्ञान हो जाने के बाद साधक को पहले भगवान अपने भीतर दिखता है, फिर वही भगवान सब जगह दिखाई पड़ने लगता है। वरना हम मूर्ति में तो भगवान को देख लेते हैं, लेकिन अपने भीतर नहीं देख पाते, जबकि प्रक्रिया इससे उलट है। पहले अपने में भगवान का दर्शन करो, फिर सब में उसी को ही देखो।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी।

**तुला :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।


**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

# योग के साथ रहें सुखी और स्वस्थ


गिरीश्वर मिश्र

कहते हैं योग को यदि पूरी तरह से और गंभीरता से अपना लिया जाए तो वह आदमी का सबसे अच्छा और भरोसेमंद मित्र साबित होता है। यह अपने साधकों को दुःखों और क्लेशों से मुक्त करता है और सुखपूर्वक समग्रता या पूर्णता में जीने का मार्ग प्रशस्त करता है। वेदों से निकला हुआ 'योग' शब्द शाब्दिक रूप से 'जुड़ने' के अर्थ को व्यक्त करता है। अनुमानतः लगभग 200 वर्ष ईसापूर्व महर्षि पतंजलि ने 'योग सूत्र' में प्राचीन ज्ञान को कुछ सूत्रों यानी थोड़े से शब्दों से बनी संक्षिप्त शब्द-श्रृंखला में ग्रथित कर योग-विज्ञान के सिद्धांत और प्रयोग के निष्कर्षों को बड़े वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्थित कर लोक-कल्याण के लिए प्रस्तुत किया। इसका उद्देश्य था मन में उठने वाली उथल-पुथल को रोकने, दैनिक जीवन में शांति स्थापित करने, और अंततः आत्मा और ब्रह्म का संयोग कराने के लिए मार्ग दिखाना। ध्यान, आसन, प्राणायाम और आध्यात्मिक नियमों के उपयोग को स्पष्ट करते हुए यह लघु ग्रंथ सहस्त्रों वर्षों से सबका मार्गदर्शक बना हुआ है।

योग-दर्शन के अनुसार स्वास्थ्य और खुशहाली एक ऐसी स्थिति है जो मनुष्य की मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक दशाओं के संतुलन और गुणवत्ता पर निर्भर करती है। वस्तुतः योग एक यात्रापथ भी है और यात्रा का लक्ष्य भी है। दिव्यता का निर्देश गुरु के माध्यम से मिलता है। यहां पर यह बताना भी उचित होगा कि दुर्गम जटिल संसार में दिव्य तत्व के प्रति समर्पण शांति पाने में लाभकर होता है। प्रभु-अनुग्रह के लिए समर्पण भी एक सक्रिय स्थिति या जीवन-प्रक्रिया है। परंतु योग के लिए यह समर्पण जरूरी नहीं है। निरीश्वरवादी भी योग में प्रवृत्त हो सकता है। स्मरण रहे कि शरीर-मन-संकुल में आने वाला सुधार केवल सतही उपकरण होता है। योग एक आध्यात्मिक अनुशासन है क्योंकि यह न केवल शरीर-मन-संकुल का सुधार करता है बल्कि इसके समुचित उपयोग की विधि भी बतलाता है। योग का उपयोग हमें योग के अभ्यास का अवसर देता है। योग हममें से जो श्रेष्ठ है उसे उपलब्ध कराता है। चेतन रूप से योग का उपयोग जीवन को समृद्ध करता चलता है। स्मरणीय है कि एक अध्ययन-विषय के रूप में योग भारतीय दर्शनों में से एक है। प्रायः सभी भारतीय दर्शन उस सर्वव्यापी परमात्म तत्व को स्वीकार करते हैं जो सभी विद्यमान वस्तुओं में उपस्थित है। व्यक्ति और उस परम सत्ता में एकात्मता होती है।

योग मार्ग वह पाठ है जो व्यक्ति-चैतन्य को विकसित और समृद्ध करता है ताकि जीवन में अधिक सामंजस्य (हार्मनी) का अनुभव शामिल हो सके और अंततः परमात्म तत्व के साथ एकता का अनुभव हो सके। जैसा कि उपनिषदों में वर्णित है हमारा अस्तित्व पांच कोशों से बनी रचना है। इस रचना में शरीर, प्राण, मन, बुद्धि और आनंद के पांच क्रमिक स्तर पहचाने गए हैं। योग का अभ्यास इन कोशों के बीच पारस्परिक संतुलन और चैतन्य लाता है और अस्तित्व के केंद्र परमात्म तत्व की ओर अग्रसर करता है। कह सकते हैं कि योग बाह्य से आंतरिक बुद्धि और आंतरिक से बाह्य बुद्धि की यात्रा है। पातंजल योग-सूत्र बड़े ही सूक्ष्म ढंग से गूढ़ बातों को सामने रखते हैं। उन संक्षिप्त सूत्रों की विशद व्याख्या मनीषियों द्वारा कई तरह की जाती रही है। यह अष्टांग योग के नाम से प्रसिद्ध है। इसके आठ अंग हैं : यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। सारे सूत्रों को चार अध्यायों या पादों : समाधि, साधना, विभूति और कैवल्य, के अंतर्गत व्यवस्थित किया गया है। इसी में पूरे योग-शास्त्र का विवेचन निबद्ध है। समाधि पाद में बताया गया है कि अहं के विचार के साथ अपना तादात्मीकरण और परमात्मा के साथ या उनके अंश के रूप में अपनी पहचान बनाना ही योग का मुख्य प्रतिपाद्य है। योगाभ्यास से चेतना का परिष्कार होता है ताकि मन परमात्मा की दिशा में अग्रसर हो। दुःख और पीड़ा का अनुभव जो जो अहं के जुड़ने के फलस्वरूप होता है दूर हो और साधक प्रसन्नतापूर्वक जीवनयापन कर सके। एकाग्रता मुख्य प्रतिपाद्य है। साधन पाद का विषय क्रिया-योग है । मन में उठने वाले विघ्न को नियंत्रित करने की विधि बताई गई है। विभूति पाद में विभिन्न सिद्धियों या असाधारण शक्तियों का वर्णन किया गया है। चौथे, कैवल्य पाद में उस वास्तविक स्वतंत्रता की बात की गई है जो योग से मिलती है।

आत्म-ज्ञान के लिए अष्टांग योग के अभ्यास के अनुगमन, जिसे राज-योग भी कहते हैं, की संस्तुति की जाती है। योग के आठ अंग हैं न कि एक के बाद एक आने वाले चरण या सोपान। साधक को इन पर साथ-साथ समानांतर रूप से चलना चाहिए। योगाभ्यास का उद्देश्य साधक को आत्मावलोकन इझ अपने विचारों और व्यवहारों और उनके परिणामों को देखना-समझना भी होता है। यम और नियम नामक पहले दो चरण नैतिकता और सदाचारपूर्वक जीवन जीने के लिए निर्देश देते हैं। जहां यम बाहरी दुनिया के साथ सम्बन्ध पर केंद्रित हैं वहीं नियम निजी आध्यात्मिक विकास और आत्मानुशासन की आदतों को बताते हैं। यम पांच हैं : अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (इंद्रियसुख का नियंत्रण) और अपरिग्रह (अनावश्यक वस्तुओं संचय/संग्रह)। बाह्य और आभ्यंतर इंद्रियों के संयम को यम कहते हैं। पतंजलि ने इनको 'महाव्रत' कहा है जो जाति, देश और काल की सीमा से रहित सार्वभौम स्वरूप वाले हैं। यम वस्तुतः प्रतिबंध हैं जो सिर्फ कर्म के स्तर पर ही नहीं बल्कि विचार और शब्द के स्तर पर भी लागू होते हैं। इन यमों को अपनाने पर योगाभ्यासी व्यक्ति को स्वतंत्रता मिलती है और खुली सांस लेने का अवसर मिलता है। इनके अतिरिक्त पांच नियम हैं जो वस्तुतः सदाचार के पालन पर बल देते हैं। ये हैं : शौच (पवित्रता), संतोष, तप (इच्छाओं का शमन), स्वाध्याय (आध्यात्मिक ग्रंथों तथा स्वयं का अध्ययन) और ईश्वर-प्रणिधान (परमेश्वर को आत्मार्पण। इस तरह यम और नियम योग पथ के राही के लिए कर्तव्य और अकर्तव्य की व्याख्या करते हैं। ये आत्म शोधन का भी काम करते हैं और अच्छे तथा सुखी जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। ये नींव रखने का काम करते हैं।

आसन और प्राणायाम शारीरिक अभ्यास हैं पर इनका आध्यात्मिक महत्व भी है। आध्यात्मिक विकास की ओर उन्मुख जीवन के लिए औजार भी ठीक होना चाहिए। राह मालूम हो लक्ष्य भी ज्ञात हो पर चालक ठीक है या नहीं यह भी देखना होता है। सोद्देश्य जीवन के लिए शरीर ठीक रखना जरूरी है। यह पवित्र कर्तव्य बनता है कि शरीर को स्वस्थ रखा जाए। प्राणायाम से प्राण ऊर्जा का संचरण शरीर में स्वेच्छा से होता है, सिद्धियां भी आती हैं और मन की स्थिरता भी। वस्तुतः प्राणायाम और प्रत्याहार दोनों ही आंतरिक दुनिया की ओर उन्मुख होते है और इस अर्थ में पहले के तीन चरणों- यम, नियम और आसान- से भिन्न होते हैं है। प्राणायाम का अभ्यास लयात्मक स्वांस द्वारा इंद्रियों के अंदर की ओर खोजने की दिशा में चेतना को ले चलना, अंदर के अध्यात्म के गहन अनुभव की ओर अग्रसर करना संभव हो पाता है। पहले के पांच चरणों द्वारा बाद के तीन चरणों के लिए उर्वर आधार भूमि का निर्माण करते हैं।

## योग में है सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव


डॉ. वंदना सेन

विश्व को कल्याण का मार्ग दिखाने के लिए भारत का चिंतन पुरातन काल से रहा है। विश्व का कल्याण करने का भाव भारतीय चिंतन में हमेशा से रहा है। वर्तमान में विश्व में जितनी भी ज्ञान और विज्ञान की बातें की जाती हैं, वह भारत में युगों पूर्व की जा चुकी हैं। इससे कहा जा सकता है कि भारत में ज्ञान और विज्ञान की पराकाष्ठा थी, लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हम विदेशी चमक के मोहजाल में फंसकर अपने ज्ञान को संरक्षण प्रदान नहीं कर सके। जिसके कारण हम स्वयं ही यह भुला बैठे कि हम क्या थे। भारत की भूमि से विश्व को एक परिवार मानने का संदेश प्रवाहित होता रहा है, आज भी हो रहा है। यह अकाट्य सत्य है कि विश्व को शांति के मार्ग पर ले जाने का ज्ञान और दर्शन भारत के पास है। योग विधा एक ऐसी शक्ति है, जिसके माध्यम से दुनिया को स्वस्थ और मजबूती प्रदान की जा सकती है। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से आज विश्व के कई भारत के साथ खड़े हुए हैं। यह विश्व को निरोग रखने की भारत की सकारात्मक पहल है।



देव भूमि भारत में वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को आत्मसात करने वाले मनीषियों ने बहुत पहले ही विश्व को स्वस्थ और मजबूत देने का संदेश दिया है। वास्तव में योग में राजनीति देखना संकुचित मानसिकता का परिचायक है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्व में योग का जो स्वरूप दिखाई दिया है, वह अपने आप में एक करिश्मा है। करिश्मा इसलिए क्योंकि ऐसा न तो पहले कभी हुआ है और न ही योग के अलावा दूसरा कार्यक्रम हो सकता है। इतनी बड़ी संख्या में भाग लेने वाले लोगों के मन में योग के बारे में अनुराग पैदा होना वास्तव में यह तो प्रमाणित करता ही है कि अब विश्व एक ऐसे मार्ग पर कदम बढ़ा चुका है, जिसका संबंध सीधे तौर पर व्यक्तिगत तथा सामूहिक उत्थान से है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाग लेने वालों ने एक कीर्तिमान बनाया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के योग साधकों के साथ मिलकर योग विद्या को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की जो पहल की थी, आज उसके सार्थक परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। अब विश्व के कई देशों ने स्वस्थ और मजबूती की राह पर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। अब विश्व को निरोग बनाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। वर्तमान में विश्व के अनेक देश इस सत्य से भली भांति परिचित हो चुके हैं कि योग जीवन संचालन की एक ऐसी शक्ति है, जिसके सहारे तनाव मुक्त जीवन की कल्पना की जा सकती है। हम जानते हैं कि विश्व के कई देशों में जिस प्रकार का विचार प्रवाह है, उससे जीवन की अशांति का वातावरण तैयार हो रहा था और अनेक लोग इसकी गिरफ्त में आते जा रहे हैं।

**(अंतरराष्ट्रीय योग दिवस/21जून/विशेष)**


विश्व के कई देश इस बात को जान चुके हैं कि योग के सहारे ही मानसिक शांति को प्राप्त किया जा सकता है। योग दिवस को मिले भारी वैश्विक समर्थन के बाद यह तो तय हो गया है कि विश्व को सुख और समृद्धि के मार्ग पर ले जाने के लिए भारत के दर्शन को विश्व के कई देश खुले रूप में स्वीकार करने लगे हैं। इससे पहले जो भारत विश्व के सामने अपना मुंह खोलने से कतराता था, आज वही भारत एक नए स्वरूप में विश्व के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। विश्व को भारत की विराट शक्ति का अहसास हो चुका है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब से देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से हमारे देश के बारे में वैश्विक दृष्टिकोण में गजब का बदलाव दिखाई दे रहा है।

सवाल यह है कि क्या यह बदलाव नरेन्द्र मोदी को देखकर आया है, नहीं। इसका जवाब यह है कि भारत के पास पूर्व से ही ऐसी विराट शक्ति थी, जिसका भारत की पूर्व सरकारों को भारतीय जनता को बोध नहीं था। हर भारतवासी के अंदर शक्ति का संचय है, हम शक्ति को प्रदर्शित नहीं कर पा रहे थे, इतना ही नहीं हम यह भूल भी गए थे कि हमारे अंदर भी शक्ति है। नरेन्द्र मोदी ने जामवंत की भूमिका अपनाकर देशवासियों एवं अप्रवासी भारतीयों के मन में इस भाव को जाग्रत किया कि आप महाशक्ति हैं। जैसे ही नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के मेडीसन एस्क्वायर में भारतीय शक्ति का प्रस्फुटन किया, वैसे ही भारत के नागरिकों के अंदर गौरव का अहसास तो हुआ ही साथ ही विश्व के विकसित देश भारत को अपना समकक्ष मानने लगे।

भारत के दर्शन में एक ठोस बात यह भी है कि भारत में हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया वाला भाव ही रहा है। जो भी देश भारत के इस दर्शन से तालमेल रखता हुआ दिखाई देता है, वह कभी दूसरे का अहित सोच भी नहीं सकता। जबकि विश्व के अनेक देश केवल स्वयं का ही हित सबसे ऊपर रखकर दूसरों के हितों पर चोट करते हैं। आतंक फैलाकर अपना वर्चस्व स्थापित करने वाला समाज मारकाट करने की मानसिकता के साथ जी रहा है। ऐसे लोगों का न तो काई अपना है, और न ही कोई परिवार। कई मुस्लिम देशों के नागरिक आज मुसलमानों के ही दुश्मन बनकर मारकाट का खेल खेल रहे हैं। ऐसे लोगों से शांति का बातें करना भी बेमानी है। हमारी सलाह है कि ऐसे लोग भी योग की क्रियाएं अपनाकर शांति के मार्ग पर चल सकते हैं। योग जहां स्वस्थ मानाकिता का निर्माण करने में सहायक है वहीं शांति स्थापना का उचित मार्ग है।

सवाल यह आता है कि वर्तमान के मोहजाल में फंसे विश्व के अनेक देश आज किसी भी चीज में राहत नहीं देख रहा है। पैसे के पीछे भाग रहा पूरा विश्व तनाव भरा जीवन जी रहा है। इस तनाव से मुक्ति पाने का एक ही मार्ग है योग को अपनाना। जिसने अपने जीवन में योग को महत्व दिया है, वह इस तनाव से छुटकारा पाने में सफल रहा है। आज सबसे ज्यादा तनाव का जीवन मुस्लिम देशों में दिखाई देता है। वहां केवल मारकाट की भाषा के अलावा कुछ भी नहीं है। इन देशों में हमेशा अशांति का वातावरण दिखाई देता है और सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। यह इस बात का ध्यान रखना होगा कि आध्यात्मिकता और ध्यान योग के मामले में हम विश्व के सभी देशों से बहुत आगे हैं। इस बारे में दुनिया का ज्ञान भारत के समक्ष अधूरा ही है। भारत को जब तक इस बात का बोध था, तब तक विश्व का कोई भी देश भारत का मुकाबला करने का सामर्थ्य नहीं रखता था। आज इस शक्ति के प्रदर्शन की शुरूआत हो चुकी है, जरूरत इस बात की है कि हम सभी सरकार के कदम के साथ सहयोग का भाव अपनाकर अपना कार्य संपादित करें। आने वाले समय में भारत का भविष्य उज्ज्वल है।

## योग को धंधा न बनाएं


डॉ. रमेश ठाकुर

योग की आड़ में देश में धंधा पनप गया है। महानगरों से लेकर कस्बों-गांवों में भी इंस्टीट्यूट, प्रशिक्षण केंद्र, योग टीचर्स की फौज तैयार हो गई है। योग पर किसी का पेटेंट नहीं होना चाहिए और न ही कोई इसकी किसी को ठेकेदारी करनी चाहिए। योग शरीर को चंगा रखने का मजबूत हथियार है और सदैव रहेगा। देखकर दुख होता है जब योग का शारीरिक जरूरतों से कहीं ज्यादा मौजूदा समय में उसका व्यावसायिक, धार्मिक और सियासत में इस्तेमाल होता है। योग को मात्र स्वस्थ काया तक ही सीमित रखना चाहिए। उसकी आड़ में राजनीतिक जरूरतें पूरी नहीं करनी चाहिए। योग गुरु कहलाकर समूचे संसार में प्रसिद्धि पा चुके बाबा रामदेव ने निश्चित रूप से योग का प्रचार जबरदस्त तरीके से किया। इस दरम्यान उन्होंने बड़ा व्यवसाय भी स्थापित किया। बाजार में हजारों प्रोड्क्ट्स उतारकर उनकी कंपनी का टर्नओवर लाखों-करोड़ों में नहीं, बल्कि अरबों में पहुंच गया है।

**(अंतरराष्ट्रीय योग दिवस/21जून/विशेष)**

विवादों के इतर देखें तो बाबा रामदेव की कोशिशों की बदौलत ही योग को वैश्विक मान्यता मिली। केंद्र सरकार ने भी प्रचार-प्रसार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। उसके बदले सरकार ने भी उनका फायदा चुनाव में जमकर उठाया। इस सच्चाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इससे योग विज्ञान का कुछ समय बीतने के बाद नुकसान हुआ। योग सत्ता पक्ष और विपक्ष में बंटकर भाजपा और कांग्रेस हो गया। जब पहला योग दिवस मना, तो कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने आयोजन का वॉकआउट किया। यहां तक उन्होंने और उनके कार्यकताओं ने भी योग नहीं किया। लेकिन भाजपा ने हर्षोल्लास से मनाया। दरअसल, उनके मनाने का कारण क्या था, सभी को पता था। ठीक है, अगर विपक्षी दलों को बाबा रामदेव से कोई आपत्ति या ना-खुशी है, तो उनको योग को विरोध की केटेगरी में नहीं रखना चाहिए। बहरहाल, कोई कहे बेशक कुछ न, पर सियासत ने योग को धर्म से छोड़ने की भी कोशिशें की। योगासनों में भी धर्मों की एबीसीडी खोजी जाती है। दूसरा, सबसे दुःखद पहलू योग के साथ ये जुड़ा, योग का व्यावसायीकरण कर दिया गया। कइयों की दुकानें योग की आड़ में चल पड़ी हैं। बड़े-बड़े प्रतिष्ठान, कॉलेज, स्कूल, प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो गए हैं, जहां योग सिखाने के नाम पर मोटा माल काटा जा रहा है। योग गुरुओं, एक्सपर्ट्स व प्रशिक्षकों की तो फौज ही खड़ी हो गई है। बड़े-बड़े नेताओं ने अपने लिए पमानेंट योग प्रशिक्षक हायर किए हुए हैं। कुल मिलाकर योग को लोगों ने अब पूरी तरह से स्टेटस सिंबल बना डाला है। यानी मध्यम वर्ग और गरीबों की पहुंच से बहुत दूर कर दिया गया है।

योग विधा नई नहीं है। पांच हजार पूर्व ऋषि परंपराओं से मिली अनमोल धरोहर जैसी है। ज्यादा पुराने समय की बात न करें, सिर्फ आजादी तक का इतिहास खंगाले तो पता चलता है कि उस वक्त तक भी चिकित्सा विज्ञान ने उतनी सफलता नहीं पाई थी जिससे अचानक उत्पन्न होने वाली बीमारियों से तुरंत इलाज कराया जाए। उस वक्त भी जड़ी-बूटियों और नियमित योगासन पर ही समूचा संसार निर्भर हुआ करता था। अंग्रेजी दवाओं का विस्तार कोई चालीस-पचास के दशक से जोर पकड़ा है। तब मात्र एकाध ही फार्मा कंपनियां हुआ करती थी, जो अंग्रेजी दवाइयों का निर्माण करती थीं। विस्तार अस्सी के दशक के बाद आरंभ हुआ। आज तीन से चार हजार के करीब फार्मा कंपनियां अंग्रेजी दवा बनाने में लगी हैं। बावजूद इसके योग का बोलबाला दिनों दिन बढ़ रहा है। जानकार बताते हैं कि अंग्रेजी दवाएं तुरंत असर तो करती हैं पर, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता हिला देती हैं। शायद, इस सच्चाई से आम लोग अनभिज्ञ होते हैं कि बड़ी-बड़ी फार्मा कंपनियों के मालिक भी नियमित योगासन करते हैं। क्योंकि उनको योग के फायदे पता होते हैं। योग को एक नहीं, बल्कि हजारों बड़ी और गंभीर बीमारियों से लड़ने का हथियार माना गया है।

## सूडोकु नवताल- 7103

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# आंधी-तूफान से खाप कटैया गांव में खंभे सहित गिरा ट्रांसफार्मर

संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र में बीती रात तेज गति से आंधी के साथ बारिश आने से कई जगहों पर ट्रांसफार्मर व बिजली पोल गिर गए। गरीबों के आशियाने हवा में उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों गांवों की बिजली गुल हो गई।बुधवार की रात तेज आंधी-पानी आने से खाप कटैया गांव में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर खंभे सहित गिर गया। साथ हीं गांव में बिजली सप्लाई के लिए 11000 वोल्ट के बिजली तार तथा खंभे गिर गए।



बता दें कि चंद्रदीप साव के खपरैल मकान तूफान में उजड़ गया। गुरुवार को गांव के लोगों ने भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन को इस बात की जानकारी दी। श्री रंजन ने गांव पहुंचकर आंधी तूफान में बिजली ट्रांसफार्मर और क्षतिग्रस्त पोल का जायजा लेने के बाद पहल करते हुए बिजली विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार को उक्त समस्या से अवगत कराते हुए गांव के लोगों के लिए जल्द बिजली बहाल करने की बात कही। उधर चंद्रदीप साव के क्षतिग्रस्त मकान को देखते हुए पीड़ित परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता राशि दिलवाने में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

बिजली विभाग की टीम गांव पहुंचकर बिजली को सुचारू रूप से चालू करने के प्रयास में जुट गई है। इस संबंध में दूरभाष पर बिजली विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार से बात करने पर बताया कि जल्द हीं तारपोल को दुरुस्त कर सुचारू रूप से बिजली बहाल की जाएगी। इस मौके पर सुनीता देवी, धनेश सिंह, वीरेंद्र साव, अशोक साव, आदित्य सिंह, सेवक सिंह, संदीप साव,सुंदर साव,अरुण मिश्रा, राजेश मिश्रा, दिलीप पासवान, मो नसीम अंसारी, अख्तर हुसैन, दिनेश पासवान, शंभू सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# पांच हजार रुपए रिश्वत लेते पंचायत सेवक रंगेहाथ गिरफ्तार

संवाददाता

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सेरेगड़ा पंचायत के पंचायत सेवक अर्जुन राम को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू की टीम ने गुरुवार को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। पंचायत सेवक सड़क निर्माण कार्य में भुगतान के लिए लाभुक से पांच हजार रुपए रिश्वत ले रहा था। जानकारी के अनुसार मालूमात प्रखंड के सेरेगड़ा पंचायत के बुकरू गांव में ईट सोलिंग सड़क का निर्माण पंचायत स्तर पर कराया जा रहा था। काम पूरा होने के बाद लाभुक समिति के द्वारा जब पंचायत सेवक से पैसे भुगतान की



मांग की जाने लगी तो पंचायत सेवक ने इसके बदले रिश्वत के रूप में पांच हजार रुपए की मांग की। लाभुक समिति के द्वारा पंचायत सेवक से काफी अनुरोध किया गया, परंतु बिना रिश्वत लिए पंचायत सेवा के पैसे भुगतान करने को तैयार ही नहीं था। अंत में लाभुक समिति के द्वारा मामले की शिकायत पलामू निगरानी की टीम से की गई। शिकायत मिलने के बाद निगरानी की टीम ने पूरे मामले की छानबीन की और जब यह बात स्पष्ट हो गया कि पंचायत सेवक रिश्वत मांग रहा है तो निगरानी की टीम ने लाभुक को पैसे देकर पंचायत सेवक के पास भेजा।

पंचायत सेवक प्रखंड कार्यालय परिसर में ही रिश्वत के पैसे जैसे ही लाभुक कर दिया वैसे ही निगरानी की टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। नोटों की पहचान करने के बाद आरोपित पंचायत सेवक को निगरानी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### अपराधी अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह शिफ्ट किया गया



**मेदिनीनगर।** पलामू कुख्यात डॉन अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह शिफ्ट किया गया है। अमन साव पिछले एक वर्ष से पलामू सेंट्रल जेल में था। गुरुवार को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह शिफ्ट किया गया है। यह दूसरा मौका है जब अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह भेजा गया है, दो वर्ष पहले अमन साव पर पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक को धमकी देने का आरोप लगा था। घटना के बाद अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से ट्रांसफर किया गया था। पालम सेंट्रल जेल के जेलर प्रमोद कुमार ने अमन साव को गिरिडीह जेल ट्रांसफर करने की पुष्टि की है। अमन साव पर पलामू के इलाके में भी तीन से अधिक एफआईआर दर्ज हैं, रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी से रंगदारी मांगने और सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट को धमकी देने के मामले में अमन साव पर पलामू में एफआईआर दर्ज है। दो दिन पहले झारखंड के विभिन्न इलाकों में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने अमन साव से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। अमन साव एक इंटरनेशनल डॉन के रूप निकल कर सामने आया है। अमन साव का संबंध लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है अमन साव के गुर्गे मलेशिया समेत देश के कई राज्यो में मिले हैं। अमन साव पर झारखंड के विभिन्न इलाकों में 100 से भी अधिक एफआईआर दर्ज है। ढाई वर्ष पहले अमन साव से पलामू पुलिस ने पूछताछ की थी। इस दौरान उसने पुलिस से कहा था कि वह भारत का सबसे बड़ा डॉन बनना चाहता है जिस पर देश में सबसे अधिक एफआईआर दर्ज हो।

### नव पदस्थापित थाना प्रभारी रामाशंकर पटेल ने दिया योगदान



**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी के रुप में रामाशंकर पटेल ने अपना योगदान दिया। मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह से प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद थाना परिसर का निरीक्षण किया। थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। प्रभार लेने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुऐ कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी, साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री भाव पैदा कर बेहतर और भय मुक्त वातावरण तैयार करना है। वही उन्होंने तमाम थाना क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील की, साथ ही उन्होंने वाहन चेकिंग अभियान को नियमित रूप से चलाने की बात कही,उन्हों ने लोग से अपील किया कि अपनी समस्यों को लेकर सीधे संपर्क कर सकते है।

### अंचल पदाधिकारी ने गिट्टी लोड ट्रैक्टर किया जब्त



**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी रात्रि में सबानो पथरा बालू घाट को निरिक्षण कर वापस आने के क्रम में नहर मोड़ जपला धरहरा के पास ओवर लोड गिट्टी लदे ट्रैक्टर को पकड़ कर जब्त कर हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया, एवं अग्रेतर कारवाई की लिए लिखा। अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि ओवर लोड एवं बालू के अवैध कारोबारियों को किसी भी कीमत पर नहीं बक्सा जायेगा और कार्रवाई जारी रहेगी।

### भूमि विवाद : दो पक्षों में मारपीट, एफआईआर दर्ज

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के अररूआ कला गांव के चरकेड़िया टोला में बुधवार को दीवाल उठाने को लेकर विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमे 3 लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के बेबी देवी तथा दशरथ यादव तथा दूसरे पक्ष के अनिता देवी का नाम शामिल है। वही दोनों पक्षों द्वारा थाना में एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गांव के बेबी देवी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार गांव के रहनेवाले रामप्रवेश यादव, नरेश यादव, दशरथ यादव, मुखदेव यादव, बुधन सिंह यादव, हरेंद्र यादव, पप्पू यादव तथा प्रेमचंद यादव हथियार से लैस होकर उसके जमीन में जबरन ईट का दीवार उठा रहे थे। उसने जब मना किया तो मार-पीट करने लगे। वहीं नरेश यादव ने अपनी प्राथमिकी में कहा है कि वह अपने घर के चहारदिवारी के अंदर दीवाल का निर्माण कर रहे थे, तभी राजेश्वर यादव, भरत यादव, क?इल यादव, गणेश यादव, अनीता देवी, नागमती देवी, चांदी यादव, पिंकी देवी, शोभा देवी, तेतरी देवी, सीमा देवी तथा लालमति देवी ने हथियार के साथ हमला कर दिया। साथ हीं मारपीट करते हुए घर से पैसा निकाल लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से काउंटर केस किया गया है ।मामले की छानबीन की जा रही है।

महा प्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति को मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र सौंपा

# सरकारी की दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली योजना की घोषणा सिर्फ छलावा: कर्नल

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अगस्त 2022 में सौ यूनिट मुफ्त बिजली योजना लागू किया था फिर वर्तमान मुख्यमंत्री पच्चीस यूनिट बढ़ाते हुए एक सौ पच्चीस किया अब दो सौ करने जा रहे है। कर्नल संजय कुमार सिंह बीजेपी के वरिष्ठ नेता और किसान ब्रिगेड के संरक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति के जारी कर कहा कि ये जनता के कानों को खुश करने वाला योजना है जो अभी तक धरातल पर कार्यान्वित नहीं किया गया है। जब तक सभी उपभोक्ताओं का बिजली मीटर ठीक करके मासिक बिल निर्गत नहीं किया जाएगा। तब तक यह योजना वोट के लिए झूठा वादा और छलावा नजर आता है।



उन्होंने महा प्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति क्षेत्र मेदिनीनगर को मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र के माध्यम से जिसकी प्रतिलिपि सीएमडी, जीएम और सभी अधिनस्थ पदाधिकारियों को भी दिया है, सभी उपभोक्ताओं के मीटर को ठीक कर विभाग द्वारा नियुक्त उर्जा मित्र को सक्रिय कर सभी घरों को मासिक बिल प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। इसके अलावा उन्होंने विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल जपला के सहायक विद्युत अभियंता (एसडीओ) राम प्रसाद महतो को हटाने का भी मांग किया है। उन्होंने कहा कि जपला में पदस्थापित सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो ने जब से पदभार ग्रहण किया है, तब से विद्युत विभाग कार्यालय जपला में इनका उपस्थिति बहुत कम देखने को मिल रहा है। चूंकि लॉगिंग कोड का ओटीपी इनके मोबाइल पर आता है, और ये अनुपस्थित रहते हैं जिसके कारण ऑनलाइन संबंधित कार्य नहीं हो सकता है इसलिए यहां के सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं के कार्यालय संबंधित कार्य लंबित है।

उन्होंने आगे कहा कि जेएमएम सरकार का ये चुनावी वादा भी बेरोजगारी भत्ता, युवाओं को नौकरी की तरह कानों को खुश करने वाला है और अब भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने मन बना लिया है वर्तमान सरकार के झूठे वादों में आकर जनता अब पुनः इन्हे सत्ता में नहीं लाने वाली है। मौके पर बद्रीनारायण सिंह, सत्यनारायण यादव, संतोष, चन्द्र भूषण, सुभाष और मनोहर सिंह मौजूद थे।

# ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोग परेशान



संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहर के एनएच 139 पुरानी बस स्टैंड स्थित 200 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है। इससे शहरवासियों को परेशानी हो रही है। एक ओर भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। जिसे लेकर समाजसेवी राजीव रंजन ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की बात को लेकर विभाग के पदाधिकारी से बात हुई है। नया ट्रांसफार्मर मुहैया कराने का आश्वासन प्राप्त हुआ है। इस मौके पर बल्लू बलराम, टुनटुन मिश्रा, राजू सिंह, डॉ० बीएस मेहता, अभय कुमार, अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# छात्रों ने बाल संसद के लिए नवसृजित प्राथमिक विद्यालय पीरोजी में मतदान कर चुना प्रधानमंत्री



संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय पीरोजी में गुरुवार को स्कूली बच्चों के व्यक्तित्व विकास को लेकर प्रधानाध्यापक नीरज कुमार पाठक की अगुवाई में लोकतांत्रिक तरीके से बाल संसद का चुनाव कराया गया। पर्यवेक्षक के रूप में सीआरपी अजीत कुमार मिश्रा ने जिम्मेवारी निभाई। प्रधानाध्यापक श्री पाठक ने कहा कि इससे बच्चों में जागरूकता और उत्साह बढ़ता है। विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार शर्मा, देववंश प्रसाद तथा एसएमसी अध्यक्ष गुप्ता साव का पूरा सहयोग मिला। प्रधानमंत्री पद के लिए तीन उम्मीदवारो ने पर्चा भरा। जिसमें निधि कुमारी, निशांत कुमार तथा रिया कुमारी मैदान में थे। वोटिंग में कुल मत 73 पड़ा जिसमें निधि कुमारी को 32, रिया कुमारी 28 तथा निशांत कुमार को 10 वोट मिले, जबकि तीन वोट इनवेलिड हुआ। इस तरह से निधि कुमारी ने 4 वोट से विजय हासिल किया। बाल संसद के चुनाव में मत पेटी, बैलेट पेपर सहित अन्य चुनावी प्रक्रिया अपनाये जाने से जहां बच्चों को लोकतांत्रिक तरीके से चुनावी प्रक्रिया सीखने का मौका मिला। वही यह चुनाव बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# आकाशीय बिजली की चपेट में युवक की मौत

- सदर थाना की पुलिस कर्मियों द्वारा घायल को पहुंचाया गया अस्पताल
- जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के दुबिया खाड़ अपना ढाबा के पास एक व्यक्ति शमशाद खान गढ़वा जिला का निवासी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पेट्रोलिंग कर रहे एएसआई बीबी समद अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आकाशीय बिजली की चपेट में आकर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।



जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। वही इस घटना के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में शमशाद का पोस्टमार्टम करवा कर शव को मटी मंजिल के लिए घर ले गए।बताया जाता है कि युवक शमशाद वर्षा होने के बाद भी बाइक पर सवार होकर सतबरवा की ओर जा रहा था। इसी बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

# तीन दिन पहले हुई मारपीट में एक नाबालिग को किया गया निरुद्ध

संवाददाता

**पलामू।** सेलारी पंचायत क्षेत्र में तीन दिन पहले हुई मारपीट में एक नाबालिग को किया गया निरुद्ध, 17 पर दर्ज है। मुकदमा पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सेलारी पंचायत देल्हा गांव में तीन दिन पहले जमीन विवाद में हुई मारपीट में बुधवार को एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इस सिलसिले में 17 लोगों पर मुकदमा दर्ज है। मारपीट में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी अभियान चला रही है। बताते चलें कि संतोष महतो, चंद्रिका महतो, रौशन कुमार, भगमानी देवी एवं ज्ञानती देवी के साथ गांव के ही 17 लोगों ने मिलकर मारपीट की थी। इस संबंध में सभी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दरअसल मारपीट से जो जख्मी हुए है उस पक्ष के लोगों को अबुआ आवास योजना स्वीकृत हुआ है। वे लोग मकान बनाना चाहते हैं, लेकिन दूसरे पक्ष के लोग संबंधित जगह को अपनी



जमीन बताकर मकान निर्माण का विरोध कर रहे हैं। इसी क्रम में दूसरे पक्ष के लोगों ने प्रथम पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की थी, जिससे चांद्रिक महतो का हाथ टूट गया है, जबकि अन्य लोग जख्मी हुए थे। सभी का इलाज किया गया। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि रामरति महतो, ललन महतो, अरविंद, वशिष्ठ, धूपन, जाउत्री देवी, बृजदेव, श्याम देव, रमेश, लखन, कमलेश, लवकुश कुमार, द्रौपदी देवी, प्रमिला देवी, बसंत महतो बुधन महतो एवं एक नाबालिक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

# शहर का वर्तमान परिदृश्य भयावह है, नगर निगम शहर का प्यास बुझाने में असफल: आशीष भारद्वाज

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पानी मांगे पलामू, हमे हमारा पानी दो, पानी हमारा अधिकार है के नारों के साथ आज युवाओं की टोली 'पानी यात्रा' के नवें दिन मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शांतिपूरी, सुदना पश्चिमी, रेलवे क्रॉसइंग एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाई। 'पानी यात्रा' के दौरान युवाओं ने जलसंरक्षण व पैधारोपण हेतु नगरवासियों को जागरूक भी किया। 'पानी यात्रा' का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि आप एक ऐसी भयावह स्थिति कि कल्पना कीजिए जब आपके आसपास हर जगह पीने का पानी सूख चुका है ऐसे में आपका जीवन यापन कहा तक संभव रह जाएगा, कुछ यही हाल हो गया है हमारे नगर निगम क्षेत्र मेदिनीनगर का। जहां लगभग घरों के पेयजल स्त्रोत सूख चुके हैं, त्राहिमाम मचा हुआ है। नगर निगम के द्वारा जो टैंकर से पानी



वितरण की तत्कालीन व्यवस्था की गई है ओ भी टोटल फेल है। जल वितरण की जिनको भी ज़िम्मेवारी मिली है ओ अपने कार्य में असफल है। वही आबादी के हिसाब से टैंकर की संख्या भी बहुत कम है।

इन सभी व्याप्त अव्यवस्था को लेकर हम जल्द ही नगर आयुक्त से मुलाकात कर सीमित समय में समाधान का मांग करेंगे। श्री भारद्वाज ने कहा कि जो पदाधिकारी या कर्मी हमारे शहरवासियों के हिस्से का पानी निगलेगा हम उसके हलक में हाथ डालकर हिसाब किताब कर लेंगे। इनलोगो ने तमाशा बना दिया है, हमारा शहर पेयजल समस्या के एक भयावह दौर से गुजर रहा है जहां लगभग लोग पेयजल को लेकर कष्ट में है ऐसे में कुछ लोग मदद के जगह अपना रोटी सेकने में लगे है ओ हम नहीं चलने देंगे। अपने शहर के हिस्से का पानी हमें जहां से लाना पड़े हम वहां तक जायेंगे, जिससे मिलना भिड़ना पड़े हम तैयार है। किसी भी स्थिति में हम मेदिनीनगर वासियों को अपने हिस्से का पानी चाहिए। अब थोड़ा हम शहरवासियों को भी सचेत होकर पेयजल संरक्षण और पौधारोपण पर गंभीरता से सोचना होगा और एक अभियान के तहत इसपे लगना होगा। शहर हमारा है हमे ही इसे बचाना भी है और संवारना भी है।

श्री भारद्वाज ने कहा कि नगर आयुक्त महोदय से मिलकर हम टैंकर वितरण में अनियमीतता, टैंकरों की संख्या में वृद्धि, पाइपलाइन कनेक्टिविटी के कॉस्ट, पानी सप्लाई, सेकंड फेज की स्थिति और हमारे शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के संपूर्ण उपचार पर वार्ता करेंगे। नवें दिन के पीनी यात्रा में साहेबजी नामधारी, दीपक प्रसाद, संदीप प्रसाद, दिलीप गिरी, शशांक सुमन, राजेश रंजन, मुन्ना दूबे, सोनू पांडेय,आकाश विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, नवनीत मेहता, सूरज सिंह, शेखर सिंह, अमित सिंह, प्रभात सिंह , रौशन पाठक, रिशु दूबे, गोलू दूबे, गोलू मेहता, धीरू मेहता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कोलकाता आया बांग्लादेशी युवक लापता

**कोलकाता।** कोलकाता आके लापता बांग्लादेश का एक युवक। मोहम्मद दिलवर हुसैन नाम के युवक की उम्र 23 साल है। बांग्लादेश के पबना से युवक इलाज के लिए कोलकाता आया था। दिलवर कोलकाता के पार्क स्ट्रीट के एक होटल में रुके थे। हालांकि, बुधवार रात से उसका पता नहीं चल पाया है। आसपास के होटलों से बात करने पर पता चला कि कई बार बांग्लादेश से लोग बिना चेक आउट किए ही होटल छोड़ देते हैं। बहरहाल, बांग्लादेशी सांसद की हत्या के बाद होटल अधिकारी आतंक में हैं। मामले की सूचना थाने को दे दी गयी है। बांग्लादेश का यह युवक इलाज के लिए कोलकाता आने के बाद गायब क्यों हो गया, इसे लेकर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। पांच थानों की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### अमृत भारत ट्रेन की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**पूर्वी चंपारण।** रक्सौल-सीतामढ़ी रेलखंड के जयमूर्तिनगर हॉल्ट स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक मासूम की मौत हो गयी। मृतक बनकटवा के अनिल ठाकुर का पुत्र 3 वर्षीय कल्लू कुमार बताया गया है। वहीं उसकी दो बहनें खुशी कुमारी (5) व रुचि कुमारी (4) ट्रेन की चपेट में आने से बाल बाल बचीं। तीनों सगे भाई बहन प्लेटफार्म के उत्तरी भाग में मौजूद अपने पिता की दुकान से लौट रहे थे। लौटने के क्रम में दो बहनें ट्रैक पार कर गयी, जबकि छोटा भाई ट्रैक पार कर ही आ रहा थी कि रक्सौल की ओर से आर रही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। उल्लेखनीय है कि मृतक अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था। उसकी मां गूंगी है वही उसके पिता भी दिव्यांग हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख पुकार मची है, परिजनो का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

### जमीन विवाद में पुत्र ने की पिता की हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले में आपसी विवाद में एक पुत्र पक अपने पिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के शंभू चक पंचायत के वार्ड नंबर 10 राई टोला की है। में बताया जा रहा है कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के शम्भूचक पंचायत के वार्ड नंबर-10 राइटोला गांव निवासी अरुण सिंह और उसके छोटे भाई रत्नेश सिंह के बीच घरारी के जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था, जिसको लेकर फिर से दोनो के बीच विवाद शुरू हुआ तो पिता वशिष्ठ सिंह (70 साल) बीच में आ गए। फिर दोनों के बीच पहले गाली- गलौज फिर मारपीट शुरू हो गया। इसी दौरान अरुण सिंह ने अपने बेटे विवेक कुमार, पत्नी अर्चना देवी और एक पट्टीदार संजय सिंह के साथ मिल कर अपने वृद्ध पिता वशिष्ठ सिंह की पिटाई शुरू कर दी,जिससे वशिष्ठ सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के बाद अरुण सिंह अपनी पत्नी और बेटा के साथ फरार है। मृतक का छोटा बेटा रत्नेश ने बताया कि पिता जी हमारे साथ थे।

### बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र 22 से

**पटना।** बिहार विधानमंडल का सत्र आगामी 22 से 26 जुलाई तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र के लिए सरकार ने अपनी स्वीकृति दे दी है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद अब विधानसभा सचिवालय जल्द ही पूरा शेड्यूल जारी करेगा। पांच दिनों तक चलने वाले सत्र के दौरान सरकार कई अहम विधेयकों को सदन के पटल पर रखेगी और दोनों सदनों से उन्हें पारित कराने की कोशिश करेगी। 22 जुलाई को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही मानसून सत्र की शुरूआज होगी। सोमवार से शुरू होकर शुक्रवार तक चलने वाले मानसून सत्र के दौरान विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।

### अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा

**नवादा।** एडवोकेट एसोसिएशन सदर सब डिविजन नवादा के सदस्य स्वर्गीय अखिलेश प्रसाद के आकस्मिक निधन के बाद मृत आत्मा की शांति के लिए गुरुवार को नवादा व्यवहार न्यायालय मे शोक सभा का आयोजन किया गया। अनुमंडल अधिवक्ता संघ के साथ ही नवादा जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने भी आज न्यायालय में कार्य नहीं किया, जिस कारण न्यायालय का कार्य पूर्णतया ठप रहा। मृत अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की गई । शोकसभा में अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार सिन्हा, महासचिव निरंजन कुमार सिंह, पूर्व महासचिव इश्वरी प्रसाद शर्मा सहित सैकड़ों सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। महासचिव निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि तत्काल प्रशासनिक आदेश के तहत अध्यक्ष के साथ विचारोपरांत दस हजार रुपये की सहायता राशी स्वर्गीय अधिवक्ता अखिलेश प्रसाद की पत्नी को दिये जाने की बात पर सहमति बनी।

### ग्रामीणों ने किया घंटो सड़क जाम

**अलीपुरद्वार।** लगातार बारिश के कारण हाथी हर रात फालाकाटा ब्लॉक के मुंडापाड़ा और छोटा शालकुमार गांवों में प्रवेश कर रहे हैं। जिससे पिछले कुछ दिनों में 10-12 लोगों के घर क्षतिग्रत हो गए है। हाथियों के झुंड ने घर में रखा खाना खा लिया है। रात में श्रमिक पलंग के नीचे सोने में मजबूर है। बढ़ते हाथी के आंतक के कारण स्थानीय लोगों ने गुरुवार को फालाकाटा-मदारीहाट राजमार्ग बंद कर विरोध प्रदर्शन में शमिल हो गए। प्रदर्शनकारियों का यह आंदोलन सुबह से दोपहर तक चलाने से सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर फालाकाटा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने बाद में पुलिस के आश्वासन पर जाम हटाया गया। फालाकाटा पंचायत समिति के वन एवं भूमि अधिकारी दीपक सरकार के कहा कि बारिश में हाथी कई इलाकों में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए जंगल संलग्न इलाके के लोग चिंतित हैं।

#### महानंदा नदी का जलस्तर तीन दिन में 4 सेंटीमीटर बढ़ा

# कई हिस्सों में घुसा बाढ़ का पानी

**साथ ही डोंक नदी का भी जलस्तर काफी बढ़ गया है**



एजेंसी

**किशनगंज।** जिले में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से महानंदा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। साथ ही डोंक नदी का भी जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसको लेकर सीओ मोहित राज ने भी नदियों का जायजा लिया है। पोठिया प्रखंड क्षेत्र होकर बहने वाली महानंदा व डोंक नदी का जलस्तर पिछले तीन दिनों से बढ़ रहा है। लगातार वर्षा होने के कारण दोनों नदी उफान पर है। महानंदा नदी का जलस्तर बढ़कर 4 सेंटीमीटर हो गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से गोरिहाट, डाक बंगला, कलियागंज आदि स्थानों पर नदी किनारे बसने वाले गिल्हाबाड़ी, बारापोखर, आदिवासी टोला मुस्लिम टोला, बारापोखर प्राथमिक विद्यालय, तैयबपुर, कलियागंज, गोरिहाट, इंदरपुर सहित दर्जनों गांवों में नदी का पानी प्रवेश कर जाता है। फिलहाल, बहादुरगंज के कई हिस्सों में बाढ़ का पानी घुस चुका है।

नदी की उफान को लेकर लोग इस आशंका को लेकर परेशान हैं, कि यदि रात तक पानी की बढ़ती रफ्तार नहीं रुका तो मुश्किलें बढ़ जायेगी। इसी प्रकार डोंक नदी का भी जल स्तर बढ़ने से लोग बाढ़ की आशंका को लेकर चिंतित हैं। पोठिया के मो. आदिल, बिरजू सहित कई स्थानीय लोगो ने बताया कि गांव में अब तक पानी प्रवेश नहीं किया है। लेकिन, माल मवेशियों को दिक्कत जरूर है।

नदियों के उफान से कई मुख्य सड़कों से संपर्क टूटने के कगार पर है। कई डायवर्जन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी होगी। मामले पर अंचल अधिकारी मोहित राज ने बताया कि उनके द्वारा विभिन्न बढ़े हुए नदियों का निरीक्षण किया जा रहा है, साथ ही टूटे हुए डायवर्जन वाले जगहों को चिह्नित कर तत्काल प्रभाव से उसे ठीक किया जा रहा है और चलने लायक बनाया जा रहा है।

## एक ही परिवार तीन महिलाओं का मिला शव, इलाके में हड़कंप



एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के भलुआही गांव में गुरुवार को एक घर से तीन महिलाओं का शव बरामद हुई है। इस दर्दनाक घटना के प्रकाश में आने से इलाके में हड़कम्प मचा है। एक ही परिवार के तीन महिला सदस्यों की मिली लाश की तरह की शंकाओं को जन्म दे रही है। मृतकों में माता एवं उनकी दो पुत्रियां शामिल है। जिसमें एक पुत्री शिक्षिका बताई जाती हैं। जो प्रखण्ड के केवाली पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा में पदस्थापित थीं। घटना के बाद इलाके में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भलुआही बाजार में अवस्थित सेवानिवृत्त इंजीनियर स्वर्गीय नियाज अहमद के मकान में रह रहे उनकी पत्नी आमना खातून (उम्र-लगभग 85 वर्ष),उनकी शिक्षिका पुत्री शबाना खान (उम्र-लगभग 55 वर्ष) एवं एक अन्य पुत्री मंजू खातून (उम्र-लगभग 56 वर्ष) की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। तीनों महिलाएं का शव मकान के ही अलग अलग कमरा से बरामद किया गया है।

## हावड़ा और बेलघरिया में ईडी का तलाशी अभियान



संवाददाता

**कोलकाता।** गुरुवार सुबह से ही ईडी कई इलाकों में तलाशी अभियान की। ईडी की दो टीमें इस दिन हावड़ा के सालकिया और लिलुआ में तलासी अभियान की। सूत्रों के मुताबिक धोखाधड़ी के एक मामले की जांच में उन दोनों इलाकों के दो निवासियों के नाम सामने आयी हैं। यह तलासी अभियान उसी केस पर आधारित है। पता चला है कि ईडी सलकिया के श्रीराम ध्यम रोड निवासी मोहम्मद हुसैन के घर और लिलुआ के चकपारा इलाके में मनोज दुबे के फ्लैट पर तलाशी अभियान की। केंद्रीय बलों ने दोनों जगहों को घेर लिया। पता चला है कि इन दोनों लोगों का नाम साइबर फ्रॉड मामले में आरोपी के तौर पर सामने आया है। उसी आधार पर ईडी के अधिकारी उनके घरों की तलाशी किये। इस बीच ईडी बेलघरिया के जाग्रत पल्ली में आदित्य अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर रमेश प्रसाद नाम के शख्स के घर की तलाशी की। बताया जाता है कि रमेश एक विदेशी सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करता है।

## 'जुर्माने' के पैसे मांगने पर एक युवक की हत्या

संवाददाता



**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद के सुती थाना क्षेत्र के नेताजी मोर-बराजपाड़ा इलाके में गुरुवार सुबह पेड़ से आम तोड़ने के विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत युवक का नाम कबीर शेख (34) है। घर बरजपारा इलाके में है। जंगीपुर पुलिस जिला अधीक्षक आनंद रॉय ने कहा, हत्या में शामिल होने के आरोप में दो लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सुती थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उनका घर भी बरजपारा गांव में है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पहले कबीर शेख और रेजाउल शेख के बीच एक पेड़ के आम को लेकर झगड़ा हुआ था। रेजाउल के परिवार का एक सदस्य चट्टान से टकराकर पेड़ से आम तोड़ने की कोशिश कर रहा था, जबकि कबीर के परिवार का एक सदस्य चट्टान से टकराकर घायल हो गया। इस घटना को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद हो गया। बाद में गांव के कुछ लोगों ने मध्यस्थता कर दोनों परिवारों के बीच विवाद को सुलझाया और गांव की मध्यस्थता बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रेजाउल कबीर के परिवार घायल सदस्य के इलाज के लिए 800 रुपये देगा।

हालांकि, स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मध्यस्थता बैठक के फैसले के बाद रेजाउल ने कबीर को 800 रूपए का 'जुर्माना' नहीं दिया। बताया जाता है कि कबीर जुर्माना वसूलने के लिए पिछले कुछ दिनों में कई बार रेजाउल के घर गया लेकिन उसे खाली हाथ लौटना पड़ा। सूरज शेख नामक मृतक के एक रिश्तेदार ने कहा, कबीर अपने पैसे के लिए रेजाउल के घर गया था। उसी समय रेजाउल ने अचानक चाकू से उसकी हत्या कर दी। घटना के दौरान रेजाउल की पत्नी भी उसके साथ थी। हत्या की खबर मिलते ही सूती थाने की बड़ी संख्या में पुलिस बल इलाके में पहुंची। घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने इलाके में छापेमारी कर आरोपी रेजाउल और उसकी पत्नी जली को गिरफ्तार कर लिया।

## ज्योतिप्रिय ने फिर मांगी जमानत, ईडी ने जताई आपत्ति

**कोलकाता।** राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में ज्योतिप्रिय की परेशानी बरकरार है। राज्य के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने जमानत के लिए एक बार फिर कोलकाता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। गुरुवार को ईडी ने मामले की जमानत सुनवाई का विरोध करते हुए कोर्ट से समय मांगा। जस्टिस शुभ्रा घोष ने केंद्रीय जांच एजेंसी को चार दिन का समय दिया। इस मामले की अगली सुनवाई अगले मंगलवार को है। ज्योतिप्रिय के परिवार ने शारीरिक बीमारियों का हवाला देते हुए कई बार अदालत में जमानत के लिए आवेदन किया है। लेकिन कोर्ट ने अभी तक ज्योतिप्रिय की जमानत अर्जी मंजूर नहीं की है। उन्हें 16 फरवरी को राज्य मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था। तृणमूल के एक सूत्र के मुताबिक ज्योतिप्रिय को जमानत दिलाने के लिए उनके परिवार ने मुख्यमंत्री से मंत्रिमंडल से हटाने की अपील की थी। उस याचिका पर फरवरी में ज्योतिप्रिय को मंत्रालय से बर्खास्त कर दिया गया था। लेकिन फिर भी अभी तक जमानत नहीं मिली।

#### कोटक लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया कोटक जेन 2 जेन प्रोटेक्ट

# सुरक्षा योजना जेन विरासत के रूप में आपके बच्चे को भी दी जा सकती है



संवाददाता

**कोलकाता।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज अपनी नई सुरक्षा योजना कोटक जेन-जेन प्रोटेक्ट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह उत्पाद एक योजना के साथ दो पीढ़ियों को कवर करने के विकल्प के साथ इंडस्ट्री की ऐसी पहली सुविधा प्रदान करता है, जो इस सुरक्षा की विरासत को आगे बढ़ाता है। सर्वाइवल (उत्तरजीविता) पर प्रीमियम लाभ की 100 फीसदी गारंटीकृत वापसी के साथ आने वाला, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट बच्चे को कम्पलीट रिस्क कवर (पूर्ण जोखिम कवर) ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है, जब माता-पिता (प्राथमिक बीमाधारक) 60 या 65 साल के हो जाते हैं। इसके अलावा, यह रिस्क कवर बच्चे के साथ 60 साल की उम्र तक बना रहता है। यह उत्पाद वेलनेस बेनेफिट और एक्सीडेंटल डेथ बेनेफिट (दुर्घटना मृत्यु लाभ), स्थायी विकलांगता की स्थिति में लाभ और गंभीर बीमारी प्लस जैसे राइडर्स के माध्यम से व्यापक कवरेज भी प्रदान करता है। महिला पॉलिसीधारकों के लिए, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट अतिरिक्त 5 फीसदी डेथ बेनेफिट प्रदान करता है। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी, महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि एक संगठन के रूप में, हमारा समर्पण उन उत्पादों को नया और क्यूरेट करने पर है, जो हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटक जेन 2 जेन प्रोटेक्ट एक ऐसा उत्पाद है, जिसके माध्यम से हमारे ग्राहक एक ही टर्म प्लान के साथ दो पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस उत्पाद की सोच हम भारतीयों द्वारा परिवार, परंपरा और विरासत को दिए जाने वाले महत्व से आती है। मूल्यों, ज्ञान और शिक्षा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी भारतीय संस्कृति में गहराई से समाहित है। यहां एक उत्पाद है जो इन मूल्यों के महत्व को समझता है। मुझे यकीन है कि कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट जैसे इनोवेटिव उत्पाद प्रोटेक्शन कैटेगरी का विस्तार करेंगे और 2047 तक आईआरडीएआई के 'सभी के लिए बीमा' के उद्देश्य में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## न्यूटाउन में क्षत-विक्षत शव, हत्या या आत्महत्या, पुलिस कर रही जांच



संवाददाता

**कोलकाता।** न्यूटाउन में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से काफी उत्साह है। गुरुवार को सुबह होने से पहले, स्थानीय लोगों ने इकोपार्क पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर राम मंदिर के पास खालपड़ा में एक सुनसान जगह पर शव पड़ा देखा। पुलिस के मुताबिक अधेड़ उम्र के मृत व्यक्ति का नाम और पहचान अभी तक पता नहीं चल पाई है। उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। शायद रात के अंधेरे में किसी ने उसका क्षत-विक्षत शव न्यूटाउन में फेंक दिया होगा। उन अपराधियों की तलाश जारी है। स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार स्थानीय लोगों ने खालपाड़ा में फेंके गये गद्दे पर खून से सना हुआ शव देखा। मृतक ने हाफ पेंट पहना हुआ था। और शरीर का ऊपरी हिस्सा खाली था। खून के धब्बे नाक, मुंह और घुटनों से देखा गया। तुरंत ईकोपार्क थाने की पुलिस को सूचना दी गयी। इसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लेकिन अज्ञात व्यक्ति की मौत कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस की शुरूआती धारणा यह है कि व्यक्ति की हत्या कहीं और की गई है और शव को खालपाड़ा में सुनसान जगह पर फेंक दिया गया है।

# वाम दलों की समीक्षा बैठक में उठे सवाल, चुनाव में कांग्रेस के पारंपरिक मतदाताओं ने नहीं दिया वोट

एजेंसी



**कोलकाता।** हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में फिर से शून्य पर सिमटने के बाद माकपा में भविष्य में कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन को आगे बढ़ाने के औचित्य पर बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस और माकपा इंडिया ब्लॉक के सहयोगी हैं।

पार्टी की राज्य समिति के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि चुनाव परिणाम पर प्रारंभिक आंतरिक विश्लेषण से पता चला है कि लोकसभा चुनाव के दौरान माकपा का पारंपरिक वोट कांग्रेस को तो मिला लेकिन कांग्रेस के मतदाताओं ने वामपंथी उम्मीदवारों को वोट नहीं किया।

अंदरूनी सूत्रों ने गुरुवार को यह भी कहा कि कांग्रेस के साथ सीट-साझाकरण समझौते को जारी रखने की व्यावहारिकता पर पार्टी की राज्य समिति द्वारा बुधवार देर शाम संपन्न चुनाव परिणामों की समीक्षा के दौरान गंभीर सवाल उठाए गए थे।

माकपा के एक राज्य समिति सदस्य ने कहा कि वोटो के हस्तांतरण को लेकर इसी तरह का ट्रेंड 2016 और 2021 में पिछले दो राज्य विधानसभा चुनावों में भी था। 2024 में भी जारी रहा। उन्होंने कहा, शुरूआती विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि समर्पित कांग्रेस मतदाताओं ने हमें उस पार्टी के स्वाभाविक सहयोगी के रूप में स्वीकार नहीं किया है। इसलिए जिन सीटों पर हमने अपने उम्मीदवार उतारे, वहां समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पसंद तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच थी। हमारे लिए परिणाम शून्य रहा।

एक अन्य राज्य समिति सदस्य ने कहा, ठीक यही कारण है कि विभिन्न जिलों से निचले स्तर की समितियों द्वारा उच्च नेतृत्व को भेजे गए चुनाव पूर्व आंतरिक सर्वेक्षण रिपोर्टों में पेश की गई तस्वीर अंतिम परिणामों में किसी भी तरह से परिलक्षित नहीं हुई। अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि समीक्षा बैठक में उठाया गया एक और महत्वपूर्ण मुद्दा पार्टी के पारंपरिक स्वरूप की ओर लौटने की आवश्यकता थी। इस बात पर जोर दिया गया है कि माकपा अपने दम पर लड़ाई लड़े ताकि भले ही रिजल्ट शून्य हो लेकिन संगठनात्मक तौर पर मजबूत हो।

## मालगाड़ी की रफ्तार तेज थी, हादसे की जांच के दौरान जानकारी सामने आई

संवाददाता



**कोलकाता।** मुख्य रेलवे सुरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग के नेतृत्व में रंगापानी के पास डाउन कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है। कईयों से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है। रेलवे के कटिहार मंडल के डीआरएम सुरेंद्र कुमार ने कहा कि रेल कर्मचारियों का बयान पहले ही रिकॉर्ड किया जा चुका है। मालगाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी। लोको पायलट को भी धीमी गति से चलने की सूचना दी गई थी। हालांकि, इसकी जांच की जाएगी कि ट्रेन इतनी तेज गति से क्यों चल रही थी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट तैयार होने के बाद ही आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। संयोगवश, कंचनजंगा एक्सप्रेस सोमवार सुबह न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से सियालदह के लिए रवाना हुई। सुबह करीब 8:50 बजे फांसीदेवा के रंगपानी स्टेशन के पास अचानक कंचनजंगा को एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से उपायुक्त ने की शिष्टाचार मुलाकात



**हजारीबाग।** केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास,भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा देवी हजारीबाग जिला के इचाक व बरकट्ठा प्रखंड के भ्रमण के दौरान वें हजारीबाग परिसदन में कुछ पल के लिए रुकी। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने फूलों का गुलदस्ता देखकर उनका स्वागत किया तथा शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो भी मौजूद रही।

### मादक पदार्थों के रोकथाम व जागरूकता हेतु खेल कार्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**हजारीबाग।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निर्देश के आलोक में आज दिनांक 20/06/2024 को कर्जन स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यलय हजारीबाग के सभागार में मादक पदार्थ के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु हजारीबाग जिला मे संचालित आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों एवं अन्य खेल के खिलाड़ियों के साथ भाषण प्रतियोगिता एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिम्मी कुमारी,द्वितीय स्थान पुर्णिमा कुमारी, तृतीय स्थान एलिजाबेथ एक्का ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को मुख्य अतिथि यशवीर जग्गी सचिव हजारीबाग बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता एवं सेमिनार को सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम एवं खेल कार्यालय के कर्मियों का मुख्य योगदान रहा।

### कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह की अगुआई में 25 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया

**कटकमदाग।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के प्रयासों से कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया में 25केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी, जो कई दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे थे।बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया क्षेत्र में लगातार हाथियों का आना-जाना बना रहता था, जिससे जंगली इलाका होने के कारण अंधेरे में आने-जाने में ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस ट्रांसफार्मर की स्थापना से न केवल बिजली की समस्या का समाधान होगा, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी ग्रामीणों को राहत प्राप्त होगा। ग्रामीणों ने मुन्ना सिंह जी का आभार व्यक्त किया और उनके इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस पहल से उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयाँ काफी हद तक कम होंगी। मुन्ना ने आश्वासन दिया कि वह क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और जनता के हित में कार्य करते रहेंगे।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कोडरमा।** मादक पदार्थों का दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जिला खेल विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में कोडरमा जिला अंतर्गत संचालित डे- बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के बालिका के द्वारा लोगों को मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता एवं प्रचार प्रसार हेतु प्रभातफेरी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने लोगों से अपील कि मादक व नशीली पदार्थों का सेवन ने करें। इसके इस्तेमाल से परिवार और समाज पर गहरा असर पड़ता है।

### राज्य के श्रम मंत्री ने किया 75.78 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

# परिसम्पतियों व योजनाओं के स्वीकृति पत्र का हुआ वितरण



संवाददाता

**चतरा।** राज्य के उद्योग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड सरकार के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता द्वारा गुरुवार को कौशल विकास केंद्र से कुल 75.78 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया गया। जिसमें आरईओ के 04 योजना, जिसकी लागत 277.1059 लाख का शिलान्यास किया गया।

आरईओ की 05 योजनाएं 447.4072 लाख, भवन प्रमंडल की 02 योजनाएं 242.1871 लाख, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की 23 योजनाएं 501.3003 लाख, पथ प्रमण्डल की 01 योजना 24.9862 लाख, पीएचईडी की 07 योजनाएं 61.7504 लाख, जिला परिषद की 189 योजनाएं 5360.8882 लाख, भवन निर्माण निगम की 01 योजना 939.0000 लाख की कुल 228 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। वहीं इस अवसर पर जिला पशुपालन विभाग अंतर्गत बकरा विकास योजना के तहत 4 मादा एवं 1 नर कुल 05 लाभुकों को 94717 रुपये,कल्याण विभाग अंतर्गत सीएमईजीपी योजना हेतु कुल 10 लाभुकों को 250000 रुपए, जेएसएलपीएस अंतर्गत सीआईएफ योजना हेतु कुल 551 लाभुकों यथा संतोषी सखी मंडल, शिवानी सखी मंडल, लक्ष्मी सखी मंडल, शिव सखी मंडल, यमुना सखी मंडल को 2,16,44,717 रुपए, सामाजिक सुक्षा अंतर्गत सर्वजन पेंशन योजना हेतु कुल 10 लाभुको को स्वीकृति पत्र, समाज कल्याण अंतर्गत 02 लाभुको को ट्राइ साईकिल, डीआरडीए अंतर्गत अबुआ आवास योजना हेतु कुल 05 लाभुको को स्वीकृति पत्र दिया गया।

इस प्रकार गुरुवार को प्रशिक्षण सह कौशल विकास केन्द्र से मंत्री द्वारा कुल 566 लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का वितरण किया गया। वहीं 15 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं 02 लाभुको के बीच ट्राय साईकिल का वितरण किया गया।

## गृह रक्षक जवानों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** शहर के गृह रक्षक जवानों ने गुरुवार को सांसद विद्युत वरण महतो के बिस्टुपुर स्थित कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात करना चाहा। मगर सांसद के दिल्ली में होने के कारण उनके सचिव से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से गृह रक्षक जवानों ने स्वयंसेवक एक्ट में संशोधन करने की मांग की है। इस दौरान झारखंड वेलफेयर एसोसिएशन जमशेदपुर के प्रतिनिधि एवं महिला व पुरुष जवान उपस्थित रहे। जिसमें झारखंड वेलफेयर एसोसिएशन जमशेदपुर के जिलाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, जोगिंदर शर्मा, रामनारायण दुबे, राकेश यादव, भगवान शाह, चतुर्भुज सिंह, उमेश पाल, आशा रानी साडील, जय श्री साहू, विनोद साहू, भीष्म कुमार, राजीव कुमार, अमित सिंह, मुन्ना शाह समेत अन्य शामिल थे।

### गोशाला बने वर्षे से अधुरे पड़े दर्जनों सरकारी भवन

## विभागीय लापरवाही, लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी नही लिया गया संज्ञान



संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शिक्षा समेत अन्य विभागों द्वारा स्वीकृत जन उपयोगी भवन निर्माण में लाखों रुपये खर्च कर वर्षे से विभागीय निष्क्रियता के कारण आधे-अधूरे छोड़ दिए गए हैं। जो सरकारी रुपये का खुलेआम दुरुपयोग दशार्ता है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों के निष्क्रियता के कारण क्षेत्र में दर्जनों सरकारी भवन गोशाला में तब्दील हो कर रह गए हैं। सोकी एवं बेलखोरी में शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2008-09 में 6-6 लाख विद्यालय भवन निर्माण की राशि आवंटित की गई और शिक्षा समिति द्वारा दिवार खड़ाकर छोड़ दिया गया। वहीं सलेया में भवन निर्माण विभाग द्वारा अम्बेडकर भवन निर्माण के लिए 2009-10 में लगभग 4 लाख की राशि आवंटित की गई और आधा अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया। कमोबेश प्रखंड क्षेत्र में ऐसे दर्जनों सरकारी भवन हैं जिसमें आवंटित राशि निकासी कर आधे-अधूरे कार्य कर छोड़ दिए गए हैं। परंतु सम्बन्धित विभाग द्वारा आजतक कोई संज्ञान नहीं लिया गया और ना ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई आवाज ही उठाई गई। वहीं सम्बन्धित भवन निर्माण से जुड़े संवेदक व समिति जानकारी लेने पर पता चला कि विभाग द्वारा लागत से राशि आवंटित की गयी थी, जिसके कारण कार्य अधूरा रह गया है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन सर्वोत्तम तरीका : डीडीसी



संवाददाता

**जमशेदपूर।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम को जिला में सुचारू रूप से संचालित करने पर चर्चा भी की गई। इस दौरान कार्यशाला में शामिल मुख्य अतिथि डीडीसी मनीष कुमार ने बढ़ती जनसंख्या पर प्रभावी कार्ययोजना के रूप में परिवार नियोजन को महत्वपूर्ण भी बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन सर्वोत्तम तरीका है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से छोटा परिवार सुखी परिवार के तहत परिवार नियोजन कार्यक्रम वर्षो से चलाया जा रहा है।

इसके माध्यम से शिविर लगाकर बंध्याकरण एवं नसबंदी कर जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जाता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। जून- जुलाई माह में परिवार नियोजन सम्बन्धी कार्यक्रम जिला में चलाए जाएंगे।

ऐसे में परिवार नियोजन के उपायों को अपना कर जनसंख्या संतुलन को बनाए रखा जा सकता है तथा स्वस्थ्य झारखंड सुखी झारखंड की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, सभी एमओआईसी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य भी मौजूद थे।

# मादक नशीली पदार्थों के रोकथाम व दुष्प्रभाव के प्रति किया गया जागरूक



संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार मादक पदार्थों के रोक-थाम, दुरुपयोग हेतु विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के द्वारा आमजनों को मादक, नशीली पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के लिए पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजनों को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया और छोड़ने की अपील किया गया ताकि एक स्वास्थ्य समाज का निर्माण हो सके। इसके साथ साथ मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कर मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु संदेश लोगों तक पहुँचाएं। प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी समेत प्रखंड के कर्मियों ने नशा मुक्त भारत से संबंधित शपथ दिलाया गया। जेएस एलपीएस के स्वयं सहायता समूहों के महिला मंडल के साथ नशीले पदार्थ व मादक पदार्थों के सेवन , दुरुपयोग तथा इनके इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय में जागरूक किया गया।

## हजारीबाग पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष

**हजारीबाग।** विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो झामुमो के मीडिया सेल सदस्य एवं नगर संयोजक मंडली सदस्य सरफराज अहमद के घर गुरुवार को अपने हजारीबाग प्रवास के दौरान पहुंचे। उनके स्वागत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्ता और उनके परिवार के लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किया।वहीं मीडिया से रूबरू हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री महतो ने बेबाकी से उनके कई सवालों का उत्तर दिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया की सूचना पर ही अधिकारियों को फोन कर तुरंत कार्रवाई का निर्देश भी दिया।

## अवैध बालू लदे 7 ट्रैक्टर को किया जब्त एनजीटी के तहत की गई कार्रवाई



संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न नदी घाटों पर छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू लदे सात ट्रैक्टर को पुलिस ने गुरुवार को जब्त किया है। एनजीटी के उल्लंघन मामले में चालक व ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। छापेमारी अभियान का नेतृत्व बीडीओ सह सीओ राहुल देव एवं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता संयुक्त रुप से कर रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि 15 जून से 15 अक्टूबर का एनजीटी लागू है। इस अवधि में सभी बालू घाटों के साथ विभिन्न नदियों से बालू उत्खनन पर रोक लगा हुआ है। गुप्त सूचना मिली कि बलबल, घटेरी व तरी नदी से बालू का उठा किया जा रहा है। सूचना के अलोक में छापेमारी कर बलबल नदी से एक, घाटेरी नदी से दो व तरी नदी से बालू लदे चार ट्रैक्टर कुल 7 ट्रैक्टर जब्त किया गया है। इधर इस कार्रवाई से अवैध बालू की खरीद बिक्री करने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

# लंबित योजनाओं को ससमय करें पूर्ण : डीसी



संवाददाता

**हजारीबाग।** ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आज गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय की अध्यक्षता में की गई। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद रहीं। बैठक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए आवास निर्माण को पहली किस्त की राशि अविलंब जारी करें। उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनके पहला चरण का कार्य संतोषजनक है,तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें। सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोर कसर न रखें। योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कम प्रगति वाले प्रखंडों से जवाब तलब कर जल्द से जल्द प्रथम व द्वितीय किश्त की राशि हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया।

**बिरसा हरित ग्राम योजना**

इस योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख- रखाव एवं संरक्षण की भी पूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को सक्रिय कर बिरसा हरित ग्राम योजना से जोड़ने को कहा। उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों से सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं को गंभीर होकर कार्य करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड कार्यालय को पब्लिक फ्रेंडली बनाएं,लोगो की समस्याएं सुने और उनका निष्पादन भीं करे।

अबूआ आवास में ग्रामीणों द्वारा पीलिंथ तक के कार्यों की जीओ टैग फोटोग्राफ व डॉक्यूमेंट अपलोडिंग कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि चार दिनों के अंदर अबूआ आवास से संबंधित सभी लंबित कार्य को पूर्ण करें वरना वेतन निर्गत पर रोक लगा दी जाएगी।उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मनरेगा से जुड़ी योजनाओं तथा ग्रामीण स्तर पर चल रही कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने पी.डी जेनरेशन को भी बढ़ाने का निर्देश दिया साथ ही मनरेगा से संबंधित कार्यों ने किसी भी प्रकार का मशीन का प्रयोग न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, सभी बीडीओ, प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व किया गया योग अभ्यास



संवाददाता

**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में प्राचार्य उमेश प्रसाद के निर्देशन पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी की गई।योगाचार्य बचूलाल तिवारी द्वारा योगाभ्यास कराते हुए बताया कि योग शरीर और मन को एक साथ लाता है। यह तीन मुख्य तत्वों से बना है गति, श्वास और ध्यान। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, और मरोड़ जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं।पूर्वाभ्यास में संधि योग, प्राणायाम मे भस्त्रिका, कपालभाती, अनुलोम-विलोम, उज्जायी प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम तथा आसन में सूक्ष्म व्यायाम एवं वज्रासन, शशकासन,मंडूकासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया। पूर्वाभ्यास को सफल बनाने में आचार्य अमरदीप, चिरंजन खन्ना, शम्मी राज, इन्द्रजीत सिंह, अमरदीप नाथ शाहदेव, शंभू मिश्रा,सेखर,सतेन्द्र मिश्रा, दिलीप सिंह,शशि कान्त, अनूप झा, शुक्ला चौधरी, ज्योति राजहंस, आरती झा,ममता कुमारी, गायत्री पाठक दीदी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हॉकी इंडिया ने 27 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की

## एक नजर

### भारतीय रग्बी पुरुष और महिला टीम के मुख्य कोच बने वैसाले सेरेवी



**मुंबई।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ जिसे रग्बी इंडिया के नाम से भी जाना जाता है, ने विश्व रग्बी हॉल ऑफ फेमर वैसाले सेरेवी को तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय पुरुष और महिला 7२ टीमों का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने एक आधिकारिक बयान में कहा, रग्बी इंडिया में हम सभी के लिए मुख्य प्रेरणा कल की तुलना में आज बेहतर प्रदर्शन करना है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की हमारी खोज में हर दिन एक कदम आगे बढ़ना है। इसलिए, भारतीय राष्ट्रीय 7 टीमों के मुख्य कोच के रूप में वैसाले सेरेवी का स्वागत करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उन्हें भारतीय रग्बी के भविष्य को आकार देते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। वैसाले सेरेवी फिजी के भूतपूर्व रग्बी यूनियन फुटबॉल खिलाड़ी और कोच हैं और वर्ल्ड रग्बी हॉल ऑफ फेम के सदस्य हैं। सेरेवी रग्बी सेवन्स में अपनी उपलब्धियों के लिए प्रसिद्ध हैं, साथ ही क्लब और राष्ट्रीय टीम दोनों स्तरों पर पंद्रह-ए-साइड रग्बी में एक लंबे करियर का भी आनंद ले रहे हैं।

### टी-20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श गेंदबाजी के लिए उपलब्ध



**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने 2024 टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में गेंदबाजी के लिए खुद को तैयार घोषित किया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया को एंटीगुआ में बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले एक और विकल्प मिल सके। मार्श ने हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल छोड़ने के बाद से गेंदबाजी नहीं की है और उनकी वापसी के लिए सतर्क दृष्टिकोण अपनाया गया है। मार्श ने गुरुवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा मैं गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहूंगा। हमारे पास जो लाइन-अप है, उसे देखते हुए मुझे वास्तव में गेंदबाजी करने की आवश्यकता नहीं दिखती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस प्रारूप में विकल्प होना वास्तव में महत्वपूर्ण है और हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं। ऑस्ट्रेलिया को मार्श के गेंदबाजी से दूर रहने के कारण कोई कमी महसूस नहीं हुई है, क्योंकि मार्कस स्टोइनिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सुपर आठ में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए 12 ओवर स्पिन का इस्तेमाल किया। अगर ऑस्ट्रेलिया ने एश्टन एगर को दूसरे फ्रंटलाइन स्पिनर के रूप में फिर से मैदान में उतारा और फैसला किया।

### मार्नस लाबुशेन को 2024-25 सत्र के लिए क्वींसलैंड का कप्तान नियुक्त किया गया



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को 2024-25 सत्र के लिए क्वींसलैंड का कप्तान नियुक्त किया गया है। लाबुशेन अपने हमवतन उस्मान ख्वाजा की जगह लेंगे, जो बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। 29 वर्षीय लाबुशेन ने पिछले सीजन में मार्श कप और शेफील्ड शील्ड में क्वींसलैंड का नेतृत्व किया था। क्वींसलैंड ने 2007-08 के बाद पहली बार सबसे निचले स्थान पर रहते हुए सीजन का अंत किया और 50 ओवर के टूर्नामेंट में पांचवें स्थान पर रहा। वह नए कोच जोहान बोथा के साथ जुड़ेंगे और पिछले सीजन के खराब प्रदर्शन के बाद टीम को ऊपर उठाने की कोशिश करेंगे। टी20 विश्व कप में जगह बनाने से चूकने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज वर्तमान में ग्लैमरगन के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में अपने करियर का 150वां प्रथम श्रेणी मैच भी खेला। क्वींसलैंड के लिए, उन्होंने 67 शील्ड गेम खेले हैं और 4345 रन बनाए हैं, जिसमें 11 शतक शामिल हैं।



**बेंगलुरु। एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 27 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो बेंगलुरु के साई सेंटर में 21 जून से शुरू होगा और 8 जुलाई तक चलेगा। हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया, यह शिविर महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय टीम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय पुरुष टीम को बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। वे 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने ओलंपिक अभियान की शुरूआत करेंगे। टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में सफल प्रदर्शन के बाद शिविर में लौटी है, जहां वे वर्तमान में 16 मैचों में 24 अंक अर्जित करने के बाद चौथे स्थान पर हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शिविर के महत्व के बारे में बताया।

फुल्टन ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण खंड शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों। खिलाड़ियों ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अपने मैचों से बहुत कुछ सीखा है। इससे हमें यह समझने में मदद मिली है कि हमें कहां सुधार करने की आवश्यकता है। हमारे पास उन क्षेत्रों पर काम करने के लिए बहुत समय है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ियों का एक मजबूत मिश्रण है जो कुछ भी जीतने में सक्षम हैं।

**राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय कोर समूह इस प्रकार है:-**

कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, आमिर अली, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल।

## भारतीय टीम के अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र 2024-25 की शुरुआत सितंबर से

- भारत बांग्लादेश, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को 2024-25 के लिए टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) के बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की लिए कार्यक्रमों की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरुआत सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट सीरीज से होगी, जिसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी। चेन्नई 19 सितंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा जबकि कानपुर 27 सितंबर से दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। तीन टी20 मैच धर्मशाला, दिल्ली और हैदराबाद में क्रमशः 6, 9 और 12 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की रोमांचक टेस्ट सीरीज होगी, जिसका पहला टेस्ट 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होगा। पुणे और मुंबई क्रमशः 24 अक्टूबर और 1 नवंबर से दूसरे और तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेंगे।

नए साल के आगमन पर एक रोमांचक व्हाइट-बॉल मुकाबला देखने को मिलेगा, जिसमें इंग्लैंड पांच टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा करेगा। इंग्लैंड और भारत के बीच पहला टी-20 22 जनवरी को चेन्नई, दूसरा 25 जनवरी को कोलकाता, तीसरा 28 जनवरी को राजकोट, चौथा 31 जनवरी को पुणे और पांचवां 2 फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा। वहीं तीन एकदिनी मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 6 फरवरी को नागपुर, दूसरा 9 फरवरी को कटक और तीसरा 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

### भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का निधन



नई दिल्ली। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का गुरुवार को बेंगलुरु में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1996 में दो टेस्ट मैच खेले थे और तीन विकेट लिए थे। जॉनसन की बेंगलुरु में एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के बाद मौत हो गई। उनके करीबी लोगों के अनुसार, जॉनसन को पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका घरेलू करियर 39 प्रथम श्रेणी मैचों तक फैला रहा, जिसमें उन्होंने 125 विकेट लिए। उन्होंने चार बार पांच विकेट और एक बार दस विकेट भी लिए। जॉनसन सबसे तेज भारतीय गेंदबाजों में से एक थे और घरेलू सर्किट में उनके प्रदर्शन (1995-96 के रणजी ट्रॉफी सत्र के दौरान केरल के खिलाफ 152 रन देकर 10 विकेट) ने उन्हें भारतीय टीम में जगह दिलाई। उन्होंने 1996 में नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में अपना टेस्ट डेब्यू किया। ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के दौरान वे माइकल स्लेटर को आउट करने में सफल रहे। दाएं हाथ के गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका दौरे का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें केवल पहले टेस्ट में खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने हर्शल गिब्स और ब्रायन मैकमिलन के विकेट लिए। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पर अपनी संवेदना व्यक्त की। शाह ने लिखा, हमारे पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। भारत के पूर्व कोच और दिग्गज लेग-स्पिनर अनिल कुंबले ने लिखा मेरे क्रिकेट साथी डेविड जॉनसन के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। बहुत जल्दी चले गए 'बेनी'।

## चेन्नईयिन एफसी ने ब्राजीली मिडफील्डर लुकास ब्रैम्बिला के साथ किया करार



- युवा भारतीय खिलाड़ियों को उसके रचनात्मक कौशल से लाभ मिलेगा
- वह गोल करते हैं, गोल बनाते हैं, सेट-प्ले डिलीवरी करते हैं और टीम में आने से उत्साहित हैं

**चेन्नई। एजेंसी**

चेन्नईयिन एफसी ने 2024-25 सत्र से पहले एक साल के लिए ब्राजील के मिडफील्डर लुकास ब्रैम्बिला के साथ करार किया है। लुकास ब्रैम्बिला साइप्रस के शीर्ष स्तरीय क्लब ओथेलोस एथिनोउ से मरीना माचांस (चेन्नईयिन एफसी का दूसरा नाम) में शामिल हो गए हैं। फुटबॉल क्लब ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, चेन्नईयिन एफसी 2024-25 सत्र से पहले अपने रोस्टर में मिडफील्डर लुकास ब्रैम्बिला को शामिल करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने दुनिया भर की विभिन्न लीगों में खेला है और क्लब में उनके पास अनुभव और कौशल का खजाना है। चेन्नईयिन के साथ एक साल के करार पर जुड़ते हुए, मिडफील्डर का आगमन 2024-25 सत्र के लिए क्लब का नौवां हस्ताक्षर और एल्सिन्हो डायस, चीमा चुक्वू और विलमर जॉर्डन गिल के बाद उनका चौथा विदेशी अधिग्रहण है।

चेन्नईयिन एफसी के साथ करार पर 29 वर्षीय लुकास ने कहा मैं इस महान क्लब में शामिल होकर बहुत खुश और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उम्मीदें बहुत बड़ी हैं और मैं इस शर्ट को पहनने और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का और इंतजार नहीं कर सकता। हेड कोच ओवेन कॉयल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ब्रैम्बिला एक रोमांचक खिलाड़ी हैं और अपने रचनात्मक कौशल से टीम को लाभ पहुंचाएंगे। कॉयल ने विज्ञप्ति में कहा लुकास ब्रैम्बिला एक बहुत ही रोमांचक खिलाड़ी हैं और वह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिनके बारे में हम बात कर रहे थे। खासकर युवा भारतीय खिलाड़ियों को उसके रचनात्मक कौशल से लाभ मिलेगा।

वह गोल करते हैं, गोल बनाते हैं, सेट-प्ले डिलीवरी करते हैं और टीम में आने से उत्साहित हैं। ब्राजीलियों के साथ क्लब में हमें जो शानदार खुशी मिली है। यह राफा के साथ मेरे काम करने के समय के समान है और ब्रैम्बिला उसी तरह के हैं।

वह एक शानदार मनोरंजक, अच्छी तरह से कुशल और ब्राजीली फुटबॉल क्लब के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की इच्छा के साथ आते हैं। इसलिए हम उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा लड़कों को उनके हस्ताक्षर के लिए बहुत प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। पिछले साल साइप्रस में उनके शानदार सत्र और फिर से एक बहुत अच्छी लीग खेलने के कारण पूरे यूरोप में उनका पीछा किया गया। इसलिए हम लुकास के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

## वालेंसिया ने रूबेन बाराजा का करार जून 2026 तक बढ़ाया



**मैड्रिड।** वालेंसिया के मुख्य कोच रूबेन बाराजा ने एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वह जून 2026 तक क्लब में बने रहेंगे। नया अनुबंध पूर्व खिलाड़ी द्वारा फरवरी 2023 में जेननारो गट्टूसो की जगह लेने के बाद से किए गए उत्कृष्ट काम के लिए एक पुरस्कार है। एक बार फिर, बाराजा ह्यूगो डूरो, पेपेलू, डिएगो लोपेज और क्रिस्टियन मॉस्केरा जैसे खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहे, हालांकि उनके दल में गहराई की कमी ला लीगा सीजन के आखिरी दो महीनों में उजागर हुई, जहां वे अपने पिछले छह मैचों में जीत हासिल करने में विफल रहे। क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, फरवरी 2023 में उनके आगमन के बाद से, रूबेन बाराजा और उनके तकनीकी कर्मचारियों ने दिन-प्रतिदिन प्रतिस्पर्धी मूल्य देने के लिए काम किया है, जो आगे भी निर्माण के लिए एक ठोस आधार होना चाहिए। इस बीच, बाराजा ने हमारे द्वारा किए गए काम को जारी रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और हमें विश्वास करना होगा कि हम किसी भी मैदान पर और किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत सकते हैं। वहीं, कोच ने कहा मैं बहुत खुश हूं और मुझे वालेंसिया में बने रहने और अपने सपने को जीने का मौका मिलने पर बहुत गर्व है।

## यूरो 2024 : जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में किया प्रवेश

**बर्लिन। एजेंसी**



जमाल मुसियाला और इल्के गुंडोगन के गोलों की मदद से जर्मनी ने बुधवार को हंगरी पर 2-0 से लगातार दूसरी जीत हासिल कर यूरो 2024 के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया, जबकि अल्बानिया ने ग्रुप चरण के दूसरे दौर में क्रोएशिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। हंगरी ने बेहतर शुरूआत की और पहले मिनट में ही गोल करने का सुनहरा मौका चूक गया।

जर्मनी के गोलकीपर मैनुअल नेउर ने जोशुआ किमिच के रिटर्न पास को रोलैंड सलाई के पास पहुंचने से पहले ही रोक लिया। मैच के 22वें मिनट में विली ओर्बन ने अपने बॉक्स के अंदर गेंद को फंसा दिया, जिससे गुंडोगन को मुसियाला के लिए गोल सेट करने का मौका मिला। मुसियाला ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और जर्मनी को 1-0 की बढ़त दिला दी। हंगरी ने बराबरी के लिए बहुत जोर लगाया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और मध्यांतर तक जर्मनी 1-0 से आगे रहा। मैच दोबारा शुरू होने के बाद जर्मनी नियंत्रण में रहा। मैच के 67वें मिनट में मैक्सिमिलियन मिटेलस्टैड ने गुंडोगन को बॉक्स में स्क्वायर पास दिया, जिसे उन्होंने गोल में बदलकर जर्मनी को 2-0 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

# वाणिज्य

## किसानों के बाद मध्य आय वर्ग को राहत की उम्मीद

**नई दिल्ली। एजेंसी**



किसानों को राहत देने के लिए 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाने के बाद केंद्र सरकार मध्य आय वर्ग को भी राहत पहुंचाने वाली है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल जुलाई में केंद्र सरकार लघु बचत योजनाओं (एसएसएस) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का फैसला ले सकती है। केंद्र सरकार तिमाही आधार पर लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा करती है। इसके आधार पर इन योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव करने का फैसला लिया जाता है। इसके पहले मार्च के अंतिम सप्ताह में अप्रैल से लेकर जून 2024 तक के लिए लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों को तय किया गया था। अब अगले सप्ताह केंद्र सरकार लघु बचत योजनाओं की समीक्षा के बाद ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला ले सकती है।

इन लघु बचत योजनाओं में सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई), पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (एनएससी), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) और महिला सम्मान बचत योजना जैसी योजनाएं शामिल है। इसके अलावा मंथली इनकम स्कीम और किसान विकास पत्र जैसी योजनाएं भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

### डीजीसीए ने समुद्री विमान परिचालन के लिए नियमों को बनाया आसान

**मुंबई/नई दिल्ली।** निमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सरकार की प्रमुख क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' के तहत समुद्री विमान परिचालन से जुड़े नियमों को आसान बना दिया है। डीजीसीए ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि संशोधित मानदंड बुनियादी ढांचा प्रक्रियाओं, पायलट प्रशिक्षण की जरूरतों और विनियामक अनुपालन को सुव्यवस्थित करेंगे। इससे दूरदराज के क्षेत्रों तक समुद्री विमान सेवाओं के पहुंचने का रास्ता साफ होगा। संशोधित विनियमों में समुद्री विमान परिचालन के लिए आसान प्रशिक्षण आवश्यकताएं और सरलीकृत अनुमोदन प्रक्रियाएं शामिल की जाएंगी। कार्य समूह द्वारा उक्त विनियामक ढांचे को युक्तिसंगत बनाने और उसमें संशोधन की सिफारिश के बाद संशोधित विनियम लागू किए गए हैं। विमान नियामक के अनुसार नए मानदंडों के तहत, वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस वाले पायलट अब विश्व स्तर पर किसी भी आईसीएओ से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संगठन में प्रशिक्षण लेकर सीप्लेन-रेटेड पायलट के रूप में अर्हता हासिल कर सकते हैं।

## शेयर बाजार पर दबाव सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के तुरंत बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि बिकवाली के दबाव के बीच खरीदार भी लगातार लिवाली का जोर बनाने की कोशिश करते रहे, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोटक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 1.34 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एचडीएफसी लाइफ, सन फार्मास्यूटिकल्स, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.67 प्रतिशत से लेकर 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,194 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

### एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का आईपीओ 25 जून को

**मुंबई/नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 जून को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी की योजना 1,500 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि उसका आईपीओ 25 से 27 जून तक खुला रहेगा, लेकिन बड़े निवेशक 24 जून को शेयर खरीद सकेंगे। इसके लिए मूल्य दायरा 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आरंभिक शेयर बिक्री में एक हजार करोड़ रुपये मूल्य के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम है। ब्रोकिंग कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के बाद कंपनी का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 7,860 करोड़ रुपये आंका है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त 720 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कर्ज भुगतान के लिए करेगी, जबकि एक हिस्सा सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा।

## भारत की वित्तीय प्रणाली बहुत मजबूत स्थिति में है : शक्तिकांत

- आरबीआई की समय पर कार्रवाई के बाद असुरक्षित ऋणों में कमी आई



**मुंबई। एजेंसी**

भारत की घरेलू वित्तीय प्रणाली कोरोना महामारी से पहले की तुलना में अब ज्यादा मजबूत स्थिति में है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को 'वित्तीय प्रणाली को लचीला, भविष्य के लिए तैयार और संकट से निपटने में सक्षम' बनाए रखने से जुड़े एक सत्र के उद्घाटन के बाद संबोधित करते हुए यह बात कही। शक्तिकांत दास मुंबई में इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान परिसर में वित्तीय लचीलेपन पर वैश्विक सम्मेलन में कहा कि हमारा घरेलू वित्तीय तंत्र अब ज्यादा मजबूत स्थित में है। उन्होंने कहा कि समय पर की गई हमारी कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज की वृद्धि धीमी हुई। यदि ध्यान नहीं दिया गया तो असुरक्षित कर्ज की कमजोरियां एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। आरबीआई गवर्नर ने कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स द्वारा आयोजित वित्तीय लचीलेपन पर दूसरे वैश्विक सम्मेलन में कहा कि मजबूत पूंजी पर्याप्तता, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का निम्न स्तर और स्वस्थ लाभप्रदता देश के बैंकिंग और गैर-बैंकिंग उधारदाताओं की पहचान बन चुकी है। शक्तिकांत दास ने कहा कि मैं बैंकों और अन्य वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में इस तरह के शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देना चाहता हूं।

# मादक पदार्थों पर रोक हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला

संवाददाता

**रामगढ़।** गुरुवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में मादक पदार्थों पर रोक हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पतरातु श्रीमती अनुपमा मिंज ने उपायुक्त व अन्य को 19 जून से 26 जून तक चलाए जाने वाले मादक पदार्थों पर रोक हेतु जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी दी साथ ही 26 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस की तैयारियों पर भी जानकारी दी। अभियान के दौरान नशे में गिरफ्त लोगों को संरक्षण करने का प्रयास किया जाएगा एव उन सभी लोगों के प्रवास



की व्यवस्था हेतु उपाय भी किये जाएंगे।कार्यशाला के दौरान उपायुक्त श्री चंदन कुमार ने 26 जून तक चलाए जा रहे अभियान को और भी प्रभावी तरीके से चलाने तथा ज्यादा से ज्यादा युवाओं व अन्य लोगों को कार्यक्रमों से जोड़ते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

ने कहा कि शैक्षणिक स्थलों, स्कूल कॉलेज आदि के 100 मी के दायरे में नशीली पदार्थ की बिक्री करना दंडनीय अपराध है इस संबंध में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से जांच अभियान चलाने कोटपा सहित अन्य नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। कार्यशाला के उपरांत उपायुक्त श्री चंदन कुमार ने नशे पर रोक लगाने के उद्देश्य से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जा जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति रोक लगाने हेतु जागरूक करने का काम करेगी। कार्यशाला में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता श्रीमती कुमारी अंजली, जिला खनन पदाधिकारी श्री निशांत कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती रंजीत टोप्पो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी,जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंड के सीडीपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

संवाददाता

**रामगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने की उपायुक्त ने सभी जिले वासियों से की अपील। 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कल दिनांक 21 जून 2024 को रामगढ़ शहर के सिदो कान्हू मैदान में प्रातः 6:00 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस संबंध में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिदो कानों मैदान रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने एवं योग अभ्यास करने की अपील की है। गौरतलब होकि भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के



निदेर्शानुसार 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के तत्वाधान में जिला आयुष समिति रामगढ़ के द्वारा सिदो कान्हू, मैदान रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है वहीं जिला आयुष समिति रामगढ़ द्वारा जिलेवासियों, मीडिया प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों सहित अन्य सभी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

# भाकपा माले ने मनाया प्रतिवाद दिवस

संवाददाता

**रामगढ़ ।** भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी के तत्वावधान में गुरूवार को माले प्रखंड सचिव कॉमरेड नरेश बड़ाईक एवं मनोज मांझी के नेतृत्व में अरुंधती राय और डॉ शेख शौकत हुसैन के ऊपर यूएपीए लादे गए मुकदमे के खिलाफ भाकपा माले का देश व्यापी प्रतिरोध कार्यक्रम के तहत हुरुमगढा. भुरकुंडा में प्रतिवाद दिवस मनाया गया।

इस दौरान दमनकारी कानूनों को खत्म करो, सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करो, अरुंधती राय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करो आदि के नारा भी बुलंद किया गया। मौके पर माले के प्रखंड सचिव नरेश बड़ाईक ने कहा कि केंद्र की भाजपानीत मिली-जुली सरकार का गठन होते ही अरुंधती राय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए लगाने की अनुमति देकर नई



सरकार ने अपनी तानाशाही की मंशा को उजागर कर दिया है। यह अभिव्यक्ति की आजादी और असहमति के अधिकार पर हमला है। उन्होंने कहा कि भाकपा माले 21 जून को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवाद दिवस मनाया गया और लोकतंत्र की हत्या की साजिश के खिलाफ सड़कों पर एकजुट होकर तमाम लोकतांत्रिक शक्तियों को उतरने का आह्वान करती है। विगत चुनाव में तमाम संस्थाओं का दुरपयोग कर भी भाजपा सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं जुटा पाई और झारखंड समेत पूरे देश में मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ लोग उठ खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज के साथ-साथ सड़कों पर लोकतांत्रिक आंदोलनों के जरिए ही संघ-भाजपा के तानाशाही के मंसूबों को पस्त किया जा सकता है। पहले स्टेन स्वामी की न्यायिक हत्या और तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की साजिशन गिरफ्तारी को प्रदेश की जनता भुली नहीं है।

## सभी राजनीतिक कैदियों को अविलंब रिहा करो, देशव्यापी प्रतिवादः भाकपा-माले

संवाददाता

**रामगढ़।** सिउर ग्राम के बिरसा मुंडाचौक में भाकपा-माले द्वारा देशव्यापी प्रतिवाद के तहत नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए ऐक्टू के राज्य उपाध्यक्ष अमल घोषाल ने कहा कि पिछले 18 जून 2024 को फिर से एक बार केंद्र में भाजपानीत मोदी एनडीए की मिली जुली सरकार की बनते ही एक पुराने केश को आधार बनाकर जाने माने लेखिका अरुंनधति रॉय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपिए लगाने वाले नई सरकार ने तानाशाही को दिखाना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला हुआ है। जबकि पुरे देश में भाजपानीत मोदी के खिलाफ जनमत संग्रह हुआ है। इससे पहले मानवाधिकार कार्यकर्ता फादर स्टेन स्वामी की न्यायिक हिरासत में हत्या हो चुकी है। आज भी तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिशन जेल में बंद रखा गया



है। इसलिए भाकपा-माले मांग करती है कि तमाम राजनीतिक कैदियों को अविलंब रिहा किया जाए। अरूंधति रॉय और डॉ शेख शौकत हुसैन के उपर लगाया गया धारा यूएपिए को रद्द किया जाए*। तथा अन्य दमनकारी कानूनों को रद्द किया जाए।अन्यथा झारखण्ड की जनता इस तानाशाही सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी। इस नुक्कड़ सभा में ऐक्टू के राज्य उपाध्यक्ष अमल घोषाल, ब्रांच सचिव बाटेश्वर मुंडा, धनीराम प्रजापति,इनौस के जिला सचिव विनेश मुंडा, मौसम उरांव,बालदेव रजवार,झल्लू प्रजापति, सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## पंचायत सचिव व जनसेवकों के पंचायतों का किया आंशिक फेरबदल

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड विकास पदाधिकारी अनु प्रिया द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिवों का कार्यक्षेत्र में आंशिक फेरबदल करते हुए अपने अपने आवंटित पंचायतों में एक सप्ताह के अंदर योगदान देने का निर्देश जारी किया है।बीडीओ अनु प्रिया द्वारा निर्देश के तहत हरिहर प्रसाद पंचायत सचिव को होन्हेमोढ़ा,लाल बहादुर महथा को रबोध,शक्ति राम बेदिया को टोंगी और रेलीगढ़ा पूर्वी,प्रभु नारायण सिंह को कनकी एवं हुवाग, पुष्पा कुमारी को डाडी तथा प्रमोद कुमार कश्यप को हेसालोंग पंचायत का कार्यभार आवंटित किया गया है। साथ ही निशा कुमारी एवं अरुण कुमार यादव के प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग से प्रशिक्षणोपरान्त वापस आने के बाद आवंटित पंचायत का प्रभार ग्रहण किया जाएगा।

## अरगड्डा कॉलोनी में आठ घंटे से भी अधिक समय से बिजली गुल



संवाददाता

**गिद्दी।** अरगड्डा नीचे धोड़ा समेत आस-पास के मजदूर कॉलोनी क्षेत्रो में गुरुवार सुबह 10 बजे से बिजली गायब है। जिसके कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बताया जाता है कि बीते दिन आंधी वर्षा आने के बाद कई जगह पर बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए थे।जिसे ठीक करने का काम बिजली विभाग द्वारा किया जा रहा था। इधर सिरका परियोजना कार्यालय समेत अगल-बगल के इलाके में दोपहर 2 बजे के बाद बिजली अचानक चली गई। इससे भी कर्मचारी व लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। जीएम ऑफिस कॉलोनी, टोंगी गांव में बिजली के तार टूट गए थे। जिसे ठीक करने का कार्य जारी था। समाचार लिखे जाने तक अरगड्डा-सिरका के अधिकांश जगहों पर बिजली गुल है।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का रामगढ़ के सुभाष चौक में हुआ स्वागत

संवाददाता

**रामगढ़।** केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी का दिल्ली से कोडरमा जाने के क्रम में रामगढ़ के सुभाष चौक पर गुरुवार को जोरदार स्वागत किया गया' रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया' केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सुभाष चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने बुके देकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया' स्वागत की उपरांत केंद्रीय मंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया' माल्यार्पण के पूर्व केंद्रीय मंत्री ने नेताजी के गले में पड़े सूखे और पुराने फूल के मालाओं को साफ करने को कहा' प्रतिमा को साफ करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने माल्यार्पण किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड संदेश से बातचीत करते हुए कहा कि 2024 चुनावी वर्ष है' चुनाव को लेकर पार्टी का निरंतर मंथन चलता रहता है' उन्होंने कहा कि दिल्ली में पार्टी की बैठक हुई है। लक्ष्य हमारा झारखंड जीत हैं। हमारा लक्ष्य है कि



ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर झारखंड में एक मजबूत सरकार बनाएं। उनसे पूछा गया कि झारखंड में गठबंधन होगा क्या? इस पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह पार्टी का विषय है'केंद्रीय मंत्री का स्वागत करने वालों में भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता, वरिष्ठ नेता कुंटू बाबू, उमेश प्रसाद,महेंद्र प्रजापति, जेपी सिंह, मनोज जायसवाल,सुबोध सिंह, शिवकुमार गुप्ता,अजीत चौहान, मिथिलेश मंडल, बृजेश पाठक, सारिका राठौर, शीतल सिंह, मेनका देवी, धीरज साहू, राजेश ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, गुरजीत सिंह, प्रफुल्ल त्रिपाठी, जीतू यादव, प्रवीण कुमार सोनू, इलारानी पाठक आदि शामिल थे।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सांसद मनीष जायसवाल ने किया स्वागत भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी का गुरुवार को हजारीबाग परिसदन सभागार में आगमन हुआ। जहां पहले से जनसमस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बैठक कर रहें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने उनसे शिष्टाचार भेंट किया और हजारीबाग की धरती पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका कार्यकताओं संग हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की धरती पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का स्वागत किया। बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी बैठक में मौजूद रहें।

## अंबा प्रसाद की मेहनत का असर, पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब 50 बेड का बनेगा

संवाददाता

**पतरातु।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का भवन 30 बेड के स्थान पर अब 50 बेड का बनेगा। क्षेत्रीय विधायक अंबा प्रसाद की मेहनत रंग लाई है। विधायक ने इस मामले को लेकर विधानसभा में कई बार मामला उठा चुकी है।

इस मामले को लेकर विधायक ने स्वास्थ्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव एवं उपायुक्त रामगढ़ से मुलाकात करके सुविधा अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन को 30 बेड के स्थान पर 50 बेड स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की पहल की ।

जिसके बाद अंततः भवन निर्माण विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 50 बेड का अस्पताल बनाने में लगभग 12 करोड़ 68 लाख 78 हजार की लागत आएगी।

ज्ञात हो कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भवन निर्माण में अनियमिताओं का हवाला देकर निर्माण कार्य को रोक दिया गया था। जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो



पहुंचकर इस संबंध में एनओसी दिलवाने का कार्य किया। विधायक ने इस अवसर पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि कई वर्षों की मेहनत रंग लाई है। अब पतरातू प्रखंड वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी।

पुराना भवन काफी जर्जर स्थिति में था। जिसके लिए विधायक लगातार प्रयास कर रही थी कि 30 बेड की क्षमता को बढ़ाकर 50 बेड का किया जाए। किए गए प्रयासों का सुःखद परिणाम देखने को मिल रहा है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया निष्पादित करते हुए, निर्माण कार्य को धरातल पर उतारने का कार्य किया जाएगा।

**आनंद साईं दरबार का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह 24 जून को पालकी यात्रा**

## 25 जून को हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन

संवाददाता

**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह 24 जून से आरंभ होगा। समारोह की तैयारियों को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक 19 जून को मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई।

जिसकी अध्यक्षता नंदकिशोर प्रसाद एवं संचालन मनोज मंडल ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी अरुण कुमार महतो द्वारा किया गया। जबकि बैठक में मुख्य रूप से मंदिर प्रबंधन समिति के अमित कुमार सिन्हा मौजूद थे। बैठक में उन्होंने बताया कि आनंद साईं दरबार के 14वें स्थापना दिवस समारोह के तहत 24 जून को शाम 4:00 बजे पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

25 जून को प्रातः 9:00 बजे हवन एवं पूजन का आयोजन होगा। वहीं, 26 जून को अपराहन 12:30 बजे से अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 जून को आयोजित किये जानेवाले पालकी यात्रा को सफल बनाने में शैलेंन्द्र ठाकुर,



रोहित कुमार गुप्ता, मल्लिका दत्ता, शरद सिन्हा, अजीत जयसावल, अजीत कुमार,विनोद जायसवाल और सुभाशीष योगदान देंगे।

जबकि 25 जून को आयोजित होनेवाले हवन एवं पूजन में मुख्य यजमान के रूप में नंदकिशोर प्रसाद शामिल होंगे।

वहीं, 26 जून को आयोजित होनेवाले अटूट भंडारे को सफल बनाने में सुबोध सिन्हा,कृष्णा ठाकुर, अरविंद अग्रवाल, विनोद साव, राजेश प्रसाद, जीतू अग्रवाल ,विनोद जायसवाल, शशि पांडे, अरूण महतो और शैलेन्द्र ठाकुर योगदान देंगे।

मौके पर शैलेन्द्र ठाकुर, शीतल हि, अरविंद कुमार अग्रवाल, सविता देवी, बसंत कुमार, मालती देवी, गुंजन देवी, शैलेन्द्र ठाकुर, दीपू अग्रवाल, रोहित कुमार गुप्ता, अरूण कुमार महतो,शशि पांडे, अशोक शर्मा, अनिल साव, सुमित कुमार, पंकज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# डाडी प्रखंड सभागार में बीएलबीसी की बैठक में दिये गये कई निर्देश

संवाददाता

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड सभागार में बीएलबीसी की बैठक का आयोजन अग्रणी जिला प्रबंधक एलडीएम हजारीबाग की अध्यक्षता किया गया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न बैंक शाखाओं के बैंक प्रबंधक के साथ-साथ प्रखंड के विभिन्न विभागों की पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से केसीसी के संबंध में चर्चा की गई। बैंकों को प्रेषित केसीसी आवेदन का निपटारा जल्द से जल्द करने का निर्देश बैंकों को दिया गया। साथ ही नए आवेदन लेने हेतु सभी को निर्देश दिया गया। किसान मित्रों को बैठक बुलाकर उनसे अधिक से अधिक आवेदन लेने का भी निर्णय लिया गया।

मनरेगा लाभुकों को बैंक खाता का केवाईसी के संबंध में हो रही



दिक्कत के संबंध में भी चर्चा की गई। जिसमें एनपीसीआई मैपिंग और आधार मैपिंग आदि के संबंध में चर्चा भी की गई। इसमें बैंक के द्वारा यह जानकारी दी गई कि एनपीसीआई मेपिंग लिस्ट और आधार के साथ लाभुकों का मोबाइल नंबर आदि बैंक को उपलब्ध कराने से केवाईसी में हो रहे दिक्कतें दूर की जा सकती है। इसी तरह अबुआ आवास के लाभुकों को भी पेमेंट में आ रही दिक्कत, जिसमें ई केवाईसी नहीं होने के कारण जो कठिनाइयां होती है।

उसमें भी यही प्रक्रिया अपनाने की सलाह दी गई है। सामाजिक सुरक्षा के तहत भी लाभुकों को केवाईसी में हो रही दिक्कत का समाधान इसी तरह करने की सलाह दी गई। साथ ही साथ सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशनधारी के केवाईसी तथा मृत्यु हो गए पेंशन धारकों उनका पेमेंट का रिकवरी या फिर जो उनके आश्रित है। उनको मृत्यु की तिथि से पहले तक देने हेतु निर्णय प्रखंड से करने का आग्रह बैंकों के द्वारा किया गया। जेएसएलपीएस के तहत एसएचजी ग्रुप का फर्स्ट लिंकेज और एनहैंसमेंट लिंकेज ज्यादा से ज्यादा एसएचजी को इस माह करने हेतु निर्देश दिया गया है। जेएसएलपीएस से जितना एसएचजी समूह है। उन्हें बैंकों के द्वारा पासबुक उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। प्रत्येक बैंक शाखा में एसएचजी को लोन देने हेतु कैंप लगाने का भी निर्देश दिया गया। जिसके तहत इस माह बैंक ऑफ इंडिया गिद्दी के द्वारा कैंप लगाने का निर्णय लिया गया है। उद्योग विभाग के द्वारा भी पीएम एजीपी और पीएम एफएम योजना हेतु कम से कम पांच आवेदन प्रत्येक माह बैंक शाखों को जेएसएलपीएस के संबंध में स्थापित कर भेजने हेतु निर्देश दिया गया। इसके अलावा केसीसी आदि में बैंकों को सहयोग करने के उद्देश्य से सभी बैंक शाखाओं में सप्ताह में कम से कम एक दिन किसान मित्र को बैंक में सहयोग हेतु रहने का आग्रह किया गया है। इस प्रकार आज के बीएलबीसी की बैठक में मुख्य रूप से अग्रणी जिला प्रबंधक हजारीबाग राकेश आजाद, बीएओ देवेंद्र कुमार, बीपीआरओ अजीत कुमार तिवारी, बैंक ऑफ इंडिया रेलीगढा के शाखा प्रबंधक इरविन डुंगडुंग, पंजाब नेशनल बैंक, गिद्दी के शाखा प्रबंधक मृणाल जॉन खेस, बैंक ऑफ इंडिया गिद्दी के उप शाखा प्रबंधक राजा रत्नेश, और बैंक ऑफ इंडिया बलसगरा के शाखा प्रबंधक केशव कुमार साहू, बीपीएम जेएसएलपीएस सुधीर कुमार गुप्ता, सीएफएल प्रभारी राकेश कुमार, उद्योग विभाग के समन्वयक आकाश रजक, शिक्षा विभाग से बीपीएम आलोक चतुवेर्दी, एटीएम अनिल कुमार सिन्हा, मनरेगा के लेखा सहायक अमित तिग्गा आदि मौजूद थे।

## पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं : आजसू



संवाददाता

**रामगढ़।** सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी ओर विधायक श्रीमति सुनिता चौधरी के निदेर्शानुसार मानसून प्रवेश करते ही रामगढ़ विधानसभा में पौधा लगाने का कार्यक्रम शुरू की गई ' इसकी शुरूआत रामगढ शहर के वार्ड नं 4 मां मनसा देवी मंदिर के प्रांगण में आम, पीपल, कठहल, गुलमोहर विभिन्न प्रकार के पौधा लगाकर शुरूआत की गई ' मौके पर आजसू नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल ने कहा की हम सभी लोग का कर्तव्य बनता है कि अपने अपने घर मौहल्ला में एक एक पेड़ लगानी चाहिए जिससे आने वाले समय के लिए वातावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। इस मौके पर सकल्प लिया गया की रामगढ़ विधानसभा में दस हजार पौधा लगाने का लिया गया ' मौके पर नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, वार्ड नं 4 प्रभारी लेख राज महतो, नगर संगठन सहसचिव टिंकू कुशवाहा, संतोष मुंडा, बिनोद लाला सहित कई लोग मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9262578999